सूर्योदय 7:15 सूर्यास्त 5:39

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.0 न्यू | 13.9 अधि |
| धर्मशाला | 6.5 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 77964.99 |
| निफ्टी | 23616.05 |
| सोना 78,710 | चांदी 94,121 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



मंधाना को आयरलैंड के खिलाफ टीम की कमान

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | मंगलवार, 7 जनवरी 2025 | 24 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 20, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

# प्रयागराज में महाकुंभ का काउंटडाउन शुरू; सबसे बड़ा त्योहार, अखाड़े तैयार

**प्रयागराज** में 12 साल बाद शुरू होने वाले महाकुंभ मेले की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 13 जनवरी से महाकुंभ का शुभारंभ हो जाएगा, जिसका समापन 26 फरवरी को होगा। ज्यादातर अखाड़े महाकुंभ पहुंच चुके हैं। इस साल भी लाखों भक्त त्रिवेणी संगम पर स्नान करेंगे...




छह दिन शेष

**देवताओं** ने इंद्र के बेटे जयंत को भेजा, जिसने पक्षी का रूप लेकर धोखे से अमृत कलश चुरा लिया और स्वर्ग में छिप गया।

### प्रमुख स्नान पर्व

13 जनवरी 2025 : पौष पूर्णिमा
14 जनवरी 2025 : मकर संक्रांति
29 जनवरी 2025 : मौनी अमावस्या
3 फरवरी 2025 : बसंत पंचमी
12 फरवरी 2025 : माघ पूर्णिमा
26 फरवरी 2025 : महा शिवरात्रि

### राक्षसों ने अपने पास रखा अमृत कलश

समुद्र मंथन से निकले अमृत कलश को लेकर देवताओं और राक्षसों में हुए युद्ध में राक्षस अमृत को देवताओं से छीनकर अपने पास ले गए।

### जयंत के साथ 4 और देवताओं को भेजा

**चंद्रमा को कलश छलकने से बचाना था।**
**सूर्य को कलश टूटने से बचाना था।**
**बृहस्पति को राक्षसों को रोकना था।**

शनि को इंद्रदेव के पुत्र जयंत की निगरानी करनी थी कि वह सारा अमृत खुद न पी जाए।

### हरिद्वार, नासिक व उज्जैन में भी होता है महाकुंभ

दंतकथा के मुताबिक, देवताओं ने राक्षसों से अमृत कलश चुरा तो लिया, लेकिन इसे स्वर्ग तक ले जाते हुए रास्ते में इसकी चार बूंदें छलक गईं। ये चार बूंदें पृथ्वी पर हरिद्वार, प्रयाग, नासिक और उज्जैन पर गिरीं। तभी ये चारों स्थान पवित्र हो गए और यहां स्नान से मोक्ष की प्राप्ति होने लगी।

### महाकुंभ प्रयागराज कैसे पहुंचें?

**हवाई मार्ग:** प्रयागराज का बमरौली एयरपोर्ट आयोजन स्थल से मात्र 22 किमी दूर है। **अन्य नजदीकी एयरपोर्ट:** वाराणसी (लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) लखनऊ (चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा) इन एयरपोर्ट्स से आप सड़क या रेल मार्ग के जरिए प्रयागराज पहुंच सकते हैं।

1. प्रयागराज जंक्शन प्रयागराज-रामबाग 2. प्रयाग घाट नैनी जंक्शन 3. प्रयागराज छिवकी जंक्शन, 4. दारागंज सूबेदारगंज बमरौली

**विशेष ट्रेनें :** इस बार 3,000 विशेष ट्रेनें चलाई हैं, जबकि 10,000 नियमित ट्रेनों की भी व्यवस्था की गई है। कुल मिलाकर, 13,000 ट्रेनों के जरिए तीर्थयात्री आसानी से मेला क्षेत्र तक पहुंच सकेंगे।

**सड़क मार्ग:** दिल्ली से प्रयागराज: एनएच 19, दूरी 700 किमी
लखनऊ से प्रयागराज: एनएच 30, दूरी 200 किमी (4-5 घंटे)
वाराणसी से प्रयागराज: एनएच 19, दूरी 120 किमी (3 घंटे)
कानपुर से प्रयागराज: 200 किमी (4-5 घंटे) पटना से प्रयागराज: 370 किमी (7-8 घंटे)

## न्यूज शॉर्ट्स

### शेख हसीना के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और 12 अन्य के खिलाफ जबरन गुमशुदगी और अतिरिक्त न्यायिक हत्याओं के आरोप में दूसरा गिरफ्तारी वारंट जारी किया। यह मामला शेख हसीना के शासनकाल के दौरान हुआ था, जिसमें कथित तौर पर अनेक लोगों को अवैध तरीके से गायब कर दिया गया और उनकी हत्याएं की गईं। सुनवाई के दौरान अदालत ने आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया और उन्हें 12 फरवरी तक गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने का आदेश दिया।

### महाराष्ट्र के पालघर में 3.7 तीव्रता का भूकंप



**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में सोमवार सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 3.7 रही। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप के झटकों से किसी के हताहत होने या संपत्ति के नुकसान की कोई खबर नहीं है। भूकंप सुबह 4.35 बजे दहानू तालुका में दर्ज किया गया।

### अंतरिक्ष में भेजे लोबिया के बीज में आईं पत्तियां



**बेंगलुरु।** इसरो के हाथ एक और बड़ी उपलब्धि लगी है। 30 दिसंबर को श्रीहरिकोटा से स्पैडेक्स यानी स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट मिशन लांच किया था। इसके साथ भेजे गए लोबिया के बीज में पत्तियां निकल आई हैं। अब उम्मीद है कि इसमें से जल्द ही पत्ते निकल आएंगे। इसरो ने सोमवार को इसकी तस्वीर जारी की है। दो दिन पहले अंकुरण की फोटो सामने आई थी।

### इमरान और बुशरा बीबी के खिलाफ फैसला टला



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने 19 करोड़ पाउंड के अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी के खिलाफ सोमवार को अपना फैसला 13 जनवरी तक के लिए टाल दिया। भ्रष्टाचार-रोधी अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने 18 दिसंबर को सुनवाई पूरी कर ली थी। 23 दिसंबर को फैसला सुरक्षित रखा था।

## छत्तीसगढ़ में लाल आतंक, आईईडी ब्लास्ट से उड़ाया वाहन, 8 शहीद

### ड्राइवर भी मारा गया; सड़क पर बना 10 फुट गड्ढा, ऑपरेशन पूरा कर लौट रही थी टीम

**एजेंसी, बीजापुर**

**छत्तीसगढ़** में नक्सलियों का लाल आतंक जारी है। सोमवार को बीजापुर जिले में नक्सलियों ने जवानों को लेकर जा रहे वाहन को आईईडी ब्लास्ट कर उड़ा दिया। हमले में दंतेवाड़ा की डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के 8 जवान शहीद हो गए हैं। ड्राइवर की भी मारा गया। आईजी बस्तर रेंज सुंदरराज पी ने बताया कि बीजापुर से संयुक्त दल ऑपरेशन पूरा कर लौट रहा था। दोपहर करीब सवा 2 बजे बीजापुर मुख्यालय से करीब 40 किलोमीटर दूर अंबेली गांव के पास नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट किया।

धमाका इतना जोरदार था कि सड़क पर करीब 10 फुट गहरा गड्ढा हो गया और वाहन के परखच्चे उड़ गए। गाड़ी के कुछ पार्ट्स 30 फीट दूर एक पेड़ पर 25 फुट ऊंचाई पर मिले। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) कमलोचन कश्यप ने बताया कि पुलिस को संदेह है कि नक्सलियों की ओर से वाहन को निशाना बनाने के लिए इस्तेमाल की गई शक्तिशाली बारूदी सुरंग 60–70 किलोग्राम वजन की थी और इसे बहुत पहले लगाया गया था।



### जवानों की शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी नक्सलवाद का होगा खात्मा : सीएम विष्णु देव

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आईईडी ब्लास्ट में 8 जवान और एक ड्राइवर शहीद हो गया। मैं उनकी शहादत को नमन करता हूं, उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि देता हूं। उनकी शहादत व्यर्थ नहीं जाएगी। जिस तरह से लगातार नक्सलियों को परास्त किया जा रहा है, उससे वे हताश हैं और ऐसी कायराना हरकतें कर रहे हैं। जल्द छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का खात्मा होगा और यहां शांति बहाल होगी। शनिवार देर रात अबूझमाड़ के जंगल में मुठभेड़ में एक डीआरजी जवान प्रधान आरक्षक सन्नू कारम शहीद हुए थे। वहीं, जवानों ने एक महिला नक्सली समेत 5 माओवादियों को भी मार गिराया था।

### राष्ट्रपति व शाह ने जवानों की शहादत पर जताया दुख

**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू, पीएम नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बीजापुर (छत्तीसगढ़) में आईईडी ब्लास्ट में डीआरजी के जवानों की शहादत पर शोक जताया है। शाह ने कहा कि जवानों को खोने की सूचना से अत्यंत दुखी हूं। वीर जवानों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। इस दुख को शब्दों में व्यक्त कर पाना असंभव है, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं कि हमारे जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। हम मार्च 2026 तक भारत की भूमि से नक्सलवाद को समाप्त करके ही रहेंगे।

## रोहतांग, लाहौल घाटी और नारकंडा में फिर बर्फबारी

### उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में आज भी हिमपात का पूर्वानुमान, एडवाइजरी जारी



शिमला के नारकंडा में शाम को बर्फबारी का आनंद लेते लोग।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में फिर एक बार मौसम के मिजाज बिगड़े हैं। लाहौल-स्पीति, लाहौल घाटी और शिमला जिले के नारकंडा में सोमवार को बर्फबारी हुई है। वहीं, शिमला के कुफरी और फागू में हल्की बर्फबारी हुई है।

हिमाचल की ऊंचाई वाली चोटियों में शाम तक रुक-रुक कर बर्फ का दौर जारी रहा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला की ओर से प्रदेश के उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में मंगलवार को बर्फबारी का पूर्वानुमान जताया गया है। वहीं, 11 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से कुछ भागों में फिर बारिश-बर्फबारी के आसार हैं। 12 से मौसम साफ रहने की संभावना है। निचले पहाड़ी व मैदानी इलाकों के कुछ स्थानों पर 6 से 8 जनवरी तक घना कोहरा छाए रहने का येलो अलर्ट जारी किया है। प्रदेश में हो रही बर्फबारी को लेकर प्रशासन ने एडवाइजरी जारी की है। पर्यटकों को बर्फबारी के बीच न जाने की हिदायत दी है।

प्रदेश में पहले ही बर्फबारी के चलते कई सड़कें बंद हैं, अगर बर्फबारी का दौर जारी रहता है, तो फिर सड़कें बंद हो सकती हैं। वहीं, बर्फबारी के चलते सड़कों में फिसलन भी ज्यादा बढ़ गई है।

### न्यूनतम तापमान

| | |
|---|---|
| शिमला | 5.0 डिग्री |
| भुंतर | 6.0 डिग्री |
| कल्पा | 1.6 डिग्री |
| धर्मशाला | 6.5 डिग्री |
| केलांग | -2.5 डिग्री |
| मनाली | 5.9 डिग्री |
| डलहौजी | 2.8 डिग्री |
| जुब्बड़हट्टी | 6.9 डिग्री |
| कुफरी | 1.6 डिग्री |
| कुकुमसेरी | -0.7 डिग्री |
| नारकंडा | 0.9 डिग्री |
| भरमौर | 3.3 डिग्री |
| समदो | 1.3 डिग्री |
| ताबो | -1.9 डिग्री |

### आतिशी का चुनाव आयोग को पत्र

## नई दिल्ली सीट पर वोटर लिस्ट में हो रहा घोटाला



**प्रेस कॉन्फ्रेंस में रो पड़ी आतिशी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सीएम आतिशी ने वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने व काटने को लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखा है। आतिशी ने नई दिल्ली विधानसभा सीट में वोटों की गड़बड़ी को लेकर चिंता जताई है। इससे पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आतिशी रो पड़ीं। उन्होंने रमेश बिधूड़ी पर आरोप लगाया कि वह उनके बुजुर्ग पिता को लगातार गालियां दे रहे हैं और वोट मांग रहे हैं, उन्हें दिल्ली की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- मिडिल बाजार से माल रोड के लिए लिफ्ट शुरू -पेज 3
- बिलासपुर अस्पताल में होगा पेपर लेस कार्य -पेज 6
- बिजली की तारों के लिए डंडे का जुगाड़, कब होगा पक्का इंतजाम -पेज 9
- बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: कोर्ट में दाखिल की 4,590 पन्नों की चार्जशीट -पेज 13
- छह वर्षीय रेयांश खामकर ने रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराया -पेज 14

## पर्यटन अधोसंरचना पर खर्च होंगे 2415 करोड़: सुक्खू

### मुख्यमंत्री बोले- परियोजना समय पर होगी पूरी, टूरिस्टों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने पर्यटन विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि पर्यटन क्षेत्र हिमाचल की आर्थिकी का मुख्य स्तंभ है। राज्य सरकार विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने को प्राथमिकता दे रही है, ताकि पर्यटकों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पर्यटन क्षेत्र में अधोसंरचना निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण पर आने वाले समय में 2415 करोड़ रुपए व्यय करेगी। मंडी जिले में बनने वाले शिवधाम पर 150.27 करोड़ व हमीरपुर जिले के बाबा बालक नाथ मंदिर के सौंदर्यीकरण पर 51.70 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। 78.09 करोड़ रुपए की लागत से कांगड़ा जिले के नगरोटा बगवां व पालमपुर नगर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। प्रदेश में बेहतर हवाई सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार हेलिपोर्ट का निर्माण कर रही है। उन्होंने अधिकारियों को इन परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पर्यटन विभाग को डीजीसीए शिमला जिले के संजौली, रामपुर, जिला मंडी के कंगनीधार और जिला सोलन के बद्दी हेलिपोर्ट सहित मौजूदा अन्य हेलिपोर्ट के लिए परिचालन स्वीकृति प्राप्त करने के निर्देश दिए।



### तीन जिलों में विकसित होंगे वेलनेस सेंटर

**सुक्खू** ने कहा कि 280.39 करोड़ की लागत से हमीरपुर के नादौन, कांगड़ा के नगरोटा बगवां और कुल्लू जिले के मनाली व कुल्लू में वेलनेस सेंटर विकसित किए जाएंगे। कुल्लू के नग्गर किले के संरक्षण व मरम्मत कार्य पर 8.64 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार साहसिक पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और इस कड़ी में नादौन में राफ्टिंग कांप्लेक्स और मनाली, धर्मशाला तथा शिमला में रोलर स्केटिंग रिंक का निर्माण किया जाएगा। इन पर 163.50 करोड़ व्यय होंगे।

## चीनी वायरस एचएमपीवी की भारत में दस्तक, 3 केस आए

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**चीन** में फैले ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का भारत में तीसरा केस मिला है। अहमदाबाद में सोमवार को 2 महीने के बच्चे में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का संक्रमण मिला।

यह बच्चा राजस्थान का है और इलाज के लिए अहमदाबाद पहुंचा है। इससे पहले सुबह कर्नाटक में 3 महीने की बच्ची और 8 महीने के बच्चे में यह वायरस मिला था। दोनों बच्चों की जांच बेंगलुरु के एक अस्पताल में की गई थी। अहमदाबाद में 2 महीने के बच्चे को तबीयत खराब होने पर 15 दिन पहले हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया था। उस बच्चे को सर्दी और तेज बुखार था। शुरुआत में 5 दिन तक उसे वेंटिलेटर पर भी रखा गया था। इसके बाद हुई जांचों में वायरस के संक्रमण का पता चला। कर्नाटक के दोनों केस के बारे में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी है। टेस्ट कराने पर उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। वहीं, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि यह कोई नया वायरस नहीं, हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

**कर्नाटक में दो, राजस्थान से गुजरात आया 2 माह का बच्चा पॉजिटिव**

**विकास** पार्क को रेल लिंक से जोड़ने का प्रस्ताव, हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर मिलेगा काम

## बल्क ड्रग पार्क से मिलेगी हिमाचल को नई पहचान

**राजेश शर्मा, ऊना**

**औद्योगिक** विकास की दिशा में हिमाचल प्रदेश का ऊना जिला विश्व के मानचित्र पर होगा। भले ही ऊना में कई नामी उद्योग विश्व स्तरीय पहचान रखते हैं, लेकिन बल्क ड्रग पार्क इस पहचान का एक स्तंभ होगा। यहां हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर काम मिलेगा।

इसके साथ ही बल्क ड्रग पार्क को रेल लिंक से जोड़ने का भी प्रस्ताव है। किसी भी राज्य की प्रगति और समृद्धि का मूल स्तंभ औद्योगिक विकास होता है, जो न केवल रोजगार के नए अवसर पैदा करता है, बल्कि जनजीवन में व्यापक सुधार और आर्थिक सशक्तिकरण का मार्ग भी प्रशस्त करता है। हरोली विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन बल्क ड्रग पार्क परियोजना इसी दिशा में एक निर्णायक कदम माना जा रहा है। इसी मकसद से निवेशकों को आकर्षित करने के लिए हिमाचल सरकार ने विशेष प्रोत्साहन योजनाएं भी शुरू की हैं, जिनमें लीज पर 1 रुपए प्रति वर्ग मीटर भूमि और सस्ती दरों पर बिजली आपूर्ति जैसी सुविधाएं शामिल हैं। बल्क ड्रग पार्क परियोजना से युवाओं के लिए रोजगार के असीमित अवसर उत्पन्न होंगे। (अनंत ज्ञान)



### रॉ मटेरियल तैयार होने से देश में बनेगी सस्ती दवा

**वर्ल्ड** ड्रग पार्क के शुरू हो जाने के बाद दवाइयां के रॉ मटेरियल तैयार होने से देश में सस्ती दवाई बनेंगी और लोगों को सस्ती दवाएं भी मिलेंगी। 1405 एकड़ क्षेत्र में लगभग 2000 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली इस परियोजना का उद्देश्य राज्य के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयां देना और फार्मास्यूटिकल उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल करना है। हिमाचल सरकार ने इसमें 1000 हजार करोड़ के पूंजी निवेश के साथ इसके संचालन का जिम्मा भी स्वयं लिया है। सरकार का प्रयास है कि इस परियोजना के जरिए हिमाचल के औद्योगिक परिदृश्य को एक नई दिशा दी जाए, जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा। हिमाचल में औद्योगिक विकास को गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जून महीने में अपने हरोली दौरे में बल्क ड्रग पार्क परियोजना से जुड़े 150 करोड़ रुपए की लागत वाले चार बड़े विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी थी। उद्योग विभाग के संयुक्त निदेशक अंशुल धीमान ने बताया कि बल्क ड्रग पार्क परियोजना का मुख्य उद्देश्य दवाओं के निर्माण के लिए आवश्यक सामग्री की आपूर्ति में आत्मनिर्भरता प्राप्त करना है। परियोजना के तहत बुनियादी ढांचे का विकास तीव्र गति से करने के लिए प्रतिबद्धता से जुटे हैं।

## मोदी ने किया जम्मू रेल डिवीजन व तेलंगाना चरलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन

**एजेंसी, नई दिल्ली/श्रीनगर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए जम्मू के नए रेलवे डिवीजन और तेलंगाना में चरलापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया।

पीएम ने ईस्ट कोस्ट रेलवे के रायगढ़ रेलवे डिवीजन भवन की आधारशिला भी रखी। पीएम ने कहा कि पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक ट्रांसफॉर्मेशन का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक विजिबल चेंज आया है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। 2014 तक देश में सिर्फ 35 फीसदी रेल लाइनों का इलेक्ट्रिफिकेशन हुआ था। आज हम रेललाइनों के शत-प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन के करीब हैं। 10 वर्षों में 30 हजार किलोमीटर से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। पीएम ने कहा कि जम्मू-कश्मीर आज रेल इंफ्रास्ट्रक्चर में नए रिकॉर्ड बना रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि जम्मू-कश्मीर आज रेल इंफ्रास्ट्रक्चर में नए रिकॉर्ड बना रहा है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेललाइन की चर्चा पूरे देश में है। यह परियोजना जम्मू-कश्मीर को देश के और हिस्सों के साथ और बेहतरी से जोड़ेगी। इसी परियोजना के तहत दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज चिनाब का काम पूरा हुआ है।



### देश में अभी 17 जोन और 68 डिवीजन

**जम्मू** रेल डिवीजन में पठानकोट-जम्मू-उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला (423 किलोमीटर मार्ग), बटाला (छोड़कर)-पठानकोट (68.17 किलोमीटर), भोगपुर -सिरवाल-पठानकोट (87.21 किमी.) और पठानकोट-जोगिंद्रनगर (छोटी लाइन, 163.72 किमी) शामिल हैं। देश में इस समय रेलवे 17 जोन और 68 डिवीजनों के जरिए ट्रेन सेवाओं का परिचालन करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### शहीद दिनेश की स्मृति में खेल प्रतियोगिता 11 से

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए वीर सपूत दिनेश लगवाल की स्मृति में शहीद दिनेश क्लब अंदराल द्वारा आयोजित 25वीं वार्षिक खेल प्रतियोगिता 11 जनवरी से पोहंज खेल मैदान में शुरू होगी। दिनेश के बलिदान को अमर बनाने के लिए यह प्रतियोगिता वर्ष 2000 में शुरू की गई थी। शहीद दिनेश के पिता कैप्टन भूप सिंह इस प्रतियोगिता के आयोजन के पीछे मुख्य प्रेरक हैं। उनका समर्पण इस आयोजन को हर वर्ष संभव बनाता है। दिनेश के भतीजे शिवम लगवाल ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता में 16 टीमें हिस्सा लेंगी। (अनंत ज्ञान)

### इन गांवों में कुछ दिन बाधित रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा के सहायक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि 11 केवी कश्मीर फीडर की पुरानी लाइन को बदलने का कार्य 7 से 12 जनवरी तक किया जाएगा। इस दौरान गांव भदरूं, बैहरड़, जसाई, कश्मीर, मनसाई, प्लासी और क्षेत्र के अन्य गांवों में प्रतिदिन सुबह 9 से 5 बजे तक बिजली की आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### 27 वरिष्ठ पेंशनर्स को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन का सम्मान समारोह यशपाल साहित्य सदन नादौन में आयोजित किया गया। इस समारोह में 80, 85, 90, 95 व 100 वर्ष की आयु पूरी कर चुके 27 पेंशनर्स को शॉल, टोपी व फूलों का हार पहनाकर एसोसिएशन द्वारा सम्मानित किया गया। समारोह में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष आत्मा राम शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरीश शर्मा व प्रदेश महामंत्री हुकम सिंह ठाकुर, जिला अध्यक्ष एसके कौंड़ा, महामंत्री मनोहर लाल, कांगड़ा के कल्याण भंडारी बतौर विशेष अतिथि उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता रिटायर्ड इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन नादौन के अध्यक्ष पीडी शर्मा ने की। समारोह में ऊना व मंडी के पदाधिकारियों के अलावा एसोसिएशन नादौन मुख्य संरक्षक डीएस मिन्हास, महासचिव विजय चौधरी, जगदेव सिंह, डीएस मिन्हास, जेएन ठाकुर, प्रीतम चंद, मोती राम आदि उपस्थित रहे। समारोह में प्रकाश चंद शर्मा, मनोहर लाल शर्मा, जगदीश चंद शर्मा, सुख राम मेहता, केसरो देवी, अमर नाथ कौंडल, शांति स्वरूप शर्मा, वीरबाला शर्मा, मुख्तियार सिंह, राम स्वरूप शर्मा, बंशी लाल, माधो राम, रणजीत चैधरी, मधुसूदन आदि को सम्मानित किया गया।

### गुड गवर्नेंस इंडेक्स के लिए डाटा अपडेट करें विभाग: एडीएम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एडीएम राहुल चौहान ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे जिला सुशासन सूचकांक यानी डिस्ट्रिक्ट गुड गवर्नेंस इंडेक्स



(डीजीजीआई) के लिए निर्धारित सभी 8 मुख्य विषयों और 99 संकेतकों से संबंधित डाटा को अपडेट करें और अगर किसी संकेतक या योजना में विभाग की परफार्मेंस ठीक नहीं है तो उसमें सुधार के लिए त्वरित कदम उठाएं। सोमवार को हमीर भवन में डीजीजीआई से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीएम ने कहा कि जिला हमीरपुर को वित्तीय वर्ष 2023-24 में डीजीजीआई में तृतीय पुरस्कार मिला था। वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला को प्रथम स्थान पर लाने के लिए सभी संबंधित विभाग तत्परता से साथ कार्य करें तथा डाटा की अपडेशन के लिए जिला सांख्यिकीय अधिकारी कार्यालय के साथ समन्वय स्थापित करें। बैठक में एएसपी राजेश कुमार, सहायक आयुक्त अपराजिता चंदेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया।

### मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों के उत्थान के लिए उठाए बेहतर कदम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेशनल के लिए चयनित अंडर- 14 की हिमाचल की एथलेटिक्स टीम को मुख्यमंत्री सुक्खू के सहयोग से यूनिफॉर्म, ट्रैकसूट व स्पोर्ट्स सूज वितरित किए गए। मुख्यातिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर 24 छात्र-छात्राओं के दल को खेल यूनिफॉर्म ट्रैकसूट, व स्पोर्ट्स शूज सरकार की तरफ से खिलाड़ियों को दिए गए। इस अवसर पर पहुंचे मुख्यातिथि डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने हिमाचल प्रदेश के इन अंडर- 14 खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा के प्रदेश सरकार के मुखिया सुखविंदर सिंह सुक्खू चाहते हैं कि हमारे बच्चे खेलों में बेहतर से बेहतरीन करें। इसके लिए मुख्यमंत्री ने पिछले 2 साल के अंदर बहुत सारे नए कदम



उठाकर खिलाड़ियों का प्रोत्साहन बढ़ाया है। उन्होंने बच्चों को कहा कि वह हिमाचल का नाम रोशन करें और जो सरकार उनको प्रोत्साहन दे रही है वह उसमें अच्छा प्रदर्शन कर ज्यादा से ज्यादा मेडल हिमाचल की झोली में डालें, ताकि मुख्यमंत्री ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करें। इस अवसर पर करतार चंद एडीपीओ, राकेश कुमार संजीव कुमार, पंकज शर्मा, अनीता देवी व अन्य शारीरिक शिक्षक भी विशेष रूप से इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### डीएवी भड़ोली के संगीत के अध्यापक बने एएनओ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीएवी भड़ोली के संगीत अध्यापक अमित कपूर एएनओ बन गए हैं। जिस स्कूल में खुशी का माहौल है। उन्होंने पीआर सीएन जेडी 181 डीसी 49



और नेवी 12 के अंतर्गत एएनओ थर्ड ऑफिसर की ट्रेनिंग ली । प्रिंसिपल सुरजीत कुमार राणा ने बताया कि यह ट्रेनिंग एनसीसी आर्मी ऐट ओटी ए काम्प्टी नागपुर (महाराष्ट्र ) में 8 नवंबर 2024 से 21 दिसंबर 2024 तक चली। अपना बेहतरीन प्रदर्शन देकर अमित कपूर ने एएनओ थर्ड ऑफिसर की उपाधि प्राप्त की और विद्यालय और प्रिंसिपल के नाम को भी गौरवान्वित किया।यह विद्यालय के लिए बहुत गर्व का विषय है। विद्यालय पहुँचने पर प्रिंसिपल सहित सभी अध्यापकों ने उनका हार्दिक अभिनंदन किया और उनके आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाए दीं।

### वयोवृद्धों और स्वतंत्रता सेनानियों को किया सम्मानित

**एसके शर्मा, जाहू।** भोरंज ब्लॉक कांग्रेस की ओर से लदरौर में सोमवार वयोवृद्ध एवं वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं व स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें भोरंज विधायक सुरेश कुमार सुजानपुर के विधायक कै. रंजीत सिंह राणा, हमीरपुर विस के कांग्रेस प्रत्याशी डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा, बड़सर से सुभाष ढटवालियां भी उपस्थित रहे। भोरंज ब्लॉक कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सम्मान समारोह में पहुंचने मुख्यातिथि व अतिथियों का हार पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस सम्मान समारोह में भोरंज विधानसभा क्षेत्र से 15 वायोवृद्ध एवं वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ताओं और 15 स्वतंत्रता सेनानियों व उनके परिवारजनों का उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

# समीरपुर के राकेश बने भाजपा जिलाध्यक्ष

## 'मेरे-तेरे' से बाहर निकला शीर्ष नेतृत्व तो पुराना गौरव होगा बहाल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



चुनाव के बाद राकेश ठाकुर पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के साथ।

समीरपुर से ताल्लुक रखने वाले राकेश ठाकुर को जिला भाजपा का अध्यक्ष निर्वाचित किया गया है। सोमवार को यहां बसंत रिजॉर्ट में आयोजित एक कार्यक्रम में पूर्व मंत्री और विधायक विक्रम ठाकुर ने उन्हें जिला अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी तादाद में भाजपा के कार्यकर्ता और अन्य नेता भी पहुंचे हुए थे। कार्यक्रम के बाद राकेश ठाकुर अन्य नेताओं के साथ सीधे समीरपुर पहुंचे और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल से आशीर्वाद लिया।

काबिले गौर है कि बीते रोज उनका एकमात्र नामांकन दाखिल किया गया था और विधिवत रूप में इसकी घोषणा आज होनी थी। इस मौके पर विधायक इंद्रदत्त लखनपाल, आशीष शर्मा, पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, अनिल धीमान और कमलेश कुमारी भी मौजूद रहे, लेकिन जिला के कई पूर्व विधायक इस कार्यक्रम से नदारद दिखे। उनकी गैर- मौजूदगी भी कार्यक्रम में चर्चा का विषय रही।

जिलाध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद राकेश ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर जिला के खोए हुए गौरव को फिर से बहाल करने में वे की जान लगाएंगे, लेकिन इसमें शीर्ष नेतृत्व तेरे मेरे के चक्कर में न पड़े वह चाहते हैं कि सारा नेतृत्व एक होकर चले और जिला में किसी तरह का कोई मनमुटाव न रहे। सभी ने मिलकर काम किया है, लेकिन सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के मामले को लेकर उनका कहना था कि कुछ कमियां वहां रही होंगी। संगठनात्मक तौर पर, मगर मिल बैठकर इनका निवारण किया जाएगा। फिर से पुरानी स्थिति वहां भी बहाल होगी। यह पूछे जाने पर कि इस कार्यक्रम में कई पूर्व विधायक जो जिला से ताल्लुक रखते हैं इस कार्यक्रम में नहीं पहुंचे हैं, इसे क्या माना जाए उनका कहना था कि मेरी ही कोई कमी रही होगी।

उन्होंने यह भी कहा कि जिला में अभी जिन पांच मंडलों के चुनाव होने हैं, उसी के बाद जिला भाजपा कार्यकारिणी का ऐलान किया जाएगा। इस चुनाव बैठक में स्टेट डेलीगेट के रूप में विधायक आशीष शर्मा, इंद्रदत्त लखनपाल, जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा के अलावा पूर्व विधायक राजेंद्र राणा, विजय अग्निहोत्री, अनिल धीमन और कमलेश कुमारी के नाम फाइनल किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

# पाइपलाइन नहीं जोड़ी तो आज ग्रामीण करेंगे चक्का जाम : रजनीश कुमारी



**अनंत ज्ञान, टौणी देवी**

हमीरपुर जिला के टौणी देवी में सोमवार को टपरे ग्राम पंचायत के लोग विरोध में सड़क पर उतर आए। एनएच निर्माण के दौरान टौणी देवी में करीब एक माह से पाइप लाइन टूटी होने के कारण क्षेत्र में ग्रामीण पानी को तरस रहे हैं। इससे टपरे ग्राम पंचायत के करीब आधा दर्जन गांव बुरी तरह पेयजल संकट से गुजर रहे हैं। ग्रामीणों ने बार-बार विभाग के अधिकारियों से पाइप लाइन जोड़ने का आग्रह किया, लेकिन फिर भी उनकी सुनवाई नहीं हुई, तो सड़क पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करना पड़ा। इस दौरान टौणी देवी पुलिस चौकी की टीम भी मौजूद रही।

**एक माह से पाइप लाइन टूटी, पानी को तरस रहे लोग**

टपरे पंचायत की पूर्व प्रधान रजनीश कुमारी चौहान ने बताया कि यदि 24 घंटे के अंदर टूटी हुई पेयजल पाइपें एनएच निर्माण कंपनी और जल शक्ति विभाग नहीं जोड़ता तो मंगलवार को टौणी देवी में चक्का जाम कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कंपनी अपनी मन मर्जी से काम कर रही है और लोग लगातार परेशान हो रहे हैं। रजनीश कुमारी के मुताबिक निर्माण कंपनी ने टपरे क्षेत्र के श्मशानघाट की सड़क को भी मलबा फेंक बंद कर दिया, लेकिन बार बार कहने पर भी मलबा नहीं उठाया जा रहा है। अब मजबूरन एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी।

इस मौके पर विक्रम सिंह, ओम प्रकाश, जसवंत सिंह, विजय, त्रिलोक सिंह, महिला मंडल टपरे कमला, मनोरमा, अनीता देवी मौजूद रहीं। करीब एक घंटे की बहस बाजी के बाद एनएच निर्माण कंपनी की वॉटर विंग के इंचार्ज इंजीनियर अनय सिंह मौके पर पहुंचे। अनय सिंह ने बताया कि सड़क की खुदाई पूर्ण कर सोमवार शाम तक पानी की सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

## सीएम से मिलकर प्राइवेट स्कूल संघ करवाएगा समस्याओं का समाधान

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



हिमाचल प्रदेश प्राइवेट स्कूल संघ की बैठक डिड्वीं टिक्कर में संपन्न हुई, जिसमें बतौर मुख्यातिथि प्रदेशाध्यक्ष जगजीत सिंह ठाकुर ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष देवराज वर्मा ने की।

इस बैठक में जिला हमीरपुर के 108 स्कूलों ने भाग लिया। प्रदेश अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में प्रदेश मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं सरकार का धन्यवाद करते हुए कहा कि जो भी समस्या हमने सरकार के समक्ष रखी उनका समाधान सरकार निरंतर कर रही है। संघ ने फैसला लिया कि जल्द ही स्कूलों के समक्ष आ रही समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे और समस्याओं से के समाधान करने के लिए निवेदन करेंगे। देवराज वर्मा ने कहा कि संघ मुख्यमंत्री के शीतकालीन प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री राहत कोष में जिला के सभी स्कूलों की तरफ से मुख्यमंत्री को धर्मशाला में चेक प्रदान करेगा। जिला प्रधान ने प्रदेश सरकार से यह मांग भी की कि सभी प्राइवेट स्कूलों को आर्थिक सहायता प्रदान करें। एप्लीकेशन और मान्यता की एक ही एजेंसी होनी चाहिए। इस समय प्राइवेट स्कूलों को शिक्षा विभाग व बोर्ड के पास एप्लीकेशन व डॉक्यूमेंट जमा करवाने पड़ रहे हैं।

## जाहू में ड्राइविंग टेस्ट व वाहन पासिंग आज

**एसके शर्मा, जाहू।** भोरंज उपमंडल के अभ्यर्थियों के लिए ड्राइविंग टेस्ट व वाहन पासिंग का कार्य आगामी 7 जनवरी को जाहू खेल मैदान (पुराने पुल के साथ) किया जाएगा। पंजीयन एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी भोरंज शशिपाल शर्मा ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी जो अपना लाइसेंस, रीटेस्ट व वाहन पासिंग इत्यादि करवाना चाहते हैं, वे ऑनलाइन या पंजीयन एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। उन्होंने बताया कि 7 जनवरी को कोई भी फीस जमा नहीं की जाएगी तथा फीस व अन्य संबंधित औपचारिकताएं पूर्ण किए बिना किसी भी अभ्यर्थी को पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट की अनुमति नहीं दी जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## इंडियन यूथ कांग्रेस डॉक्टर सेल के चेयरमैन ने टीम के साथ खनौरी बॉर्डर का किया दौरा

**अनंत ज्ञान , भोरंज**



इंडियन यूथ कांग्रेस (आईवाईसी) डॉक्टर सेल के चेयरमैन व भोरंज के जड़ोह गांव के डॉ. आशीष कुमार ने किसान आंदोलन को समर्थन देने के लिए अपनी टीम के साथ खनौरी बॉर्डर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 42 दिनों से भूख-हड़ताल पर बैठे प्रमुख किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य का हालचाल लिया और उनके संघर्ष के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

आशीष ने ढल्लेवाल को आश्वस्त किया कि इंडियन यूथ कांग्रेस डॉक्टर सेल किसान आंदोलन के साथ मजबूती से खड़ा है और इस संघर्ष के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि डॉक्टर सेल किसानों की चिकित्सा जरूरतों को पूरा करने और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

आशीष ने किसान आंदोलन को देश के किसानों के अधिकारों और न्याय के लिए एक ऐतिहासिक संघर्ष करार दिया और कहा कि यह सिर्फ किसानों का नहीं, बल्कि पूरे देश के भविष्य का आंदोलन है। इस दौरे में हरियाणा आईवाईसी डॉक्टर सेल के चेयरमैन डॉ. हर्ष और पंजाब आईवाईसी डॉक्टर सेल के चेयरमैन डॉ. नवरोज कपिल भी शामिल थे। दोनों राज्य अध्यक्षों ने किसानों के इस आंदोलन को अपना पूरा समर्थन दिया और कहा कि किसान देश की रीढ़ हैं। उन्होंने आंदोलन में शामिल किसानों को हरसंभव चिकित्सा और स्वास्थ्य सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।

# पुल व लदरौर पुलिस चौकी का विधायक ने किया लोकार्पण

**एसके शर्मा, जाहू**



दो विधानसभा क्षेत्र भोरंज और घुमारवीं को जोड़ने वाली सड़क समलाह-दशमल वाया तोहू सड़क पर समलाह खड्डु में बने साढे 5 करोड़ रुपए के पुल व लदरौर पुलिस चौकी कार्यालय का लोकार्पण भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने सोमवार को किया। पुल के लोकार्पण पर ग्राम सुधार सभा तोऊ के अध्यक्ष जगदीश चंद शर्मा, पूर्व प्रधान रिखी राम व ग्रामीण महिलाओं ने पुल की सौगात मिलने की खुशी पर मिठाइयां बांटी तथा विधायक सुरेश कुमार को शॉल व टोपी पहना भव्य स्वागत किया।

विधायक सुरेश कुमार ने लदरौर में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि पुल की सुविधा मिलने से 10 गांवों के लोगों को 8 किलो मीटर की दूरी आर-पार जाने के लिए कम होगी। उन्होंने कहा कि लदरौर कस्बा ऐतिहासकि एवं धार्मिक है। ऐसे में इसका विकास करना बहुत जरूरी है। विधायक ने कहा कि पंचायत प्रतिनिधियों, व्यापार मंडल व स्थानीय ग्रामीणों की मांग पर लदरौर में सरकार ने पुलिस चौकी की सुविधा दी है। इससे सुरक्षा की दृष्टि के काफी लाभ मिलेगा। इस दौरान उन्होंने 85 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भी शिलान्यास किया।

उन्होंने कहा कि भोरंज विधानसभ क्षेत्र में 35 वर्षों के बाद मूलभूत सुविधाओं में वृद्धि होने लगी है। इससे विकास के नए आयात स्थापित होने लगें हैं। उन्होंने कहा कि लदरौर क्षेत्र के लिए 93 करोड़ 58 लाख रुपए की लागत से बहुत बड़ी पेयजल योजना का निर्माण हो रहा है। इससे क्षेत्र की पानी की समस्या का स्थाई हल होगा। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ता लोक निर्माण विभाग के अधिकारी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## हमीरपुर, सुजानपुर, भोरंज और बड़सर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूचियां प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर की मतदाता सूचियां विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के बाद अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं। एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी संजीत सिंह ने बताया कि अहर्क तिथि एक जनवरी 2025 के अनुसार तैयार की गई इन मतदाता सूचियों की प्रतियां 13 जनवरी तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अधिकारी या एसडीएम के कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी यानी तहसीलदार के कार्यालय और प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी के पास आम लोगों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

वहीं, विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर की मतदाता सूचियां विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के बाद अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं। एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी डॉ. रोहित शर्मा ने बताया कि इन मतदाता सूचियों की प्रतियां 13 जनवरी तक एसडीएम कार्यालय सुजानपुर, तहसीलदार कार्यालय सुजानपुर, टौणी देवी और हमीरपुर तथा प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी के पास आम लोगों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

उधर, विधानसभा क्षेत्र 36-भोरंज की मतदाता सूचियां विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के बाद अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं। एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 36-भोरंज के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी शशिपाल शर्मा ने बताया कि इन मतदाता सूची की प्रतियां 14 जनवरी तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी अधिकारी या एसडीएम के कार्यालय, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी यानी तहसीलदार के कार्यालय और प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी के पास आम लोगों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

विधानसभा क्षेत्र 39-बड़सर की मतदाता सूचियां विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के बाद अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं। एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 39-बड़सर के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राजेंद्र गौतम ने बताया कि इन मतदाता सूची की प्रतियां 13 जनवरी तक एसडीएम कार्यालय बड़सर, तहसीलदार कार्यालय बड़सर और बिझड़ी तथा प्रत्येक बूथ लेवल अधिकारी के पास आम लोगों के निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

## राशन कार्डधारक 15 तक करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक शिव राम ने बताया कि राशन कार्डधारक उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी की अंतिम तिथि बढ़ाकर 15 जनवरी कर दी गई है। उन्होंने बताया कि ई-केवाईसी के लिए विभाग ने ई-केवाईसी पीडीएसएचपी ऐप भी लांच किया है। उपभोक्ता अपने एंड्रॉयड मोबाइल फोन में गूगल प्ले स्टोर से इस ऐप को डाउनलोड करके घर बैठे ही अपनी ई-केवाईसी कर सकते हैं। इसके अलावा देश में कहीं भी लोकमित्र केंद्र में वेब आधारित एप्लिकेशन के माध्यम से अपने बायोमेट्रिक का प्रमाणीकरण करवाकर ई-केवाईसी प्रक्रिया को पूर्ण करवा सकते हैं। जिला नियंत्रक ने बताया कि ई-केवाईसी प्रक्रिया के तहत प्रत्येक राशन कार्ड सदस्य को अपना नाम, जन्म तिथि आदि का मिलान अपने आधार डाटा के साथ करना है। जिला हमीरपुर में अब तक केवल 86 प्रतिशत राशन कार्ड उपभोक्ताओं द्वारा ही अपनी ई-केवाईसी करवाई गई है। उनसे अपील है कि वे उपभोक्ता जल्द ही ई-केवाईसी करवाएं।

## टिल्लू पंचायत में शामिल करने से जलाड़ी के लोगों ने जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, नादौन**

ग्राम पंचायत जलाड़ी के वार्ड नंबर एक के लोगों ने समाजसेवी सुखदेव सिंह के नेतृत्व में हस्ताक्षर मुहिम चलाकर ग्राम पंचायत जलाड़ी के वार्ड नंबर एक को ग्राम पंचायत जलाड़ी से ग्राम पंचायत टिल्लू में जोड़ने पर विरोध जताकर मुख्यमंत्री सुक्खू से अपील की है।

समाजसेवी सुखदेव सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत जलाड़ी के वार्ड नंबर एक को परिसीमन के तहत नई पंचायत टिल्लू में जोड़ने पर ग्रामीणों ने इसका विरोध व्यक्त किया है। हस्ताक्षर अभियान चलाकर मुख्यमंत्री सुक्खू से इसे जलाड़ी पंचायत में ही रखने की गुहार लगाई है।

उन्होंने कहा कि गांव के लोग चाहते हैं कि उन्हें जलाड़ी में ही रखा जाए, जिससे मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों को ग्रामीणों का समर्थन मिल सके तथा ग्रामीण भी उसमें सहयोग कर सकें। उन्होंने कहा कि परिसीमन के तहत ग्राम पंचायत जलाड़ी में रखने से ग्रामीणों को डाकघर, सहकारी समिति, राशन डिपो जो कि जलाड़ी में ही है। इसके साथ ही पंचायत में सक्रिय सहभागिता का मौका मिल सकेगा व जलाड़ी की दूरी टिल्लू से अपेक्षाकृत कम है। इस मौके पर उनके साथ ग्राम वासी रामलोक, माया देवी, अयोध्या देवी, करतार सिंह, राजिंद्र चौहान, अशोक चौहान आदि मौजूद रहे।

**असुविधा** टेस्टिंग लैब में लटका ताला, निजी लैबों में जांच करवाना हुआ मुश्किल

# जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में टेस्टिंग सुविधाएं ठप

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**




जिला आयुर्वेदिक अस्पताल में लंबे समय से लैब टेस्टिंग सुविधाएं बाधित हैं, जिससे उपचार के लिए आने वाले मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में लैब टेक्नीशियन के न होने के कारण मरीजों को निजी लैबों का सहारा लेना पड़ रहा है, जहां जांच के लिए मनमाने दाम वसूले जा रहे हैं। इससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ गया है।

अस्पताल प्रशासन के अनुसार, दिसंबर माह में लैब टेक्नीशियन के सेवानिवृत्त होने के बाद से कोई नया टेक्नीशियन नियुक्त नहीं किया गया है। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट का कहना है कि डेपुटेशन पर जल्द ही एक लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति की जाएगी, लेकिन यह प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो पाई है। नियुक्ति में देरी के कारण अस्पताल में जांच सेवाएं ठप पड़ी हुई हैं।

अस्पताल में आने वाले मरीजों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में आमतौर पर वे लोग आते हैं जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। ऐसे में निजी लैबों में जांच कराना उनके लिए बेहद मुश्किल हो रहा है। निजी लैबों द्वारा अधिक शुल्क वसूलने से मरीजों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

### प्रशासन से जल्द समाधान की मांग

**स्थानीय** लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अस्पताल में लैब टेक्नीशियन की नियुक्ति की जाए। उनका कहना है कि सरकारी अस्पताल में मरीजों को जांच और उपचार की सुविधाएं समय पर मिलनी चाहिए। प्रशासन की लापरवाही से मरीजों का इलाज प्रभावित हो रहा है। अस्पताल में जांच सेवाएं बहाल न होने से न सिर्फ मरीजों की परेशानी बढ़ रही है, बल्कि सरकार के स्वास्थ्य सेवाओं के दावों पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। मरीजों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस समस्या का शीघ्र समाधान करेगा।

# 'न्यू' को भी 'ओल्ड' होना पड़ता है: विक्रम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**



पूर्व मंत्री और भाजपा के विधायक विक्रम ठाकुर ने कहा है कि पार्टी के अंदर और बाहर समन्वय बेहतर बन जाए तो फिर पार्टी का ढांचा बेहद मजबूत होकर सत्ता की दहलीज पर पहुंचने में कोई कोर का असर नहीं छोड़ता। 'न्यू' को भी 'ओल्ड' होना पड़ता है, इसलिए भाजपा के अंदर कौन न्यू है और कौन ओल्ड यह विरोधियों को ज्यादा दिखता है।

सोमवार को हमीरपुर में पार्टी के जिला अध्यक्ष के चुनाव के लिए पहुंचे विक्रम ठाकुर ने मीडिया के सवालों का जवाब देने के समय यह बात कही। दर असल में उनसे जब यह पूछा गया कि हमीरपुर में पिछले कुछ समय में खासकर उपचुनावों के माहौल में ओल्ड और न्यू की खूब चर्चा रही, उसी का जवाब देते हुए विक्रम ने कहा कि जो नए हैं उन्हें भी पुराना होना पड़ता है। यह ढांचा ऐसे ही आगे बढ़ता रहता है। लेकिन जरूरत सभी की रहती है।

उन्होंने कहा कि जिला में आने वाले समय में छोटी-मोटी कमियां दूर होगी और बेहतर समन्वय यहां स्थापित होगा। जिला अब बेहतर तरीके से एकजुटता के साथ आगे बढ़ रहा है। उनका कहना था कि समय के साथ सारी चीजें अब ठीक हो रही हैं। उपचुनाव में कुछ दिक्कतें रही हैं, लेकिन यहां समन्वय बनाने में रही हैं पर अब सब ठीक हो रहा है समय तो इसमें लगता ही है। आने वाला समय इस जिला में पांचो की पांचों सीटें भाजपा की झोली में डालने की स्थिति में आ चुका है।

यह पूछे जाने पर कि जिला का चुनाव पहले हो गया, मंडलों का गठन तो अभी हुआ ही नहीं है? उन्होंने कहा कि जो पांच मंडल अध्यक्ष बनाए जाने हैं, मंडलों से जो नाम हाईकमान को भेजे गए हैं। उन्हीं में से अध्यक्ष तय होगा और इसमें अब ज्यादा देर नहीं लगेगी। जैसे ही वहां से नाम तय होकर आएंगे, उनकी घोषणा तुरंत हो जाएगी।

उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी अब नए माहौल में मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है। विश्व की सबसे बड़ी पार्टी इसे बनने में जो समय लगा है, उसका फल अब मिल रहा है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517
सूचना
मैं गीता देवी पत्नी स्वर्गीय महंतू गांव सपनेड़ा डाकघर बराडा तहसील बमसन स्थित टौणी देवी जिला हमीरपुर घोषणा करती हूं कि मेरा पौत्र जीवन कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है। अत: मैं उसे अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में इसके साथ लेन-देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करें।

# मिडल बाजार से मालरोड के लिए लिफ्ट शुरू

## लोक निर्माण मंत्री ने किया लोकार्पण, जाखू में मल्टी स्टोरी स्टील स्ट्रक्चर्ड पार्किंग बनाने की घोषणा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

स्मार्ट सिटी मिशन के तहत मिडल बाजार में नई लिफ्ट का लोकार्पण सोमवार को लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने किया। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि इस लिफ्ट से वरिष्ठ नागरिकों ओर पर्यटकों को काफी सुविधा मिलेगी और कारोबार में तीव्रता आएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शहर के विकास के लिए प्रयासरत है।

नगर निगम शिमला को जाखू मंदिर में एस्केलेटर के साथ मल्टी स्टोरी स्टील स्ट्रक्चर्ड पार्किंग बनाने का प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को पार्किंग की सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि आगामी कुछ महीनों के भीतर शहर के विकास नगर, एसडीए कॉम्प्लेक्स, ऑकलैंड, कैंसर अस्पताल आईजीएमसी के पास पार्किंग का लोकार्पण किया जाएगा। इन सभी पार्किंग में करीब 2 हजार वाहनों को पार्क करने की सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि कार्ट रोड के विस्तारीकरण के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि छोटा शिमला से लेकर मॉल रोड तक बिजली की तारों, फाइबर और टेलीकम्यूनिकेशन की तारों की डक्टिंग की जाएगी ताकि शहर से तारों का जंजाल समाप्त हो सके और विदेशों की तर्ज पर शहर में तारों की डक्टिंग होगी। स्थानीय विधायक हरीश जनार्था ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि शहर के विकास के लिए जो-जो वादे किए गए हैं, उन्हें अगले 3 सालों में पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि शहर में तारों की डक्टिंग के लिए 50 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिल चुकी है। लोक निर्माण विभाग को उक्त राशि स्थानांतरित कर दी गई है। नगर निगम मेयर सुरेन्द्र चौहान ने कहा कि लक्कड़ बाजार में वेस्ट टू वंडर पार्क की स्थापना की जाएगी जिसके लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।



### यह भी रहे मौजूद

इस मौके पर नगर निगम उप महापौर उमा कौशल, नगर निगम आयुक्त भूपिंदर अत्री, मुख्य महाप्रबंधक आरटीडीसी रोहित ठाकुर, उप-महाप्रबंधक मुनीश साहनी, लोअर बाजार पार्षद उमंग बंगा, पार्षद नरेंद्र ठाकुर, पार्षद विनय, इंजन घर पार्षद अंकुश वर्मा, मनोनीत पार्षद राज कुमार, शिमला व्यापार मंडल हरजीत मंगा, पूर्व पार्षद इंद्रजीत सिंह, पार्षद राजीव सूद, विशाल सूद, सतपाल शर्मा और मोहित सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

**08** व्यक्ति एक बारी में लिफ्ट के अंदर सफर कर सकेंगे

**1.77** करोड़ खर्च हुए लिफ्ट के निर्माण कार्य पर

**12** घंटे तक मान्य होगा लिफ्ट का टिकट

### 10 रुपए में होगा आना-जाना

उक्त लिफ्ट में 10 रुपए फ्लैट शुल्क वसूला जाएगा। इसमें आना-जाना हो सकेगा। इस लिफ्ट के माध्यम से मिडल बाजार से सीधा मॉल रोड पहुंच सकेंगे। ऐसे में वरिष्ठ नागरिकों तथा पर्यटकों के लिए यह लिफ्ट कारगर साबित होगी। एक बारी में लिफ्ट के अंदर एक साथ 8 व्यक्ति सफर कर सकेंगे। इसका टिकट 12 घंटे तक मान्य होगा।

### पांच साल तक संचालन करेगा आरटीडीसी

रैपिड ट्रांसपोर्ट सिस्टम डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (आरटीडीसी) इस लिफ्ट का संचालन पांच साल तक करेगा। इसके रखरखाव का जिम्मा भी आरटीडीसी को ही दिया गया है। इस लिफ्ट के निर्माण कार्य पर 1 करोड़ 77 लाख रुपए खर्च किए गए है। दो साल के भीतर लिफ्ट बनकर तैयार हुई है। इसके टावर की ऊंचाई 24 मीटर है जबकि फुट ओवर ब्रिज की लंबाई 24 मीटर है और ब्रिज की चौड़ाई 1.5 मीटर है।

# सूबे में 2 आईपीएस और 4 एचपीपीएस अधिकारियों को किया इधर से उधर

## अधिकारियों के तबादलों के साथ नई तैनाती को लेकर भी किए आदेश जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




हिमाचल प्रदेश सरकार ने पुलिस विभाग में फेरबदल किया है। सरकार ने सोमवार को आईपीएस आईपीएस और एचपीपीएस अधिकारियों के तबादला और नई तैनाती को लेकर आदेश जारी किए हैं। 2 आईपीएस अधिकारियों और 4 एचपीपीएस अधिकारियों को इधर से उधर किया गया है। इस संबंध में मुख्य सचिव की ओर से अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी हुई हैं।

आईपीएस अधिकारियों में डीआईजी साइबर क्रॉइम मोहित चावला को पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज पीटीएस डरोह जिला कांगड़ा में प्रिंसिपल के पद पर तैनात किया गया है। इसका जिम्मा संभाल रही आईपीएस सौम्या सांबशिवन को भारमुक्त कर दिया गया है। आईपीएस ओमापति जम्वाल को पदोन्नति कर डीआईजी (कल्याण एवं प्रशासन) के पद पर पुलिस मुख्यालय शिमला में तैनात किया गया है। यह तैनाती उन्हें महानिरीक्षक (कल्याण एवं प्रशासन) के पद के विरुद्ध दी गई है।

प्रदेश सरकार ने आईपीएस अरविंद चौधरी के पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज, डरोह से संबंधित स्थानांतरण आदेश को रद्द कर दिया है। वहीं हिमाचल प्रदेश पुलिस सेवा (एचपीपीएस) के अधिकारियों में वीरेंद्र कालिया को पुलिस मुख्यालय शिमला में अवकाश आरक्षित (लीव रिजर्व) एसपी के पद से स्थानांतरित कर राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो शिमला में अवकाश आरक्षित एसपी के पद पर तैनात किया गया है। इसी तरह नरेश कुमार को पुलिस मुख्यालय शिमला में अवकाश आरक्षित एसपी के पद से स्थानांतरित कर राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो दक्षिणी रेंज, शिमला में एसपी लगाया गया है।

वहीं इस पद से आईपीएस अंजुम आरा को रिलीव कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय शिमला में तैनाती की प्रतीक्षा कर रहे एचपीएस रमन शर्मा को खुफिया और सुरक्षा (इंटेलिजेंस एवं सिक्योरिटी) विभाग धर्मशाला जिला कांगड़ा में एसपी के पद पर तैनाती मिली है। इसी तरह तैनाती का इंतजार कर रहे खजाना राम को चौथी भारतीय रिजर्व बटालियन जंगलबैरी जिला हमीरपुर में डीएसपी लगाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### चिट्टा रखने के दोषी को चार वर्ष का कठोर कारावास व जुर्माना

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** विशेष सत्र न्यायालय, रोहड़ू पंकज शर्मा की अदालत ने राजीव शर्मा (37) पुत्र इंद्रदेव निवासी गांव सुंधा, तहसील चिढगांव, जिला शिमला को चार वर्ष का कठोर कारावास और 40 हजार रुपए का जुर्माना तथा जुर्माना अदा न करने की सुरत में चार माह का कठोर कारावास की सजा सुनाई। जानकारी के अनुसार28-03-2024 को मुख्य आरक्षी नवदीप कुमार, आरक्षी मुकुल व आरक्षी नरेश कुमार के साथ गश्त पर बडियारा की तरफ रवाना थे। एक व्यक्ति सुंधा गांव से पगडंडी पर सड़क की तरफ आ रहा था, जो पुलिस की गाड़ी को देखकर डर गया और अपनी जेब से एक पैकिट निकालकर सडक पर फैंका। शक होने पर उक्त व्यक्ति का नाम पता पूछा गया, जिसने अपना नाम राजीव शर्मा बताया है। स्वतंत्र गवाहों के सामने फैंके गए पैकेट को चैक किया गया, तो उसमें से 2.95 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस थाना चिढगांव में राजीव के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था।

### सात जिलों में भाजपा के सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष निर्वाचित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** डॉ. राजीव भारद्वाज, प्रदेश चुनाव अधिकारी, सांसद एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा ने बताया कि भाजपा के 17 संगठनात्मक जिलों में से 16 जिलो में जिला अध्यक्षों की चुनाव प्रक्रिया चल रही है। उन्होनें बताया कि पिछले कल 9 जिलो में जिलाध्यक्ष सर्वसम्मति से चुने गए थे। आज 7 जिलों में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष निर्वाचित किए गए, जिसमें जिला किन्नौर में यशवंत सिंह मंजू, कांगड़ा में सचिन शर्मा, बिलासपुर में कृष्ण लाल चंदेल, हमीरपुर में राकेश ठाकुर, नूरपुर में राजेश काका, महसू में अरुण फालटा और शिमला में केशव चौहान है।

### उपायुक्त शिमला एवं अन्य अधिकारियों ने स्वेच्छा से छोड़ी बिजली सब्सिडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी तथा जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों के साथ बिजली मीटर पर मिलने वाली सब्सिडी छोड़ दी है। उन्होंने इस संबंध में बिजली बोर्ड के अधिकारीयों को एक फार्म भर कर सौंप दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के प्रयासों में सहयोग देने के लिए जिला प्रशासन के अन्य अधिकारियों व जिला के साधन संपन्न बिजली उपभोक्ताओं को भी स्वेच्छा से बिजली की सब्सिडी छोड़ने के लिए आगे आना चाहिए।

### विधानसभा की प्राक्कलन समिति अध्ययन प्रवास पर केरल पहुंची



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा की प्राक्कलन समिति अपने 9 दिवसीय अध्ययन प्रवास के दौरान केरल विधानसभा पहुंच चुकी है। इस दौरान समिति ने केरल विधानसभा के अधिकारियों के साथ माननीय सभापति राकेश कालिया की अध्यक्षता में बैठक कर दोनों राज्यों में समिति प्रणालियों के प्रक्रियात्मक पहलुओं और कार्यप्रणाली पर रचनात्मक चर्चा की। इस समिति में माननीय सभापति के अतिरिक्त सर्वश्री सतपाल सिंह सत्ती, पवन काजल, राकेश जम्वाल, नीरज नैय्यर, कुलदीप सिंह राठौर, हरदीप सिंह बावा व अजय सोलंकी माननीय सदस्य भी मौजूद रहे।

# प्रदेश राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल ने मनाया स्थापना दिवस

## राज्यपाल ने एचपी-एसडीआरएफ की उपलब्धियों और भविष्य के लक्ष्यों पर प्रकाश डाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन में हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के स्थापना दिवस समारोह और हिमाचल आपदा तैयारी माह के समापन के दौरान प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर बल दिया। राज्यपाल ने उत्कृष्ट प्रयासों, सामाजिक जुड़ाव और योगदान के लिए एचपी-एसडीआरएफ की सराहना की।

राज्यपाल ने एचपी-एसडीआरएफ को स्थापना दिवस पर बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर पर आपदाओं के आर्थिक और मानवीय मूल्य को स्वीकार किया। उन्होंने कहा कि भारत में आपदाओं के कारण अनुमानित वार्षिक 55,000 करोड़ रुपए का आर्थिक नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने राज्यों को आर्थिक नुकसान कम करने और



बहुमूल्य जीवन को बचाने में मदद की है। राज्यपाल ने कहा कि भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियां हिमाचल प्रदेश को भूस्खलन, भारी बर्फबारी और भूकंप जैसी आपदाओं के लिए अत्यधिक संवेदनशील बनाती हैं।

वर्ष 2023 में भीषण बाढ़ और भूस्खलन का जिक्र करते हुए राज्यपाल ने एक सुदृ आपदा प्रबंधन प्रणाली की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने एसडीआरएफ की 6 जनवरी, 2020 को स्थापना के बाद से नागरिकों की सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावी ढंग से निपटने की भूमिका पर भी प्रकाश डाला। राज्यपाल ने 148 तलाशी एवं बचाव मिशन आयोजित करने, 302 लोगों की जिंदगी बचाने, 150 से अधिक लोगों को सुरक्षित निकालने और 117 पीड़ितों के शवों को बरामद करने के लिए एसडीआरएफ की प्रशंसा की।

### सेब के पौधरोपण के लिए दिसंबर से मार्च तक का समय अनुकूल : श्याम

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** बागवानी विकास अधिकारी चौपाल श्याम शर्मा ने बागवानों को नए बागीचे तैयार करने और पुराने बागीचों में नए पौधे लगाने को लेकर जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि बगीचे में नए पौधे लगाने के लिए दिसंबर से मार्च तक का समय अनुकूल है।

उन्होंने नया बागीचा तैयार करने वाले बागवानों को जमीन के सही चयन की सलाह देते हुए कहा कि सेब का नया बागीचा तैयार करने के लिए सबसे पहले उपयुक्त भूमि और स्थान का चयन करना बहुत ही जरूरी है। सफल बगीचा तैयार करने के लिए सबसे पहले ऐसे स्थान का चयन करना चाहिए जहां पाला कम पड़ता हो। इसके साथ ही पौधों की बढ़ोतरी एवं गुणकारी उत्पादन के लिए मिट्टी का पीएच 05.8 -6.2 तक और मिट्टी रेतीली दोमट से ब्लुई दोमट और उपजाऊ होनी चाहिए। बागीचे की रूपरेखा बनाने से पहले उस क्षेत्र की मिट्टी की जांच करवाना अनिवार्य है। (अनंत ज्ञान)

# शिक्षा की गुणवत्ता सरकार की प्राथमिकता : रोहित ठाकुर



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा निदेशालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें शिक्षा सचिव राकेश कंवर, समग्र शिक्षा निदेशक राजेश शर्मा, उच्च शिक्षा निदेशक डा. अमरजीत शर्मा, प्राथमिक शिक्षा निदेशक आशीष कोहली, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा संजीव सूद, अतिरिक्त निदेशक उच्च शिक्षा डा. हरीश शर्मा, अतिरिक्त निदेशक प्राथमिक शिक्षा बीआर शर्मा, जिलों के उप शिक्षा निदेशक, डाइट प्रिंसिपल, कार्यकारी प्रिंसिपल एससीईआरटी और समग्र शिक्षा के नोडल अधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने की है। सरकार का प्रयास है कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले। सरकार ने इसके लिए बीते दो सालो में कई बड़े फैसले लिए हैं।

सरकार ने बीते दो सालों में शिक्षा विभाग में रिकॉर्ड भर्तियां की हैं। इससे स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। शिक्षा मंत्री ने साफ कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए सरकार ने स्कूल मर्ज करने का फैसला लिया है। यह कोई राजनीतिक फैसला नहीं है।

रोहित ठाकुर ने कहा कि सरकार उन स्कूलों में नए शिक्षकों को तैनात करने पर प्राथमिकता दे रही है, जहां पर बच्चों की संख्या ज्यादा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पीजीटी के 700 पद मंजूर किए हैं, इन शिक्षकों को वहीं तैनात किया जा रहा है जहां संबंधित विषयों में पर्याप्त दाखिले हैं।

### भूंडा महायज्ञ के सफल आयोजन पर सोशल मीडिया पर मैसेज वायरल

रोहड़ू स्पेल वालों ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नही है आपका यज्ञ सफल हो गया है। बरुत टूटी इसमें भी काली माता, परशुरामजी महाराज और बकरालु महाराज जी की ही कोई लीला होगी। ये घटनाएं पहले भी हो चुकी है। शानदार आयोजन और जबरदस्त मेहमानवाजी के लिए पूरी स्पेल घाटी के लोगों को वंदन व धन्यवाद।।

**दशमी रावत, रोहड़ू।** ऐतिहासिक भूंडा महायज्ञ के सफल आयोजन को लेकर सोशल मीडिया में एक मैसेज वायरल हो रहा है। लोगों ने सोशल मीडिया में मैसेज अपलोड करते हुए लिखा है कि स्पैल वैली के लोगों को ज्यादा चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। आपका महायज्ञ सफल हो गया है। बरुत टूटी है इसमें भी काली माता, परशुराम जी महाराज और बकरालू देवता महाराज जी की ही कोई लीला होगी। ये घटनाएं पहले भी हो चुकी है। (अनंत ज्ञान)

# राजभवन में बॉर्डर एरिया यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राजभवन में आयोजित बॉर्डर एरिया यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर राज्यपाल ने नेहरू युवा केंद्र संगठन की सराहना करते हुए कहा कि यह संगठन युवाओं को सशक्त करने तथा उनमें राष्ट्रीय एकता की भावना को जागृत करने में अहम भूमिका निभा रहा है।

राज्यपाल ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होते हैं और उनकी ऊर्जा, विचार और सकारात्मक सहभागिता से देश का भविष्य तय होता है। यह कार्यक्रम एक अनूठा मंच है, जिसके माध्यम से न केवल सीमावर्ती क्षेत्र के युवा एकसाथ आते हैं बल्कि सांस्कृतिक दूरियां भी घटती हैं, जिससे एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और अधिक बल मिलता है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को देवभूमि के नाम से जाना जाता है और सीमावर्ती राज्य होने के कारण सामरिक दृष्टि से भी एक विशेष स्थान है। प्रदेश के जवानों के अदम्य साहस और सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के बुलंद हौसलों के चलते राष्ट्र की सुरक्षा व अखंडता को बनाए रखने में इनका विशेष एवं अद्वितीय योगदान है।

शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि यह कार्यक्रम विभिन्न राज्यों से भाग लेने आए युवाओं के लिए एक अनूठा अवसर ह, जिसके माध्यम से वे चर्चाओं में भाग लेते हुए अपने अनुभवों को साझा कर सकते हैं तथा एक-दूसरे से सीख सकते हैं।

उन्होंने कार्यक्रम में भाग ले रहे युवाओं को इस अनुभव का आनंद उठाते हुए नए दोस्त बनाने का आह्वान किया ताकि 'अनेकता में एकता' की भारतीय भावना को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके।

### शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला में एनसीईआरटी और सीबीएसई के एक्सपर्ट की ओर से प्रदेश के स्कूली शिक्षकों के लिए पांच दिवसीय कार्यशाला का सोमवार को शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में प्रदेश भर के 200 शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 6 से 10 जनवरी तक होने वाली कार्यशाला के दौरान सोमवार व मंगलवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत समग्र प्रगति कार्ड पर चर्चा होगी, जबकि आठ से 10 जनवरी तक स्टैंर्डलाइजेशन आफ क्श्चन पेपर कार्यशाला होगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव डॉ. मेजर विशाल शर्मा ने बताया कि कार्यशाला का शुभारंभ हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष हेमराज बैरवा ने किया। इससे पहले अगस्त और सितंबर में भी इसी कड़ी में कार्यशाला हो चुकी है।

# सरस्वती विद्या मंदिर तत्तापानी में प्रतिभाओं को किया पुरस्कृत



**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

सरस्वती विद्या मंदिर उच्च विद्यालय तत्तापानी का वार्षिक पारितोषिक पुरस्कार वितरण समारोह सोमवार को मेला ग्राउंड में आयोजित हुआ। समारोह में होटल हॉट स्प्रिंग के सीएमडी एवं समाज सेवी प्रेम रैना ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा उनके साथ उनकी पत्नी एंजेला रैना बतौर विशेषातिथि के तौर पर मौजूद रही।

कार्यक्रम का आगाज दीप प्रज्वलन और बच्चों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। तत्पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा अतिथिगणों के सम्मान में स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किया। नन्हे बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने पंडाल में मौजूद दर्शकों की खूब वाह वाह लूटी। कक्षा चौथी की रिया द्वारा मॉडर्न वैल्यू ऑफ प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन फंक्शन पर भाषण के माध्यम से बखूबी दर्शकों समक्ष प्रस्तुत किया।

नन्हे बच्चों द्वारा लोक नृत्य के माध्यम से हिमाचल की संस्कृति से रूबरू करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्य चंद्र प्रभा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत कर वर्ष भर विद्यालय में आयोजित शैक्षणिक,खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों बारे अवगत करवाया। (अनंत ज्ञान)

### आर्म्सडेल भवन फेज-3 में होगी विधायक प्राथमिकता बैठकें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** वार्षिक बजट 2025-26 में विधायकों की प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में दो दिवसीय बैठकों का आयोजन 3 और 4 फरवरी को हिमाचल प्रदेश सचिवालय के आर्म्सडेल भवन, फेज-3 कॉन्फ्रेंस हॉल में किया जाएगा। 3 फरवरी को 10.30 बजे से 1.30 बजे तक कांगड़ा, किन्नौर और कुल्लू तथा दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक सोलन, चम्बा, बिलासपुर और लाहौल-स्पीति जिले के विधायकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी।

4 फरवरी, को 10.30 बजे से 1.30 बजे तक शिमला और मंडी जिलों तथा 2 से 5 बजे तक ऊना, हमीरपुर और सिरमौर के विधायकों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। इन बैठकों में वार्षिक बजट 2025-26 की विधायक प्राथमिकताओं के निर्धारण के लिए विचार-विमर्श किया जाएगा।

**तैयारियां** उपायुक्त ने समारोह की तैयारियों पर बुलाई बैठक में जारी किए दिशा-निर्देश

# आकर्षक और ज्ञानवर्धक होंगी राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस में झांकियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह-2025 बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर मनाया जाएगा। राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के संबंध में बुलाई गई एक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि इस कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और अभी से समारोह की तैयारी आरंभ कर दें। उन्होंने सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की परेड में लगभग 27 दल हिस्सा लेंगे , जिसमें जे एंड के राइफल्स, आईटीबीपी, एसएसबी, पुलिस के महिला व पुरुष टुकड़ियां, सेना पाईप बैंड, यातायात पुलिस, पुलिस



बैंड, होमगार्ड, अग्निशमन सेवा, डाक सेवा, होम गार्ड बैंड, पूर्व सैनिकों का दल, एनसीसी, एनएसएस, भारत स्काउट एंड गाइड्स, आपदा प्रबंधन समूह तथा पुलिस का श्वान दल शामिल होगा।

उन्होंने कहा कि परेड के लिए अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी तथा एएसपी नोडल अधिकारी होंगे। उउन्होंने कहा कि 22 से 24 जनवरी से सभी टुकड़ियां परेड का पूर्वाभ्यास आरंभ करेगी तथा 24 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी।

**लगभग 25 विभाग प्रदर्शित करेंगे झांकियां:** अनुपम कश्यप ने कहा कि इस वर्ष राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में लगभग 25 विभागों की झांकियां देखने को मिलेगी। समारोह में 22 जे एंड के राइफल्स, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, हिम ऊर्जा, राज्य बिजली बोर्ड, पर्यटन विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशु स्वास्थ्य विभाग, उद्योग विभाग, डीआरडीए, शिक्षा विभाग, नगर निगम शिमला, उद्यान विभाग, राज्य फोरेंसिक सेवाएं, वन विभाग, भाषा कला एवं संस्कृति विभाग, खाद्य आपूर्ति विभाग, परिवहन विभाग तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की झांकियां शामिल की जाएगी।

### झांकियों में इन चीजों की दिखेगी झलक

झांकियों में मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के तहत जिला शिमला से अन्य राज्यों के भ्रमण पर गए बच्चे, रोहडू की स्पैल वैली, छात्रों को एक प्रतिशत ब्याज पर ऋण, समज त्रासदी में डीएनए मैपिंग की भूमिका, विंटर कार्निवाल, सीए स्टोर, मक्की की खरीद, दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र, पत्तल बनाने और लंगर परोसने आदि की झलकियना देखने को मिलेंगी।

**चयनित स्थान पर लोगों के लिए रखी जाएंगी झांकियां :** उन्होंने कहा कि इस बार शहर के चयनित स्थानों पर झांकियों को 26 और 27 जनवरी 2025 को रखा जाएगा ताकि आम जनता झांकियों को देख सके और सरकार की योजनाओं की जानकारी ले सके।

# कांग्रेस सरकार घोटालेबाजों की सरकार : सुरेश कश्यप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस सरकार में एक के बाद एक घोटाला सामने आ रहा है, यह सरकार घोटालेबाजों की सरकार के नाम से जानी जाएगी। उन्होंने कहा कि ठियोग में जल शक्ति विभाग के पानी के घोटाले के बाद विभाग का एक और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है।

ठियोग की क्यार व कमाह पंचायत के दर्जनों गांवों के लिए बनाई सिंचाई योजना में पानी छोड़ने का ट्रायल किया तो फटे पांच इंच के पाइपों से पानी बहने लगा और खेतों में पानी नहीं पहुंचा। कश्यप ने सरकार से पूछा कि ऐसी क्या नौबत आ गई की सरकार को निम्न गुणवत्ता के पाइप इस्तेमाल करनी पड़ गई ? गौर करने वाली बात यह है कि ठियोग के इसी क्षेत्र में ही सामने आए पानी सप्लाई के घोटाले के मामले में अधिशासी अभियंता को दो दिन पहले निलंबित किया है तो जांच अगर होनी भी है तो करेगा कौन।

उन्होंने कहा कि पाइप फटने के सामने आए मामले के बाद अब कसुम्पटी और मतियाना डिवीजन की अन्य योजनाएं भी सरकार के रडार पर हैं। पर इससे पूर्व में सरकार गहरी नींद में सोई हुई थी। स्थानीय जनता का आरोप यह भी है कि अधिकारियों ने क्यार-कमाह सहित क्षेत्र की अन्य पेयजल और सिंचाई योजनाओं के विजिट में ही लाखों रुपए खर्च कर दिए। इस योजना से क्यार और कमाह पंचायतों के लिए हजारों किसानों के खेतों को पानी की सप्लाई होनी है।

अनंत ज्ञान
www.anantgyaan.in
कांगड़ा | मंगलवार, 7 जनवरी 2025

# मकर संक्रांति

# अद्भुत है महिमा मां बज्रेश्वरी धाम कांगड़ा की

## मकर संक्रांति पर्व पर माता की पिंडी पर होगा 21 क्विंटल मक्खन का लेप



विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ बज्रेश्वरी देवी मंदिर में इस बार माता की पिंडी पर 21 क्विंटल मक्खन का लेप चढ़ाया जाएगा। पुजारियों द्वारा मक्खन बनाने की विधि को शुरू कर दिया गया है। जनश्रुतियों के अनुसार युद्ध में महिषासुर को मारने के बाद जब देवी मां को कुछ चोटें आई थीं, उन चोटों को दूर करने के लिए देवी ने नगरकोट में अपने शरीर पर मक्खन लगाया था। इस प्रकार इस दिन को चिह्नित करने के लिए देवी की पिंडी को मक्खन से ढका जाता है और मंदिर में एक सप्ताह तक उत्सव मनाया जाता है। जब पिंडी से मक्खन हटाया जाता है तो उसे भक्तों में बांटा जाता है। यह उत्तर भारत के सबसे व्यस्त मंदिरों में से एक है। यहां मूर्ति पिंडी के रूप में है। यहां ध्यानू भगत की एक मूर्ति है, जिसने देवी को अपना सिर अर्पित किया था। मकर संक्रांति के दौरान मंदिर में एक विशाल मेला आयोजित किया जाता है। मंदिर में हिंदू भक्त ही शीश नहीं झुकाते, बल्कि मुस्लिम और सिख धर्म के भी इस धाम में आकर अपनी आस्था के फूल चढ़ाते हैं। बज्रेश्वरी देवी मंदिर के तीन गुंबद तीन धर्मों के प्रतीक माने जाते हैं। पहला हिंदू धर्म का प्रतीक है जिसकी आकृति मंदिर जैसी है तो दूसरा मुस्लिम समाज का और तीसरा गुंबद सिख संप्रदाय का प्रतीक है। प्रस्तुति : संजय अग्रवाल, धर्मशाला



### आसान नहीं है मक्खन बनाने की विधि



**मकर** संक्रांति पर मां की पिंडी पर चढ़ने वाले मक्खन को बनाने की विधि आसान नहीं है। ठंड के बावजूद देसी घी को शीतल जल में एक सौ एक बार धोकर मक्खन बनाने के दौरान हाथ सुन्न से हो जाते हैं, पर मां के आशीर्वाद से यह काम जारी रहता है। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी राम प्रसाद शर्मा का कहना है कि माता के आशीर्वाद से घृत पर्व के सभी कार्य स्वयं हो जाते हैं। 14 जनवरी की रात्रि मां की पावन पिंडी पर मक्खन का लेप किया जाएगा। साथ ही मेवों और फलों से भी सजाया जाएगा।





### नगरकोट की देवी

**बज्रेश्वरी** देवी मंदिर को नगरकोट की देवी व कांगड़ा देवी के नाम से भी जाना जाता है और इसलिए इस मंदिर को नगरकोट धाम भी कहा जाता है। बज्रेश्वरी देवी हिमाचल प्रदेश का सर्वाधिक भव्य मंदिर है। मंदिर के सुनहरे कलश के दर्शन दूर से ही होते हैं। वर्तमान में उत्तर भारत की नौ देवियों की यात्रा में मां कांगड़ा देवी शामिल हैं। अन्य देवियां वैष्णो देवी से लेकर सहारनपुर की शाकंभरी देवी तक है। कांगड़ा के राजा मेघ चंद के तीसरे बेटे राजा प्रताप चंद जो कांगड़ा से भिम्बर रियासत में जा बसे उनके वंशज चिब राजपूतों की यह कुलदेवी भी है।

### कांगड़ा में गिरा था देवी सती का बायां वक्षस्थल

**पौराणिक** कथा के अनुसार, माता सती ने अपने पिता दक्ष की सहमति के बिना शिव से विवाह किया था, इससे दक्ष काफी नाराज थे। यक्ष ने एक यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें शिव और सती को छोड़कर सभी को आमंत्रित किया गया। हालांकि, सती शिव की अनुमति के बिना समारोह में भाग लेने चली गईं। देवी सती के पिता दक्षेस्वर द्वारा किये यज्ञ कुंड में उन्हें न बुलाने पर उन्होंने अपना और भगवान शिव का अपमान समझा और उसी हवन कुंड में कूदकर अपने प्राण त्याग दिए थे। तब भगवान शंकर देवी सती के मृत शरीर को लेकर पूरे ब्रह्मांड के चक्कर लगा रहे थे। उसी दौरान भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से सती के शरीर को 51 भागों में विभाजित कर दिया था और उनके ऊग धरती पर जगह-जगह गिरे। जहां उनके शरीर के अंग गिरे वहां एक शक्तिपीठ बन गया। उसमें से सती का बायां वक्षस्थल इस स्थान पर गिरा था जिसे मां बज्रेश्वरी या कांगड़ा माई के नाम से पूजा जाता है।

### पांडवों से भी जुड़ा है इतिहास

**कहा** जाता है कि मूल मंदिर महाभारत के समय पौराणिक पांडवों द्वारा बनाया गया था। किंवदंती कहती है कि एक दिन पांडवों ने देवी दुर्गा को अपने सपने में देखा था जिसमें उन्होंने उन्हें बताया था कि वह नगरकोट गांव में स्थित है और यदि वे खुद को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो उन्हें उस क्षेत्र में उनके लिए मंदिर बनाना चाहिए अन्यथा वे नष्ट हो जाएंगे। उसी रात उन्होंने नगरकोट गांव में उसके लिए एक शानदार मंदिर बनवाया। 1905 में मंदिर को एक शक्तिशाली भूकंप से नष्ट कर दिया गया था और बाद में सरकार द्वारा इसका पुनर्निर्माण किया गया था। महमूद गजनी ने इस मंदिर को नष्ट कर यहां मस्जिद बना दी थी, परंतु जल्द ही यहां दूसरी बार मंदिर बना दिया गया।





# बैजनाथ शिव मंदिर में शुद्ध घी से तैयार होगा भव्य घृत मंडल

*ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ में मकर संक्रांति पर विशेष धार्मिक आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। भगवान शिव की आराधना के लिए इस वर्ष शिवलिंग पर सवा तीन क्विंटल शुद्ध घी से भव्य घृत मंडल तैयार किया जाएगा। तहसीलदार रमन ठाकुर ने बताया कि इस धार्मिक अनुष्ठान के लिए तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं। मंदिर को भव्य रूप देने के लिए इसे प्राकृतिक फूलों और विद्युत चलित लड़ियों से सजाया जाएगा, जिससे मंदिर परिसर अत्यंत मनमोहक और दिव्य प्रतीत होगा। घृत मंडल की यह परंपरा बैजनाथ मंदिर की खासियत है, जो भगवान शिव की महिमा का प्रतीक मानी जाती है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए इस आयोजन में सम्मिलित होंगे।* प्रस्तुति : जितेंद्र कौशल, बैजनाथ

### विशेष धार्मिक कार्यक्रम

मकर संक्रांति के दिन सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक आयोजित किया जाएगा। भक्तों के लिए दर्शन की सुविधा और सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। श्रद्धालुओं को आयोजन का आनंद उठाने के लिए उचित मार्गदर्शन और प्रबंधन सुनिश्चित किया गया है। मंदिर प्रशासन का श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि वे मंदिर के इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करें और मकर संक्रांति के इस पवित्र पर्व को उत्साह और भक्ति के साथ मनाएं।



### प्रशासन और प्रबंधन की तैयारियां

मंदिर प्रबंधन समिति और प्रशासन ने साफ-सफाई, यातायात और सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, मंदिर परिसर में पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए धार्मिक अनुष्ठान किए जाएंगे।

# पांडवों ने बनवाया था त्रिलोकीनाथ मंदिर



रानी सुल्ताना ने 500 वर्ष पहले करवाया था पुनर्निर्माण

### ब्यास किनारे विराजते हैं तीनों लोकों के नाथ



**पुरानी** मंडी का त्रिलोकीनाथ मंदिर शिव भगवान को समर्पित है। मंदिर के गर्भगृह में त्रिलोकीनाथ की सुंदर और प्राचीन प्रतिमा स्थापित है। इसके साथ ही राजकुल की अधिष्ठात्री नारदा-शारदा देवी की भी प्रतिमाएं स्थापित हैं। इस मंदिर का पुनर्निर्माण राजा अजवर सेन की पत्नी सुल्ताना देवी ने कलि संवत 2264 शक संवत 1442 (1520 ई.) में करवाया था। शिखर शैली में निर्मित इस मंदिर के प्रमुख भागों में क्रमशः वर्गाकार गर्भगृह, अंतराल एवं एक वृहत मंडप की योजना है। गर्भगृह में त्रिमुखी शिव पार्वती के साथ आलिंगन मुद्रा में नंदी और शेर के ऊपर जो कि सुंदर आदम कद रूप में प्रतिष्ठित है। गर्भगृह की योजना पंचरथीय है जिसके वाह्य दीवार पर 2 पंक्तियों में आले बने हुए हैं, उनमें उमा महेश्वर, महिषासुर मर्दिनी एवं नृत्य रत प्रतिमाओं से सुसज्जित हैं। ललाट बिंब गणेश की प्रतिमा का अंकन है जो दो पहरदार (धारीदार) स्तंभों पर आधारित एवं तोरण में दोनों ओर से दो हाथियों को मस्तकाभिषेक करते हुए दर्शाया गया है। ऊपरी भाग में क्रमबद्ध संगीतज्ञ एवं नृत्य प्रतिमाओं का अंकन है। शैवेत्य द्वारपालों को गर्भ गृह के दोनों और दिखाया गया है। सुंदर नक्काशी द्वार शाखाएं मानव आकृति एवं पुष्पीय आकृतियों से सुसज्जित हैं। आयताकार मंडप के चारों किनारों पर लघु सीकर की योजना है, जो हाथियों के ऊपर बने हैं। बाहरी दीवारों पर लघु आलय बने हुए हैं, जबकि दो बाहर निकले हुए झरोखे हैं, जिनके दीवारों पर घुड़सवारों एवं काम कला से संबंधित दृश्य दिखाए गए हैं। मंडप की छत चार स्तंभों पर आधारित है, इसके अतिरिक्त कुछ लघु देवालियों जो शिव को समर्पित हैं दर्शनीय हैं। मंदिर के अंदर रखी हुई अन्य मूर्तियां भी पुरावशेष की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। स्थापत्य एवं मूर्तिकला की महत्ता की दृष्टि से भारत सरकार ने इसे राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया है।

### पुरातत्व विभाग आज तक नहीं करवा पाया कार्बन डेटिंग

**त्रिलोकीनाथ** का मंदिर पांडवों द्वारा बनाया गया था, लेकिन समय के साथ साथ यह खंडहरों में बदल गया। रानी सुल्ताना ने इसका पुनर्निर्माण करवाया था। हालांकि पुरातत्व विभाग ने आज दिन तक नगर के 3 सबसे पुराने मंदिरों की कार्बन डेटिंग नहीं करवाई है, जिससे इसका खुलासा हो सके कि यह पांडव कालीन हैं या नहीं। लोक प्रचलित कथाएं इनको पांडवों द्वारा ही निर्मित बताती हैं। इस बात का प्रमाण देवी नारदा शारदा की कथा में भी मिलता है।

### देवी नारदा शारदा ने जला दिया था सारा गांव

**देवी** नारदा शारदा का मूल स्थान सुकेत रियासत की पहाड़ी गांव बहली में स्थित है। कहा जाता है कि यहां देवी की मूर्तियां द्वापर युग से स्थापित हैं। प्राचीन काल में देवी के परिसर में पशुओं का जाना निषेध था। अगर गलती से किसी का पशु देवी के परिसर में चला जाता था तो पशु मालिक को दंड भरना पड़ता था। एक बार एक व्यक्ति के पशु गलती से माता के परिसर में चले गए, परंतु उस व्यक्ति ने इस बात को कबूल नहीं किया वह व्यक्ति माता का अन्य भंडारी था। गलती न कबूल करने पर देवी ने पूरे गांव को राख कर दिया, परंतु उस घर में रखे देवी के अनाज को कुछ नहीं हुआ। एक अन्य कथा के अनुसार, संक्रांति को क्षेत्र में भारी बर्फबारी हुई, इस कारण लोगों ने मंदिर न जाकर देवी की पूजा घर से ही पूजा कर दी, तब देवी ने क्रोध में आकर बर्फबारी सहित पूरे गांव को जला दिया। जलने के निशान अभी भी देखे जा सकते है, इन पत्थरों का रंग जलने के कारण लाल हो गया है। प्रस्तुति : अनिल शर्मा, नौबाही, मंडी।

### पौराणिक है विजय स्तंभ


*मंदिर का प्रांगण में नगर का सबसे बड़ा हवन कुंड बना हुआ है। इसके साथ ही लंगूर रूप में हनुमान, आदि शक्ति, पर्वतयान शिवलिंग हवन कुंड के साथ ही स्थापित हैं। दक्षिण उत्तर दिशा में एक स्तंभ स्थापित है, जो मंदिर को रानी सुल्ताना के पुनर्निर्माण से पहले के काल को प्रमाणित करता है। परिसर में अन्य कई छोटे-छोटे मंदिर हैं। इस क्षेत्र में मृत्यु के बाद शव को मंदिर के बाहर क्षण भर के लिए अवश्य रखा जाता है।*

# भरतपुर में है दुनिया का सबसे भव्य गंगा मां का मंदिर

## 90 साल में बनकर तैयार हुए मंदिर की नक्काशी अद्भुत और आकर्षक

यूं तो देश में गंगा मां के अनेक मंदिर मिल जाएंगे, लेकिन राजस्थान के भरतपुर में स्थित गंगा मैया के मंदिर जैसा पूरी दुनिया में विशाल और भव्य मंदिर दूसरा नहीं मिलेगा। यहां हर दिन गंगा मैया का गंगाजल से अभिषेक किया जाता है और श्रद्धालुओं को भी प्रसाद के रूप में गंगाजल ही वितरित किया जाता है। मंदिर में सालभर में 15 हजार लीटर गंगाजल से अभिषेक और प्रसाद वितरित किया जाता है। 90 साल में बनकर तैयार हुए मंदिर की नक्काशी, स्थापत्यकला और भव्यता अपनेआप में अद्भुत और आकर्षक है।





### गंगा मां ने पुत्र दिया महाराज ने मंदिर बनवाया

**भरतपुर रियासत के महाराजा बलवंत सिंह को कोई संतान नहीं थी। राजपुरोहित ने उन्हें हरिद्वार के हर की पौड़ी पहुंचकर गंगा मैया से संतान प्राप्ति के लिए प्रार्थना करने की सलाह दी। महाराजा बलवंत सिंह ने हर की पौड़ी पहुंचकर गंगा मैया से पुत्र प्राप्ति के लिए प्रार्थना की। कुछ समय पश्चात महाराजा बलवंत सिंह को महाराजा जसवंत सिंह के रूप में पुत्र प्राप्ति हुई।**

### 5 पीढ़ियों ने कराया निर्माण

**पुत्र** प्राप्ति के बाद महाराजा बलवंत सिंह ने वर्ष 1845 में भरतपुर में गंगा मां के मंदिर के निर्माण की नींव रखी। मंदिर के निर्माण के लिए कुशल कारीगर और शिल्पकारों को बुलाया गया। बंसी पहाड़पुर के प्रसिद्ध पत्थर से गंगा मां का मंदिर निर्माण कार्य शुरू कराया गया। मंदिर की नक्काशी, स्थापत्य कला और भव्यता का पूरा ख्याल रखा गया। यही वजह है कि महाराजा बलवंत सिंह के बाद भी 4 पीढ़ियों तक मंदिर का निर्माण कार्य चलता रहा और 5 पीढ़ियों ने 90 वर्ष में मंदिर का निर्माण पूर्ण कराया।

### मुस्लिम ने गढ़ी मां की मूर्ति

**सवाई** बृजेंद्र सिंह ने 22 फरवरी 1937 को मंदिर में गंगा मां की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई। मूर्ति का निर्माण एक मुस्लिम मूर्तिकार ने किया था। पंडित आज भी गंगा मां की मूर्ति का जब श्रृंगार किया जाता है, तो उनके कान में कुंडल और नाक में नथनी मोम के माध्यम से पहनाई जाती है।

### 160 किमी दूर से टैंकरों से लाया जाता है गंगाजल

**गंगा** मां की मूर्ति का हर दिन गंगाजल से अभिषेक किया जाता है। साथ ही हर दिन मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में गंगाजल ही वितरित किया जाता है। इसके लिए करीब 160 किलोमीटर दूर से टैंकरों में भरकर गंगाजल लाया जाता है और उसे मंदिर की विशाल टंकी में भर कर रखा जाता है। सालभर अभिषेक और प्रसाद में 15 हजार लीटर गंगाजल खर्च होता है।

### 84 खंभों पर टिकी है दो मंजिला इमारत

**दावा** किया जाता है कि यूं तो हरिद्वार, ऋषिकेश और देश के अलग-अलग हिस्सों में गंगा मां के तमाम मंदिर मिल जाएंगे, लेकिन भरतपुर के गंगा मंदिर जैसा भव्य और विशाल मंदिर भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में कहीं नहीं मिलेगा। दो मंजिला गंगा मंदिर की इमारत 84 खंभों पर टिकी है। मंदिर का सामने का भाग मुगल शैली पर आधारित है, जबकि पीछे का हिस्सा बौद्ध शैली में निर्मित किया गया है। मंदिर में छतों पर बने फूल पत्ते, खंभों की सपाट, दरवाजों पर पच्चीकारी, मेहराबों की गढ़ाई अपने आप में आकर्षक हैं।

### धरती पर अवतरित हुई थीं गंगा मां

**जेष्ठ** मास में शुक्ल पक्ष में दसवीं के दिन गंगा मां स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थी, इसीलिए गंगा दशहरा का पर्व मनाया जाता है। आज के दिन गंगा मां का दूध, दही, घी, शहद, गंगाजल (पंचामृत) से अभिषेक किया जाता है। उसके बाद श्रद्धालुओं को पंचामृत का प्रसाद वितरित किया जाता है। गंगा दशहरे के दिन मंदिर में विशेष फूल बंगला झांकी और सजावट की जाती है।

## न्यूज ब्रीफ

### डाडासीबा उपमंडल के तहत आज पावर कट

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल डाडासीबा के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि 7 जनवरी को 11 केवी बढ़ल फीडर की उचित मरम्मत एवं रखरखाव हेतु विद्युत सप्लाई सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। इस दिन नंगल चौक रोड़ी कोड़ी, चनौर, बढ़ल, निचला भलवाल, जंबल, बस्सी आदि गांव प्रभावित होंगे।




### सिद्धपुर के तहत आज व कल बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर कर्म चंद भारती ने बताया कि 33/11 केवी सब स्टेशन सिद्धपुर में स्मार्ट सिटी के कार्य के चलते 7 जनवरी को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक त्रिलोकिनाथ मंदिर, सीता राम कालोनी, चटोरी गली और साथ लगते क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। 8 जनवरी को घयारी पुल, रक्कड़, घंटा घर और आसपास के इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। मौसम खराब होने या अन्य आकस्मिक आपदा में ये कार्य स्थगित या आंशिक रूप से किया जा सकता है।

### हिम साई ज्योति स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह

**अजय पाल, पालमपुर।** हिम साई ज्योति पब्लिक स्कूल तिनबड़ में अपना 22वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया। इस समारोह में पीआरपीडब्ल्यू संस्था के अध्यक्ष अमर सिंह बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। स्कूल के अध्यक्ष हेम राज ने शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। उसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। समारोह में स्कूल के बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए, जिसमें धार्मिक, पहाड़ी, हिंदी व पंजाबी गानों पर डांस करके कार्यक्रम में आए लोगों का खूब मनोरंजन किया। प्रधानाचार्य ऋतु वर्मा ने सत्र 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्कूल के अध्यक्ष हेम राज ने कहा कि चंगर धार क्षेत्र में एकमात्र हमारा प्राइवेट स्कूल है, जिसमे विज्ञान की कक्षाएं भी चलाई जाती हैं, जिससे यहां के विद्यार्थियों को मेडिकल या नॉन मेडिकल की पढ़ाई के लिए दूर नहीं जाना पड़ता है। इस मौके पर रमेश चंद, मनोहर लाल, प्रताप चंद, सुरेश चंद, अविभावक व बहुत से गणमान्य लोग उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



### टैलेंट का महासंग्राम-2024 के विजेता सम्मानित

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** आपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट के बैनर तले हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी नववर्ष पर जश्न ए धमाका सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में टैलेंट का महासंग्राम-2024 के विजेताओं को हिमालयन सुपरस्टार टाइटल अवॉर्ड देकर आपना कांगड़ा एंटरटेनमेंट संस्था के अध्यक्ष सुमित गुप्ता ने सम्मानित किया। कार्यक्रम का आयोजन यात्री सदन में किया गया। मुख्यातिथि वीरेंद्र चौधरी व विशेष अतिथि संजीव पटियाल, नरेंद्र त्रेहन ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुतियां दी गई, जिसमें मुख्यतः भारतीय संस्कृति को मंत्र उच्चारण के द्वारा अदिति अपराजिता और उमा शर्मा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर लव कुश और राम लक्ष्मण की भी सुंदर झांकियां निकाली गईं। हिमाचल प्रदेश के नंबर वन झांकी कलाकार टिंकू बिहाल और देशराज राणा को सम्मानित किया गया।



### अवैध खनन करने पर 3 ट्रैक्टरों के चालान

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पंजाब हिमाचल सीमा पर स्थित चक्की खड्ड में अवैध खनन की सूचना मिलने पर माइनिंग ऑफिसर नूरपुर सुरेश ठाकुर ने माइनिंग गार्ड सन्नी जसवाल को मौके पर भेजा तथा उन्होंने तीन ट्रैक्टरों के चक्की दरिया में अवैध खनन करने पर चालान काटे। इसकी पुष्टि करते हुए माइनिंग ऑफिसर नूरपुर ने बताया कि अवैध खनन सरकार के आदेशों के चलते कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### उचित मूल्य की दुकान के लिए मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** जिला नियंत्रक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले धर्मशाला पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि जिला कांगड़ा के विकास खंड पंचरुखी की ग्राम पंचायत सुंगल वार्ड न. 3 में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत उचित मूल्य की दुकान आवंटित की जानी है, जिसके लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 22 जनवरी है। इसके लिए इच्छुक व्यक्तियों/संस्थाओं से आवेदन आमन्त्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र पर वांछित दस्तावेजों सहित वेबसाइट पर 22 जनवरी तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके बाद भेजे गए आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे। अधिक जानकारी के लिए विभाग के दूरभाष नंबर 01892-222877 पर सभी कार्य दिवस के दौरान संपर्क कर सकते हैं।

### बड़ूखर से धर्मशाला को चलाई जाए सरकारी बस

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** बड़ूखर से धर्मशाला वाया फतेहपुर जाने वाली निजी बस पिछले लंबे समय से बंद पड़ी है, जिस कारण जहां लोगों को परेशानी हो रही है तो वहीं भिन्न-भिन्न क्षेत्रों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चे भी समय पर शिक्षण केंद्रों पर नहीं पहुंच रहे हैं। इस बारे सोमवार को फतेहपुर में जानकारी देते हुए पंचायत भटियों के प्रधान सतीश कुमार व उपप्रधान पूर्ण चंद ने बताया कि उक्त बस उनके क्षेत्र भटोली से सुबह करीब 7 बजे निकलती थी, जिसमें ज्यादातर कॉलेज जाने वाले बच्चे व जिला मुख्यालय धर्मशाला जाने वाले लोग सफर करते थे। पिछले लगभग एक साल से बस बंद है। उन्होंने संबंधित विभाग व सरकार से अपील की है कि उक्त समय पर उक्त रूट पर सरकारी बस चलाई जाए।

### पठानिया ने नवाजे रजोल स्कूल के मेधावी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रजोल के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत कर मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ खेल का भी विशेष महत्व है। पठानिया ने स्कूल के लिए कबड्डी ट्रैक बनाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को बेहतर गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए शिक्षा के साथ शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के माध्यम से जहां हम ज्ञान अर्जित करते हैं, वहीं मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए खेलों में भाग लेना भी जरूरी है।

### सकड़ी स्कूल के अमन ने जीता गोल्ड मेडल

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर ब्वॉयज बॉक्सिंग चैंपियनशिप अर्की, जिला सोलन में 1 से 3 जनवरी के बीच में आयोजित की गई। इस प्रतिस्पर्धा में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकड़ी, बैजनाथ के दस वन कक्षा के छात्र अमन कुमार ने 46 किलोग्राम में जिला कांगड़ा का प्रतिनिधित्व किया और गोल्ड मेडल हासिल कर अपना स्थान नेशनल चैंपियनशिप के लिए पक्का किया। अमन कुमार की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य चंद्रपाल राणा ने बधाई दी तथा भविष्य में भी इस तरह का प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### मकर संक्रांति की संध्या के लिए होंगे ऑडिशन

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा के जिला स्तरीय मकर संक्रांति घृतमंडल पर्व के दौरान 15 जनवरी को कांगड़ा के नगर परिषद मैदान में भव्य सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस सांस्कृतिक संध्या में युवाओं को भी अपनी प्रतिभा को दिखाने का मौका दिया जा रहा है। एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल के निर्देशानुसार 11 जनवरी को सुबह 11बजे से लेकर शाम 4 बजे तक जीएवी सीनियर सेकेंडरी स्कूल कांगड़ा में इच्छुक उम्मीदवारों के ऑडिशन लिए जाएंगे। जो भी युवा मकर संक्रांति सांस्कृतिक संध्या में भाग लेना चाहते हैं, वे अपना ऑडिशन चयनित स्थान पर दे सकते हैं।

### पीआरटीसी कर्मचारियों की हड़ताल जारी

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** पठानकोट में भी पनबस और पीआरटीसी के कर्मचारियों ने बाकी जिलों की भांति मांगों को लेकर अपनी हड़ताल जारी रखी है। यह हड़ताल आने वाले दो दिन और चलेगी। कर्मचारियों ने सरकार खिलाफ रोष भी जताया है। उनका कहना है कि प्रांत में आम आदमी पार्टी की सरकार बने 2 वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है और विधानसभा चुनावों दौरान आप पार्टी के द्वारा सभी कच्चे कर्मचारियों के साथ वादा किया था कि सरकार बनते ही उनको रेगुलर किया जाएगा, लेकिन दो साल का समय बीत जाने के बावजूद कर्मचारियों के हाथ खाली है और आज खुद को वे ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

# ढगवार में मिल्क प्लांट बनने से पशुपालकों की बढ़ेगी आय : डीसी

## हेमराज बैरवा ने दूध प्रसंस्करण संयंत्र के लिए चयनित भूमि का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने सोमवार को जिला कांगड़ा के ढगवार में बनने वाले स्वचालित दूध प्रसंस्करण संयंत्र के लिए चयनित भूमि का निरीक्षण कर यहां हो रही प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान हिमाचल प्रदेश मिल्कफेड के एमडी डॉ. विकास सूद भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने कहा कि हिमाचल प्रदेश सरकार 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन (एलएलपीडी) की प्रारंभिक क्षमता वाला एक स्वचालित दूध प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित कर रही है, जिसे 3 लाख लीटर प्रतिदिन (एलएलपीडी) तक बढ़ाया जा सकता है। सरकार द्वारा इसके लिए



पहले चरण में लगभग 250 करोड़ व्यय किए जा रहे हैं। यह अत्याधुनिक सुविधा दूध, टोंड दूध, डबल टोंड दूध, दही, पनीर, लस्सी, खोआ और मोजेरेला चीज सहित मूल्यवर्धित डेयरी उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला का उत्पादन करेगी। उन्होंने बताया कि इस संयंत्र का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के पशुपालकों को उनके दूध के लिए एक विश्वसनीय बाजार प्रदान करके सीधे लाभ पहुंचाना है। इस संयंत्र के लिए दूध की खरीद प्रमुखतः चार जिलों कांगड़ा, ऊना, चंबा और हमीरपुर पर केंद्रित होगी, जिससे स्थानीय डेयरी किसानों के बीच व्यापक भागीदारी और समावेशिता सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि उच्च गुणवत्ता वाले डेयरी उत्पादों के उत्पादन के माध्यम से दूध के मूल्य को बढ़ाकर, यह संयंत्र पशुपालकों की आय को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। इस पहल से आजीविका के नए अवसर पैदा होने, डेयरी फार्मिंग की लाभप्रदता में सुधार होने और क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि ढगवार स्थित दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र के स्तरोन्नयन से दूध की खरीद, प्रसंस्करण और विपणन प्रणाली सुदृढ़ होगी। यह किसानों और पशुपालाकों को सशक्त बनाने और उनके सतत विकास सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# महाराणा प्रताप इंटरनेशनल स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह



**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल धर्मगिरी, पठियार में सोमवार को वार्षिक समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में लोकसभा सांसद राजीव भारद्धाज मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह में बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं, मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षा और सह-शैक्षिक गतिविधियों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने कहा, 'विद्यालयों में ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।' उन्होंने छात्रों को उनकी मेहनत और प्रदर्शन के लिए बधाई दी व अध्यापकों से बच्चों मे नैतिक गुणों को भरने का आग्रह किया। बच्चों के रंगारग कार्यक्रम से खुश होकर सांसद ने 21000 हजार राशि देने का ऐलान किया तथा विद्यालय के मैदान के कार्य को पूरा करने के लिए अपने सांसद निधि से 17 लाख देने की घोषणा की। मुख्यातिथि ने स्कूल के मेधावी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक कुलदीप ठाकुर, प्रबंधक सुभाष पठानिया, प्रधानाचार्या रोजी मनकोटिया ने सबका धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

# सचिन शर्मा को दूसरी बार जिला कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष का दायित्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

संगठनात्मक चुनावों में सोमवार को धर्मशाला में सचिन शर्मा को दूसरी बार कांगड़ा भाजपा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। प्रदेश भाजपा महामंत्री एवं चुनाव अधिकारी त्रिलोक कपूर ने कांगड़ा भाजपा संगठनात्मक जिला अध्यक्ष के पद पर सचिन शर्मा के नाम की घोषणा की।

धर्मशाला में पार्टी नेताओं ने सर्वसम्मति से सचिन का नाम तय किया और उसके बाद सचिन शर्मा ने जिला अध्यक्ष के पद के लिए नामांकन पत्र भरा था। सचिन को दूसरी बार जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर बताया जा रहा है कि सचिन शर्मा की जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्ति जुलाई 2023 में हुई और अभी तक उन्होंने करीब डेढ़ साल का कार्यकाल ही पूरा किया, जबकि पार्टी संविधान के अनुसार तीन साल का कार्यकाल निर्धारित है।



धर्मशाला विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा को विजय दिलाने में भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. विशाल नैहरिया के साथ ही जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। दूसरी बार अध्यक्ष बनने पर सचिन शर्मा ने कहा कि वह पहले भी अपनी जिम्मेदारियों पर खरा उतरे थे तथा एक बार फिर से वह पार्टी को मजबूत करने के लिए निष्ठा से कार्य करेंगे।

## राजेश काका बने नूरपुर जिला भाजपा के अध्यक्ष



**भूषण शर्मा, नूरपुर।** भाजपा के संगठनात्मक जिला नूरपुर के जिला अध्यक्ष पद की घोषणा सोमवार को की गई। जिला की बागडोर पार्टी ने राजेश काका को सौंपी गई। राजेश काका पूर्व में जिला महामंत्री रह चुके हैं। प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी डॉ. राजीव भारद्वाज और कांगड़ा-चंबा चुनाव प्रभारी विपिन परमार की अध्यक्षता में राजेश काका के नाम की घोषणा की गई। जिला अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी मिलने पर राजेश काका ने पार्टी के समस्त शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि जीला अध्यक्ष एक महत्वपूर्ण पद है और उनकी प्राथमिकता रहेगी कि वह इस जिम्मेदारी पर खरा उतरें। (अनंत ज्ञान)

# कर्नल रमेश ने सम्मानित किए पूर्व सैनिक स्कूल सद्दूं बरग्रां के होनहार

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



पूर्व सैनिक पब्लिक स्कूल सद्दूं बरग्रां में सोमवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व सैनिक संगठन नगरोटा बगवां के मुख्य संरक्षक कर्नल रमेश वालिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के महत्व के बारे में समझाया और विशेष रूप से बच्चों और उनके साथ आए हुए अभिभावकों को बताया कि यदि विद्यार्थी एक मजबूत सैन्य पृष्ठभूमि और जिज्ञासा के साथ अच्छी शिक्षा प्राप्त करते हैं, तो भारतीय सेना, नौ सेना और वायु सेना में जाने के बहुत सारे विकल्प उनके पास होंगे। उन्होंने विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित भी किया। वहीं, स्कूल के निदेशक पवन डोगरा ने कहा कि पूर्व सैनिक पब्लिक स्कूल का मुख्य उद्देश्य अनुशासित वातावरण, समग्र शिक्षा, नेतृत्व विकास, शारीरिक फिटनेस पर ध्यान और देशभक्ति तथा राष्ट्रीय गौरव की प्रबल भावना शामिल करना है। यहां पर बच्चों की चहुंमुखी प्रतिभा के निखार के लिए कई तरह की एक्टिविटी करवाई जाती हैं, ताकि क्षेत्र के बच्चे अच्छी शिक्षा पाकर ऊंचे मुकाम तक पहुंच सकें। इस दौरान कैप्टन सुरिंदर पठानिया, कैप्टन किशोरी शर्मा, आर्मी रिटायर्ड रवि कुमार, किशोरी लाल, बलदेव, सतीश कुमार तथा बच्चों के साथ समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# आर्मी ट्रक और बोलेरो में टक्कर दो बुजुर्ग घायल

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पठानकोट-मंडी नेशनल हाईवे पर 32 मील चौक पर आर्मी ट्रक व बोलेरो की जोरदार टक्कर हो गई, जिससे बोलेरो में सवार पांच लोगों में से दो बुजुर्गों को गंभीर चोटें आई हैं। उन्हें उपचार हेतु सिविल अस्पताल शाहपुर ले जाया गया है। शाहपुर अस्पताल में दो बुजुर्ग लोगों की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें टांडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है, जहां पर दोनों बुजुर्गों का इलाज चल रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आर्मी ट्रक कांगड़ा से पठानकोट की तरफ जा रहा था कि बोलेरो गाड़ी सोलदा से कुठेड़ की तरफ जा रही थी। 32 मील चौक पर जैसे ही बोलेरो मोड़ काटने लगी तो आर्मी ट्रक से जीप की टक्कर हो गई। बोलेरो में बैठे पांच सवारों में से दो बुजुर्ग घायल हो गए। इस मामले की पुष्टि नूरपुर पुलिस जिला के एसपी अशोक रत्न ने की है।

# आईटीआई बड़ोह सरोत्री में इंटरव्यू 9 को

**अनंत ज्ञान, नगरोटा।** आईटीआई बड़ोह सरोत्री में 9 जनवरी को श्री राम पिस्टन एंड रिंग्स लिमिटेड पथरौड़ी मिवाड़ी (राजस्थान) द्वारा कैंपस इंटरव्यू लिए जाएंगे। इंटरव्यू ने फिटर, इलेक्ट्रिशियन, एमएमवी, टर्नर, टूल एंड डाई मेकर, मैकेनिस्ट आदि ट्रेड के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इसके अतिरिक्त 10वीं एवं 12वीं पास युवाओं को भी रोजगार का अवसर मिलेगा। इंटरव्यू में भाग लेने हेतु उम्र 18 से 30 वर्ष तक होनी चाहिए। संस्थान की प्रधानाचार्य वंदना कुमारी और ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि आईटीआई पास युवाओं को 14,430 रुपए मासिक वेतन ओर बिना आईटीआई पास युवाओं को 14,130 रुपए मासिक वेतन दिया जाएगा।

# टांडा में पर्ची बनवाने के लिए लंबा इंतजार

**आशीष दमीर, टांडा**

डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल टांडा में रोगियों को जहां पर्ची बनवाने के लिए घंटों कतारों में लग कर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ता है, वहीं पर्ची बनवाने के बाद उसे प्राप्त करने के लिए भी उतना ही इंतजार करना पड़ रहा है।



ऐसी ही स्थिति सोमवार को टांडा के सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक में स्थित पर्ची काउंटर पर देखने को मिली। जहां पर पर्ची काउंटर में बैठी महिला रोगियों को पर्ची देने के लिए उन्हें इंतजार करवा रहा थी। जब इस बाबत कुछ रोगियों ने इसका विरोध करना शुरू किया तो उन्हें कहा गया कि सभी को पर्ची एक साथ ही दी जाएगी, लेनी है तो खड़े रहकर इंतजार करो। इन शब्दों को सुनकर लोग मायूस होकर खड़े रहे। अस्पताल आए राजल निवासी प्रमोद कुमार, वीरता के उत्तम चंद,त्यारा की कांता देवी, समेला से भाग सिंह इत्यादि का कहना है कि उन सबको अपनी-अपनी पर्ची लेने के लिए काफी समय तक लाइनों के बाहर खड़े रहकर इंतजार करना पड़ा। जब उन्होंने इस रोष व्यक्त किया तो उसके बाद उन्हें पर्ची हाथों में थमा दी गई। उनका कहना है कि जब तक वह डॉक्टर के पास गए तो उस समय भोजन अवकाश हो चुका था। उन्हें जहां घंटों इंतजार करना पड़ा। उतना ही समय उन्हें दवाइयां लेने के लिए करना पड़ा। इस कारण उन्हें काफी परेशानियां हुईं। जब रोगियों ने उक्त महिला की शिकायत मीडिया में करने की बात कही तो वह आग बबूला हो गईं और उन्हें और इंतजार करवाने को कहने लगी।

वहीं, इस संदर्भ में टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के रजिस्ट्रेशन कैश काउंटर के इंचार्ज अमित करोल से बात की तो उन्होंने कहा कि स्टाफ की कमी है। यहां 14 कर्मचारी कार्य कर रहे हैं। हमने सरकार को इस बाबत लिखा है। जब उनसे ऐसे व्यवहार पर बात की तो उन्होंने कहा कि किसी कर्मचारी ने अगर किसी के साथ दुर्व्यवहार किया है, तो उसके खिलाफ जांच बिठाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# नगर पंचायत जवाली में शामिल करने पर ढन और ठंगर के लोगों में आक्रोश



**अनिल छांगू, जवाली**

ग्राम पंचायत ढन व पंचायत फारियां के वार्ड ठंगर को नगर पंचायत जवाली में शामिल करने पर प्रदेश सरकार व कृषि मंत्री चंद्र कुमार के खिलाफ लोगों का आक्रोश सातवें आसमान पर है। लोगों ने उनकी पंचायतों को नगर पंचायत में शामिल करने का जोरदार विरोध किया है। उक्त पंचायतों के सैकड़ों लोग सोमवार को अपनी बात को लेकर मंत्री चंद्र कुमार के पास गए, लेकिन मंत्री ने उनकी बात को नहीं सुना। गुस्साए लोगों ने बाहर निकलते ही मंत्री के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

लोगों ने कहा कि हम काफी गरीब हैं तथा पुश्तैनी कार्य करके व दिहाड़ी लगाकर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं। नगर पंचायत के भारी-भरकम टैक्सों को भरना हमारे बस की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में पानी के नलों पर मीटर लगा दिए गए हैं, बिजली के बिल दोगुने आ रहे हैं, घर-घर कूड़ा एकत्रित करने व सफाई की एवज में अलग से पर्ची काटी जाती है और भारी-भरकम गृह कर भी वसूल किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पंचायतों को नगर पंचायत जवाली से बाहर ही रहने दिया जाए अन्यथा हमें सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने को मजबूर होना पड़ेगा। (अनंत ज्ञान)

**कहा, हमें पंचायत में ही रहने दो, नहीं भर पाएंगे भारी-भरकम टैक्स**

# सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज के समक्ष होटल एसोसिएशन ने रखी अपनी मांगें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

होटल एसोसिएशन धर्मशाला द्वारा कुछ मांगों को लेकर कांगड़ा-चंबा के सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज से धर्मशाला में मिले तथा उन्हें एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में केंद्रीय वित्त पोषित परियोजनाओं जैसे वंदे भारत ट्रेन का कांगड़ा तक विस्तार, पठानकोट-जोगिंद्रनगर रेलवे लाइन को ब्रॉड गेज करना, स्वदेश दर्शन 2 योजना के तहत पहल और भारत सरकार की प्रसाद योजना के मुद्दों को उठाया गया। सांसद ने कहा कि उन्होंने पहले ही रेल मंत्री के साथ रेलवे के मुद्दों को उठाया है। वह स्वदेश दर्शन और प्रसाद योजना को राज्य सरकार और संबंधित केंद्रीय मंत्रियों के साथ उठाएंगे। एसोसिएशन के अध्यक्ष अश्वनी बंबा ने बताया कि रेलवे कनेक्टिविटी की कमी तेज और रेलवे सिस्टम की अनुपस्थिति के कारण कांगड़ा पर्यटकों के एक बड़े वर्ग के लिए दुर्गम बना हुआ है। उन्होंने कहा अपर्याप्त बुनियादी ढांचा, पार्किंग, सड़क और पर्यटक सुविधाओं जैसी आवश्यक सुविधाओं को महत्वपूर्ण उन्नयन की आवश्यकता है।


# ऋण अनुपात में सुधार लाने के लिए गंभीर प्रयासों की आवश्यकता: एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

बैंकों की जिला स्तरीय सलाहकार (डीएलआरसी) एवं समन्वय समिति (डीसीसी) तथा जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक का सोमवार को धर्मशाला में आयोजन किया गया। डीआरडीए सभागार में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने बैंक अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिले में कार्यरत सभी बैंकों द्वारा क्रियान्वित की जा रही सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के अन्तर्गत हुई प्रगति तथा वार्षिक ऋण योजना 2024-25 के अंतर्गत सितम्बर 2024 तक के लक्ष्यों तथा उपलब्धियों की समीक्षा की गई। एडीसी ने सभी बैंक को अपने जमा ऋण अनुपात को बढ़ाने के लिए प्लान तैयार करने के लिए कहा। उन्होने बैंको से आशा जताई कि वे जिले के आर्थिक विकास में अपने दायित्वों को समझते हुए ज्यादा से ज्यादा ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को देंगे व लोगों के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने में सहयोग करेंगे।

# भाजपा सिद्धांतों पर आधारित पार्टी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के महामंत्री व जिला कांगड़ा संगठनात्मक चुनाव प्रभारी त्रिलोक कपूर ने कहा है कि भाजपा सिद्धांतों और आदर्शों पर आधारित राजनीतिक दल है। भाजपा सर्वस्पर्शी ओर सर्वव्यापी रास्ते पर काम करने पर विश्वास करती है। संगठन की दृष्टि से आज जिस प्रकार से प्रदेश के भीतर मंडल व जिला के संगठनात्मक चुनाव हुए हैं उनमें समाज के हर वर्ग को प्रतिनिधित्व मिले मंच मिले इस पर चिंतन किया गया है। अगर हम कांगड़ा प्रशासनिक जिले पर नजर दौड़ाएं तो इसमें भाजपा पार्टी के चार संगठनात्मक जिले हैं। देहरा से ओबीसी, पालमपुर से महिला, धर्मशाला से ब्राह्मण वर्ग तथा नूरपुर से अनुसूचित वर्ग तथा चंबा से राजपूत प्रतिनिधित्व दिया गया है। उन्होंने कहा भाजपा पार्टी जो कहती है, उसे पूरा करने में विश्वास रखती है।



**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगड़ा हिमाचल प्रदेश**

क्रमांक नं 04/रीडर॥

दिनांक 06/01/2025

केवल सिंह पुत्र औंकार सिंह निवासी महाल बरंडा महसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. .............वादी

**बनाम** **आम जनता**

.............**प्रतिवादी ( नाम दुरस्ती )**

**ईश्तहार अखबार वाबत आवेदन नाम दुरुस्ती महाल बरंडा तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा**

ईश्तहार अखबार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी केवल सिंह पुत्र औंकार सिंह निवासी महाल बरंडा तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमें निवेदन किया है कि उसके पिता का सही नाम लाल सिंह है, परंतु महाल बरंडा के राजस्व रिकार्ड में उसके पिता का नाम औंकार सिंह पुत्र किरपा दर्ज है, जोकि गलत है। अतः मेरे पिता के नाम की महाल बरंडा के राजस्व रिकार्ड में दुरुस्ती की जाए।

प्रतिवादी आम जनता को इस ईश्तहार अखबार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रार्थी के पिता के नाम की दुरूस्ती होने पर कोई आपत्ति हो तो वह असालतन व वकालतन इस अदालत में दिनांक 11/02/2025 को एतराज पेश कर सकता है। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश नाम दुरूस्ती जारी कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 06/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर व मुहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र.**

**समाजसेवा** टीबी रोगियों की सेवा में संत निरंकारी मिशन बना मिसाल : उपायुक्त

# 100 टीबी रोगियों को भेंट की निक्षय पोषण किट्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत धर्मशाला में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में संत निरंकारी मिशन ने 100 टीबी रोगियों को निक्षय पोषण किटें भेंट कर सेवा की मिसाल पेश की है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में संस्था के प्रतिनिधियों ने पोषण किटें भेंट की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीसी कांगड़ा हेमराज बैरवा ने




संस्था द्वारा किए गए इस पुनीत कार्य के लिए उनकी सराहना की। उपायुक्त ने संत निरंकारी मिशन के इस पहल को समाज सेवा का अनुकरणीय उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि इस पहल से टीबी रोगियों को न केवल पोषण बल्कि मानसिक और सामाजिक सहयोग भी मिलेगा। डीसी ने स्वयं टीबी रोगियों को पोषण किटें वितरित कीं। इस दौरान उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि इस पहल से संत निरंकारी मिशन ने न केवल टीबी मुक्त भारत अभियान को मजबूती दी है, बल्कि समाज में एक सकारात्मक संदेश भी दिया है। उन्होंने कहा कि निक्षय मित्रों के द्वारा की जा रही यह पहल न केवल टीबी मरीजों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज को भी इस बीमारी के प्रति अपनी सोच बदलने के लिए प्रेरित करती है।

## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम की कप्तान रचना सम्मानित




**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रदेश के नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्मानी ने राष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में जीत हासिल करने वाली दिव्यांग हिमाचल महिला क्रिकेट टीम की कप्तान रचना को सम्मानित किया। मंत्री ने रचना की कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें प्रदेश सरकार की ओर से शुभकामनाएं दीं।

### स्वयंसेवियों ने स्वस्थ रहने के लिए किया प्राणायाम




**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के सातवें दिवस की शुरुआत प्रार्थना के साथ की गई और साथ ही स्वस्थ रहने के लिए प्राणायाम किया गया। तत्पश्चात स्वयंसेवियों ने पूर्व में किए गए कार्यों का अपने समूहों के अनुसार निरीक्षण किया और अपनी अपनी रिपोर्ट तैयार की। दूसरे सत्र में सात दिवसीय शिविर के समापन समारोह में डॉ. पीएस कटवाल ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इसके उपरांत सात दिवसीय विशेष शिविर समापन कार्यक्रम के मुख्यतिथि महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने स्वयंसेवियों के शिविर में किए गए कार्य की प्रशंसा से अपने संबोधन की शुरुआत की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में विभागाध्यक्ष केमिस्ट्री प्रो. रणजीत कौशल, एनएसएस सलाहकार समिति समन्वयक डॉ. रवि प्रकाश, कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनुप्रिया, प्रो. सोनिका सोंबल, प्रो. सोनिका शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल की टीमें लेंगी भाग

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** आगामी 10 से 13 जनवरी तक असम के गुवाहाटी में होने वाली वरिष्ठ वर्ग की पुरूष व महिला बीच राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीमें भी भाग लेंगी। यह जानकारी हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के हिमाचल प्रदेश में हैंडबॉल को बढ़ावा देने के लिये बनाई गई कमेटी के जसबीर बिस्ला, हैंडबॉल स्नेहलता व सुशील कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ महिला व पुरुष टीमों के चयन हेतु चयन 7 जनवरी को मोरसिंघी हैंडबॉल मैदान में रखे गए है। चयन प्रक्रिया में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करने वाले महिला व पुरुष खिलाड़ियों टीम में स्थान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी महिला व पुरूष खिलाड़ी जो चयन प्रक्रिया में भाग लेना चाहते है वह 7 जनवरी को 10 बजे मोरसिंघी हैंडबॉल मैदान में पहुंचे। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाकई खिलाड़ी असम के गुवाहटी में राष्ट्रीय बीच महिला व पुरूष हैंडबॉल प्रतिगोगिता में भाग लेगी। बता दें कि हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया द्वारा हिमाचल में हैंडबॉल को बढ़ावा देने के लिए एक हैढोक कमेटी बनाई गई है जिसमें जसबीर बिस्ला, स्नेहलता व सुशील कुमार को शामिल किया गया है। हिमाचल प्रदेश की महिला व पुरूष हैंडबॉल टीमों का चयन इसी हैढोक कमेटी के द्वारा किया जाएगा।

### शिक्षा की अलख जगाएंगे बिलासपुर के दो शिक्षा अधिकारी

**बिलासपुर।** जिला बिलासपुर के दो होनहार अधिकारी किन्नौर जिला में शिक्षा की अलख जगाएंगे। जिला बिलासपुर के इन दोनों अधिकारियों को किन्नौर में बतौर शिक्षा उप निदेशक के पद पर तैनाती मिली है। अरुण गौतम किन्नौर में प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक के पद पर तैनात हुए हैं। वहीं, कुलदीप डोगरा उच्च शिक्षा उप निदेशक के पद पर अपनी सेवाएं देंगे। जिला बिलासपुर के इन दोनों अधिकारियों को एक साथ और एक ही जिला में तैनाती मिली है। जिला बिलासपुर का इससे मान बढ़ा है। इससे पहले भी यह अधिकारी जिला बिलासपुर के अलावा अन्य जिलों में भी अपनी बेहतर सेवाएं दे चुके हैं। जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग की ओर से अभी हाल ही में शिक्षा विभाग में उपनिदेशक के पदों को भरने को लेकर एक लिस्ट जारी की थी, जिसमें जिला शिक्षा उप निदेशक के पद पर पदोन्नत होकर जिला किन्नौर में शिक्षा उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अरुण गौतम तथा शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा कुलदीप डोगरा को पदोन्नति मिली थी। बाकायदा इन दोनों अधिकारियों ने अब किन्नौर में अपना कार्यभार भी संभाल लिया है। जिला राजकीय अध्यापक संघ के प्रधान राकेश संधू, ब्लॉक अध्यक्ष निक्कू राम बंसल, संरक्षक सिमरो भटनागर प्रधानाचार्य, सह सचिव सेनापाल व समस्त कार्यकारणी ने बधाई दी है। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार और समस्त कार्यकारिणी ने भी इन्हें बधाई दी। साथ ही उम्मीद जताई है कि शिक्षा के क्षेत्र में जिला किन्नौर को आगे बढ़ाने में दोनों अधिकारी किन्नौर जिला को शीर्ष पर ले जाएंगे।

### कर्मचारियों से मारपीट मामले में चार गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस थाना सदर के तहत ग्राम पंचायत बंदला के गांव परनाली के समीप स्थित दूध के प्लांट के कर्मचारियों पर हुए हमले में पुलिस ने सभी चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बंदला परनाली स्थित दूध प्लांट पर बुधवार को कर्मचारियों पर हमले के बाद सभी आरोपी फरार हो गए थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पहले पुलिस ने चार आरोपियों की पहचान की थी। अब पांच की पहचान हो गई थी। पुलिस ने एक आरोपी को वीरवार को पकड़ा था वहीं दो गाडियों को भी बरामद किया था।
पुलिस अन्य चार आरोपियों की तलाश कर रही थी जिसमें रविवार को सफलता मिली। आरोपियों की पहचान शशिकांत उर्फ शींटू निवासी गांव पंदोह डाकघर ब्रह्मपुखर सदर, रोहित कुमार निवासी गांव जिन्नणू, डाकघर जुखाला सदर, दिनेश कुमार उर्फ गोल्डी निवासी गांव शोशन डाकघर नम्होल सदरए धीरज कुमार निवासी गांव मंगरोट डाकघर दियोली तहसील सदर बिलासपुर के रूप में हुई है। हालांकि अभी हमले में प्रयोग हुए हथियार बरामद नहीं हुए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव चौधरी ने बताया कि सभी पांच आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम के तहत चिकित्सकों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

# बिलासपुर अस्पताल में होगा पेपर लेस कार्य

**शुभम राही, बिलासपुर**

हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) के तहत जिला अस्पताल बिलासपुर के चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। अस्पताल में जल्द शुरू होने जा रही पेपर लैस सुविधा के तहत चिकित्सकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और बताया जाएगा कि एक क्लिक पर वह कैसे मरीजों का डाटा प्राप्त कर पाएंगे। इसके लिए जिला अस्पताल में कुल 40 कंप्यूटर भी पहुंच गए हैं। नेरचौक मेडिकल कॉलेज में पेपर लेस सुविधा को इंस्टॉल करने का कार्य चला है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि नेरचौक के बाद बिलासपुर अस्पताल में इसका कार्य शुरू होगा।

गौरतलब है कि एचएमआईएस के तहत अस्पताल में पहला चरण शुरू हो गया है और दूसरे चरण में पेपर सुविधा मिलने के कार्य को तेजी से शुरू किया जाना है। जानकारी प्राप्त हुई है कि अभी यह निजी कंपनी नेरचौक मेडिकल कॉलेज में वर्क कर रही है। मेडिकल कॉलेज में इस सिस्टम को




#### नेशनल हेल्थ मिशन के तहत जिला अस्पताल में मिलेगी यह सुविधा

इंस्टॉल करने के बाद यह बिलासपुर अस्पताल में कार्य को शुरू करेंगे। इस सुविधा के शुरू होने से डॉक्टरों के पास मरीज का पूरा डाटा उपलब्ध होगा, जिसके माध्यम से रोगियों की सामान्य व इमरजेंसी रजिस्ट्रेशन, लैब रिपोर्ट, ऑपरेशन थियेटर के रिकॉर्ड सहित उनके डिस्चार्ज और ट्रांसफर का पूरा डाटा ऑनलाइन उपलब्ध होगा।

इस सुविधा से डॉक्टर ई-प्रिसक्रिप्शन भी लिख सकेंगे और मरीजों की पूरी मेडिकल हिस्ट्री भी देख सकेंगे, जिससे रोगियों के साथ-साथ डॉक्टरों को भी सुविधा होगी। आपको बता दें कि हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) के तहत बिलासपुर अस्पताल में पहले चरण में मरीजों की पर्चियां बनाई जा रही है। मरीज को दूसरी चरण में अपना नाम, पिता या पति का नाम, मोबाइल नंबर और उम्र लिखवानी होगी। उसके बाद अगर मरीज फिर से पर्ची बनवाने के लिए आता है तो उसे सिर्फ अपना मोबाइल नंबर ही दर्ज करवाना होगा और एक क्लिक पर सारा रिकार्ड मरीज का सामने आ जाएगा।

आपको बता दें कि कई बार मरीज की पर्ची गुम हो जाती थी, जिससे मरीज अपनी दवाइयां का भी रिकार्ड नहीं रख पाता था और चिकित्सक भी मरीज के प्रारंभिक ईलाज के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त नहीं कर पाता था। (अनंत ज्ञान)

#### यह है सुविधा

आपको बता दें कि इस सुविधा के तहत मरीज के मेडिकल रिकॉर्ड के रूप में उसका नाम, पता और मोबाइल नंबर आदि के अलावा ओपीडी में रजिस्ट्रेशन व डॉक्टर से परामर्श लेने की तिथि का उल्लेख होगा। इसके अलावा इमरजेंसी एडमिशन, डिस्चार्ज एवं ट्रांसफर, बिलिंग इत्यादि को भी शमिल किया गया है।

जिला अस्पताल बिलासपुर में जल्द ही चिकित्सकों को हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) के तहत प्रशिक्षण दिया जाएगा। अस्पताल की ओपीडी के हर कार्य को पेपर लैस करने के तैयारी को लेकर यह प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए अस्पताल में 40 नए सिस्टम भी पहुंच गए हैं। इस सिस्टम के शुरू होने से अस्पताल का अधिकतर कार्य पेपरलेस हो जाएगा।



–एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर।

# जिले के दो मंदिरों का होगा जीर्णोद्धार

### भाषा एवं संस्कृति विभाग को 21 लाख की राशि स्वीकृत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला बिलासपुर के दो मंदिरों को जीर्णोद्धार होगा। इसके लिए भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासपुर के लिए 21 लाख की राशि स्वीकृत हुई है। भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासपुर द्वारा इन मंदिरों के जीर्णोद्धार को लेकर उच्च अधिकारियों को प्रपोजल तैयार कर भेजा गया था। जिसके चलते अब इन प्रपोजल को स्वीकृति मिली है। जल्द ही भाषा एवं संस्कृति विभाग को यह बजट राशि मिलेगी और इस मंदिरों का जीर्णोद्धार का कार्य शुरू होगा।

भाषा एवं संस्कृति विभाग बिलासपुर द्वारा महाकालेश्वर कैलू देवता मंदिर डंगार, बाबा लक्ष्मण जति मंदिर संदोटी के जीर्णोद्धार को लेकर कवायद शुरू की थी। बकायदा मंदिर कमेटियों के माध्यम से तमाम औपचारिकताएं पूरी की गई। वहीं, अब इन मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए बजट स्वीकृत हुआ है। दोनों मंदिरों के लिए साढ़े 10 लाख की राशि स्वीकृत हुई है। बता दें कि महाकालेश्वर कैलूदेवता मंदिर डंगार और बाबा लक्ष्मण जति मंदिर संदोटी स्वारघाट सैकड़ों लोगों की आस्था का केंद्र हैं। इन मंदिरों में दूर-दूर से श्रद्धालु शीश निवाने पहुंचते हैं। बताया जा रहा है कि भाषा एवं संस्कृति विभाग की टीम द्वारा इन मंदिरों का निरीक्षण भी किया गया, जिसमें पाया गया कि इन मंदिरों के जीर्णोद्धार की आवश्यकता है।

भाषा एवं संस्कृति विभाग की मानें तो विभाग द्वारा प्रदेश भर के मंदिरों के जीर्णोद्वार के लिए राशि मुहैया करवाई जा रही है। इस बार बिलासपुर जिला के दो मंदिरों को भी स्थान मिला है। वहीं, यदि अन्य मंदिरों के जीर्णोद्धार की आवश्यकता यदि किसी कमेटी को लगती है तो भाषा एवं संस्कृति विभाग के साथ संपर्क कर सकते हैं।

#### औपचारिकताओं को पूरा करना कमेटियों की जिम्मेदारी

**उधर,** जिला भाषा अधिकारी रेवती सैणी ने कहा कि बिलासपुर जिला के दो मंदिरों का साढ़े 21 लाख की राशि से जीर्णोद्धार होगा। उन्होंने कहा कि मंदिरों के जीर्णोद्वार के लिए विभाग की ओर से बजट मुहैया करवाया जाता है। लेकिन इसके लिए विभागीय औपचारिकताओं को पूरा करना मंदिर कमेटियों की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि अन्य मंदिरों के जीर्णोद्धार के लिए भी कमेटियों ने प्रस्ताव भेजे हैं लेकिन उसमें कुछ खामियां हैं।

### बरमाणा लिंक मार्ग पर मिला व्यक्ति का शव

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** पुलिस थाना बरमाणा के तहत फोरलेन से बरमाणा लिंक मार्ग पर एक शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस को लोगों ने सूचना दी कि फोरलेन से बरमाणा के लिए जाने वाले संपर्क मार्ग पर सड़क के किनारे नवनिर्मित प्लाट पर एक व्यक्ति औंधे मुंह पड़ा हुआ है।

पुलिस ने छानबीन की तो पाया कि उक्त व्यक्ति की मौत हो चुकी है। इसके बाद छानबीन करने के बाद मृतक के परिजनों को संपर्क किया । मृतक की पहचान मस्तराम पुत्र स्व. कृष्णु निवासी ग्वालमुठानी डाकघर ननावां तहसील घुमारवीं के रूप में हुई है। मृतक पेंटर का काम करता है तथा शराब पीने की आदत है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों के हवाले कर दिया है।

# अनुसूचित जाति के नेता कृष्ण लाल चंदेल बने भाजपा के जिलाध्यक्ष

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



कृष्ण लाल चंदेल को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

भाजपा ने जिले में पहली बार अनुसूचित जाति के नेता कृष्ण लाल चंदेल को अध्यक्ष बनाया है। इसके लिए भाजपा जिला कार्यालय में विशेष बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सैजल पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। इसके अलावा सदर विधायक त्रिलोक जम्वाल, नयना देवी जी के विधायक रणधीर शर्मा, झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल और पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

अनुसूचित जाति वर्ग से आने वाला कोई चेहरा आज तक जिले में भाजपा अध्यक्ष की कुर्सी पर नहीं बैठा है। यह पहला मौका है जब यह हुआ है। श्री नयनादेवी जी विधानसभा के जकातखाना के रहने वाले कृष्ण लाल चंदेल को वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ सम्मानित किया गया।

कृष्णलाल चंदेल इससे पहले भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा में बेहतर कार्य कर चुके हैं। प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के महामंत्री के तौर पर कार्य कर रहे थे, लेकिन अब उन्हें नई जिम्मेदारी मिली है।

# कल्याण कला मंच ने अमरनाथ और तृप्ता को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



गणमान्य को सम्मानित करते हुए मंच के सदस्य।

कल्याण कला मंच बिलासपुर कोर ग्रुप की मासिक बैठक नगर के साथ लगती बामटा पंचायत के बध्यात गांव के साकेत होम स्टे के सभा कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में भराड़ी के पहाड़ी हिंदी कवि बृज लाल लखनपाल शामिल हुए जबकि मंच के प्रधान सुरेंद्र मिन्हास ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। दीप प्रज्वलन के बाद शिक्षाविद् जीतराम सुमन ने सरस्वती वन्दना प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी । तृप्ता कौर मुसाफिर ने सुन्दर मंच संचालन किया। थुइला पन्तेहडा के जाने माने शिक्षाविद स्व. रोशन लाल शर्मा की पुण्यतिथि और बध्यात गांव के कर्मठ गणित विशेषज्ञ और पूर्व मुख्यध्यापक कर्म सिंह चंदेल के अकस्मात निधन पर दुख प्रकट करते हुए दो मिनट का मौन रख कर दिवंगत आत्माओं की शान्ति की कामना की गई।

इस दौरान मंच ने अपने संयोजक, गजल हिन्दी पहाड़ी के विख्यात कवि अमरनाथ धीमान को 'काले बाबा मृदुल साहित्य सम्मान 25' से नवाजा। वहीं मंच की कर्मठ और मेहनती महासचिव तृप्ता कौर मुसाफिर को 'कालेबाबा श्रेष्ठ महासचिव सम्मान-25' से विभूषित किया। सम्मान करते हुए दोनों को पुष्पाहार, कुलवी टोपी, दिव्य चुनरी और आकर्षक प्रमाण पत्र देकर सुशोभित किया।

आयोजक सुरेंद्र सिंह ने सभी को सफेद चंदन के चार चार बीज बांटे । मंच द्वारा प्रस्तावित बाल कविता संग्रहपुस्तक को अंतिम रूप देकर मसौदे को संपादक मंडल को सौंप दिया। बैठक में अजय सौरव, लता कुमारी, आशा कुमारी, रविंद्र शर्मा, राजकुमार कौंडल, रामपाल डोगरा, सहित 15 के करीब कलाकारों ने भाग लिया।

# पूर्व सैनिक कल्याण समिति के सदस्यों ने ग्रहण की सदस्यता

**अनंत ज्ञान, झंडूता**



पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश की मासिक बैठक झंडूता में प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सर्व प्रथम प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार ने उपस्थित माननीय, सम्माननीय सदस्यों को नव वर्ष की बधाई, शुभकामनाएं और मंगलमय होने की कामना की। बैठक में पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा हुई और उनका समाधान किया।

16 दिसंबर भारत पाक युद्ध विजय दिवस के सफल आयोजन के लिए कैप्टन धनी राम, सचिव और उनकी टीम को बधाई और सम्मानित किया गया। 26 दिसंबर वीर बलिदानी नायक राकेश कुमार के शहीदी दिवस का सफल आयोजन करने के लिए नायब सूबेदार शेर सिंह व उनकी टीम को भी बधाई और सम्मानित किया गया।

इसके साथ ही कैप्टन संजीव कुमार, सूबेदार मेजर कुलदीप सिंह, सूबेदार मदन सिंह, नायब सूबेदार शक्ति सिंह, हवलदार प्रवीण कुमार और हवलदार रवि कुमार ने सहर्ष पूर्व सैनिक कल्याण समिति हिमाचल प्रदेश की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेशाध्यक्ष कैप्टन संजय कुमार और समिति के कार्यकारिणी सदस्यों ने नए सम्मिलित सदस्यों को हार व टोपी पहना कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर कैप्टन अमर नाथ विमान, कैप्टन धनी राम, सचिव कैप्टन कुलबीर सिंह, कैप्टन धनी राम, सूबेदार मेजर राम लाल, प्रदीप कुमार शर्मा, रमेश चंद, पवन कुमार ठाकुर, जसवंत सिंह, प्रताप सिंह, कृष्ण सिंह,

नायब सूबेदार शेर सिंह, सुभाष चंद, नंद लाल कपिल, महाजन सिंह, शिव सिंह और अमीचंद विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# धर्माणी ने 140 दिव्यांगों को वितरित किए सहायक उपकरण

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



दिव्यांगों के साथ राजेश धर्माणी व अन्य

घुमारवीं में जिला प्रशासन बिलासपुर द्वारा आयोजित एक दिवसीय निशुल्क सहायता उपकरण शिविर में प्रदेश सरकार के नगर नियोजक, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं और झंडुता उपमंडल के 140 पात्र दिव्यांगजनों को एडिप और राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत सहायक उपकरण वितरित किए। इनमें व्हीलचेयर, कान की मशीन, और विशेष रूप से डिजाइन किए गए मोबाइल फोन सहित अन्य सहायक उपकरण शामिल थे।

मंत्री राजेश धर्मानी ने कहा, प्रदेश सरकार दिव्यांगजनों को मुख्यधारा में शामिल करने और उनके जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार उपमंडल स्तर पर एसेसमेंट कैंप लगाने का निर्णय ले चुकी है, जिससे दिव्यांगजनों की पहचान सही तरीके से की जा सके और उन्हें उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण वितरित किए जा सकें। आगामी समय में यह एसेसमेंट कैंप छोटे से छोटे स्तर

#### दिव्यांगों के लिए लगाया सहायता उपकरण शिविर

पर भी आयोजित किए जाएंगे, जिसमें कुछ ग्राम पंचायतें भी शामिल होंगी।

#### ये रहे उपस्थित

**कार्यक्रम** में कांग्रेस पार्टी के महासचिव विवेक कुमार, जिला परिषद सदस्य शालू राणावत और प्रमिला बसु, एसडीएम गौरव चौधरी, जिला कल्याण अधिकारी रमेश बंसल, जिला दिव्यांग कल्याण संघ के अध्यक्ष विनोद सहित आदि मौजूद रहे।

#### दिव्यांगों के कानूनी मामलों में चर्चा करने का दिया आश्वासन

**मंत्री** राजेश धर्माणी ने हाल ही में छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ के जवान के घायल होने के मामले पर बयान दिया, जिसमें उनके दोनों पैरों की गंभीर चोटों की जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि उस जवान के घर के पास लड़ाई-झगड़ों के कारण रास्ता बंद करने का मामला सामने आया है। मंत्री ने कहा कि वे इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री सुक्खू से बातचीत करेंगे और दिव्यांग व्यक्तियों के घर तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए कानूनी और बजट संबंधी मामलों पर चर्चा करेंगे। इसके अतिरिक्त, उन्होंने बजट में दिव्यांगों के घर तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए धन स्वीकृत करने और अन्य कानूनी मामलों में चर्चा करने का आश्वासन दिया।

### कराटे चैंपियनशिप में ध्रुव परमार ने जीते 2 गोल्ड मेडल



**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** ऑल इंडियां अंकुराष्ट्राकप 2024 आल इंडिया कराटे चैंपियनशिप का आयोजन धर्मशाला के खेल परिसर में हुआ, जिसमें बृज मार्शल आर्ट अकादमी बिलासपुर के 16 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान अकैडमी के बच्चों ने 11 स्वर्ण 6 रजत व 8 कांस्य मेडल जीते, जिसमें ऑल इंडिया 2024 ऑल इंडिया कराटे चैंपियनशिप जिसका आयोजन धर्मशाला के खेल परिसर में हुआ उसमें बृज मार्शल आर्ट अकादमी बिलासपुर के 16 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

नयना देवी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत जगतखाना के गांव दगडाहन के ध्रुव परमार ने दोफाइट और काता में शानदार जीत हासिल की, 2 गोल्ड मेडल जीते। ध्रुव परमार के पिता सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के जिला उपाध्यक्ष भी हैं और सामाजिक एवं खेलकूद गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

**सुविधा** घुमारवीं स्थित अग्निशमन भवन के लिए करीब 4 करोड़ 75 लाख होंगे खर्च

# अग्निशमन चौकी को जल्द नसीब होगा अपना भवन

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



घुमारवीं स्थित अग्निशमन चौकी को जल्द ही अपना भवन नसीब होगा, भवन का कार्य शुरू हो चुका है । इस भवन का निर्माण कार्य नगर परिषद के वार्ड नंबर 6 टिकरी वार्ड में कोर्ट परिसर के नजदीक पूरे जोर-शोर से शुरू हो चुका है। उम्मीद की जा रही है कि एक वर्ष में यह निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा इसके बाद अग्निशमन चौकी को यहां पर शिफ्ट कर दिया जाएगा। करीब एक बीघा 10 बिस्वा जमीन पर बन रहे इस भवन के लिए करीब 4 करोड़ 75 लाख खर्च होंगे।

चार मंजिला बनने वाले इस भवन में जहां भूतल पर गेराज तथा ड्यूटी रूम स्थापित होंगे, वहीं प्रथम मंजिल पर विभाग का ऑफिस स्थापित किया जाएगा। इसके साथ ही दूसरी मंजिल पर स्टाफ क्वार्टर का निर्माण किया जाएगा। जबकि चौथी मंजिल पर किचन तथा एक बड़ा डाइनिंग हॉल बनाया जाएगा। जहां पर कर्मचारियों के खाने की व्यवस्था रहेगी। इस भवन के बनने के बाद दमकल विभाग में कार्यरत कर्मचारियों को सहूलियत मिलेगी वहीं फायर ब्रिगेड के अन्य संसाधनों के आने की उम्मीद भी बढ़ जाएगी।

इसके अलावा इस भवन के बनने के बाद अग्निशमन चौकी के अपग्रेड होने की भी उम्मीद बढ़ जाएगी। बताते चलें कि वर्ष 2016 में विधानसभा क्षेत्र घुमारवीं के लिए खोली गई अग्निशमन चौकी से क्षेत्र के करीब डेढ़ लाख लोगों को लाभ मिल रहा है। फिलहाल घुमारवीं के बचत भवन से संचालित इस फायर चौकी में तीन फायरमैन, एक लीडिंग फायरमैन, 6 होमगार्ड, चार ड्राइवर सहित 14 कर्मचारियों सहित दो दमकल वाहन मौजूद है, लेकिन फिलहाल यह दो कमरों से संचालित हो रही है जिस वजह से दमकल विभाग के कर्मचारियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। (अनंत ज्ञान)

#### फायर चौकी खुलने से 80 पंचायतें होंगी लाभान्वित

**बताते** चलें की घुमारवीं में फायर चौकी खुलने से घुमारवीं, झंडूता व सदर की लगभग 80 पंचायतों के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। इसमें घुमारवीं शहर, भराड़ी, झंडूता, कुठेड़ा, बरठीं, शाहतलाई, भगेड़ और डंगार सहित अन्य क्षेत्रों की लगभग डेढ़ लाख जनता को लाभ मिल रहा है हालांकि इस चौकी को कई बार अग्निशमन केंद्र में तब्दील करने की मांग उठती रही है लेकिन अपना भवन होना होने के कारण लोगों की यह मांग पूरी नहीं हो पाई है। लेकिन भवन निर्माण के बाद इसके अपग्रेड होने की भी उम्मीद बन गई है।

### दधोल स्कूल में ओल्ड स्टूडेंट्स एसो. की बैठक संपन्न

**अनंत ज्ञान, दधौल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन की बैठक प्रधान सुरेश पन्याली की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें लगभग 25 सदस्यों ने भाग लिया। इस बैठक में संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता रामस्वरूप के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। बैठक में 2 मिनट का मौन रखा गया और उनके परिवार के साथ संवेदना प्रकट की गई।

ज्ञात रहे की रामस्वरूप का 5 जनवरी, 2025 को आकस्मिक निधन हो गया था। इस अवसर पर पाठशाला के प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज जो ओल्ड स्टूडेंट्स एसोसिएशन के महासचिव भी हैं ने बताया रामस्वरूप राजकीय विरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल एस एमसी के प्रधान भी थे। राम स्वरुप भारद्वाज हिमाचल पथ परिवहन मे कार्यरत थे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे रहे थे पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन थे।

# सीएम के समक्ष रखा जाएगा हरलोग मार्केट की सुरक्षा दीवार का मुद्दा : जितेंद्र

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर**



सुरक्षा दीवार का जायजा लेने के दौरान जितेंद्र चंदेल व साथ हैं अन्य।

सदर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले हरलोग में बीते दो वर्ष पहले हुए भयंकर डिजास्टर के कारण हरलोग मार्केट भी खतरे की चपेट में आ गई थी, आए दिन मार्केट के ऊपर खतरे के बादल मंडराते रहते हैं और इसे अभी भी खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों ने चिंता जताते हुए कहा कि पिछली बरसात में भी स्थानीय लोग मार्केट के आसपास के खतरनाक हालातों का सामना कर चुके हैं। रविवार को इस मुद्दे को लेकर स्थानीय लोगों ने हिमुडा निदेशक मंडल के सदस्य जितेंद्र चंदेल को मौके पर बुलाकर स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। भारी त्रादसी के कारण मार्केट की इस सड़क को प्रोटेक्शन वाल लगनी के लिए जितेंद्र चंदेल ने इस मुद्दे को

#### लोगों ने समस्या के समाधान की उठाई मांग

गंभीरता से लिया और कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू से इस समस्या के समाधान के लिए तत्काल बात करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि मंत्री राजेश धर्माणी और जिलाधीश आबिद हुसैन से जल्द ही संपर्क कर मार्केट की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

स्थानीय लोग अब इस समस्या के जल्द समाधान की उम्मीद कर रहे हैं ताकि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और वे बेखौफ होकर अपने व्यवसाय को चला सकें।

इस अवसर पर पूर्व में रहे हरलोग पंचायत प्रधान नरोत्तम , पूर्व प्रधान जगदीस, प्रधान ज्ञान चंद, बीडीसी सदस्य सीमा, सेक्शन ऑफिसर दौलत राम चंदेल, रिटायर्ड प्रिंसिपल दलीप सिंह और रिटायर्ड रेंज अफसर जोध सिंह मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सफाई कार्य के लिए मांगीं निविदाएं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** उपायुक्त राज्य कर एवं आवकारी कार्यालय परिसर चंबा में कुल 6229 वर्ग फुट क्षेत्रफल में सफाई के कार्य के लिए निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इसके लिए कोई भी पंजीकृत संस्था 28 जनवरी को प्रातः 11 बजे तक कार्यालय उपायुक्त राज्य कर एवं अधिकारी विभाग चंबा में स्थापित निविदा पेटी में अपनी निविदाएं जमा करवा सकते हैं। निविदा से संबंधित दस्तावेज उक्त कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सुबह 10 बजे से 5 बजे तक प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अलावा निविदा संबंधी दस्तावेज विभाग के वेब पोर्टल **www.hpta&.gov.in** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। इस संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के कार्यालय के दूरभाष संख्या 01899 222332 पर भी प्राप्त की जा सकती है।

### मार्शल आर्ट में कार्तिकेय और हर्षित ने जीता सोना

**अनंत ज्ञान चंबा।** हरिद्वार के प्रेम नगर आश्रम में चल रही 30वीं राष्ट्रीय मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के चंबा जिले के मैहला गांव के कार्तिकेय कटोच ने 50 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता है। वहीं, 58 किलो भार वर्ग में हर्षित ठाकुर ने भी स्वर्ण पदक जीतकर हिमाचल प्रदेश के साथ चंबा जिला का नाम भी रोशन किया। यह 6 सदस्यीय टीम हिमाचल प्रदेश के चीफ कोच भुवनेश सिंह कटोच के नेतृत्व में 3 जनवरी को हरिद्वार के लिए रवाना हुई थी। इस प्रतियोगिता में जतिन ठाकुर, साहिल ठाकुर और विनायक कटोच के साथ आश्वत पराशर ने भी भाग लिया।

### कृषि खंड ऑफिस मैहला में स्टाफ की कमी

**अनंत ज्ञान, चंबा।** एग्रीकल्चर ब्लॉक ऑफिस मैहला में स्टाफ की कमी के चलते कार्यालय में ताला लटकने की नौबत आ गई है। यहां पर स्वीकृत 13 पदों में से सभी पद रिक्त चल हुए हैं। स्टाफ की कमी के चलते यहां पर काम बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। ब्लॉक में डेपुटेशन के सहारे कर्मचारियों को भेजकर काम चलाया जा रहा है। एग्रीकल्चर ब्लॉक कार्यालय में स्टाफ न होने के चलते यहां के किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर एसएमएस, एडीओ, एएडीओ,एईओ सहित चपरासी के सभी तेरह पद खाली पड़े हुए हैं। वहीं, इस विषय पर पीएमसी के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने कहा है कि पिछले दिन ही वह इस समस्या को लेकर माननीय विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात करके इस समस्या से अवगत करवा चुके हैं। कृषि मंत्री के पास इन पदों को भरने के लिए ज्ञापन पहुंचा दिया गया है, उम्मीद करते हैं कि जल्द से जल्द यह पद भरे जाएंगे। इसके लिए बाकायदा एक विज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री को भी भेज दिया गया है।

### 135 स्वयं सहायता समूहों को 3.3 करोड़ के ऋण मंजूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला विकास अधिकारी कार्यालय चंबा में लोन दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने की। इस आयोजन में जिला चंबा के 55 स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों व वित्तीय साक्षरता से जुड़े व्यक्तियों तथा विभिन्न बैंकों के अधिकारियों ने भाग लिया। इस लोन दिवस समारोह के संबंध में जानकारी देते हुए जिला विकास अधिकारी ओम प्रकाश ठाकुर ने बताया कि 5 दिसंबर से 19 दिसंबर 2024 तक विभिन्न बैंकों द्वारा आयोजित लोन मेलों के दौरान कुल 135 स्वयं सहायता समूहों को 3.34 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 2.1 करोड़ की राशि वितरित की जा चुकी है। लोन मेलों के दौरान सर्वाधिक ऋण मामलों को स्वीकृत करने वाले शीर्ष 10 वित्तीय साक्षरता से जुड़े व्यक्तियों तथा सबसे अधिक ऋण राशि वितरित करने वाले शीर्ष 3 बैंकों को उपायुक्त चंबा द्वारा प्रशंसा प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। उन्होंने 20 महिला स्वयं सहायता समूहों को स्वीकृत लोन के 40 लाख के डमी चेक भी प्रदान किए।

### दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बची बस

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाले दुधेड़ी नाला के पास एक बस दुर्घटना होते बाल-बाल बची। यह बस हिमगिरि-चंबा रूट की बताई जा रही है। इसमें 35 सवारियां बैठी हुई थीं। यह हादसा उस वक्त टला, जब यह बस एक दूसरी बस को पास दे रही थी, तभी अचानक से बस को बाईं तरफ सड़क में लगाया गया डंगा जमीन में धंस गया। जैसे ही डंगा जमीन में धसा बस में बैठी 35 सवारियों ने चीखना शुरू कर दिया। जैसे-तैसे बस सड़क के किनारे रुकी, तो लोग बिना समय गंवाए बस से नीचे उतरने लगे। अगर यह बस नहीं रुकती, तो यह सैकड़ों फुट नीचे लुढ़क जाती और बहुत बड़ा हादसा हो जाता।

# चुहन के प्रधान फिर निष्कासित

## हाईकोर्ट ने खारिज किया मंडलायुक्त धर्मशाला का फैसला

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

विकास खंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत चुहन के प्रधान पवन कुमार की मुश्किलें कम होती नजर नहीं आ रही हैं, बल्कि बढ़ती ही जा रही हैं। डलहौजी तहसील के तहत आती ग्राम पंचायत चुहन के प्रधान पवन कुमार एक बार फिर वित्तीय अनियमितताओं तथा पद के दुरुपयोग के मामले में सुर्खियों में आ गए हैं। प्रदेश हाईकोर्ट ने मंडलायुक्त धर्मशाला के फैसले को खारिज करते हुए पवन कुमार को पुनः प्रधान पद से निष्कासित कर दिया है।

बता दें कि ग्राम पंचायत में एंबुलेंस रोड मीहनू से पंचायत घर चुहन, एंबुलेंस रोड मीहनू से गांव चुहन तथा एंबुलेंस रोड घराटनाला से टरवार्ड ग्राम पंचायत चुहन से संबंधित रास्ते को लेकर कई अनियमितताएं पाई गई थीं। शिकायतों के आधार पर एक जांच कमेटी बिठाई गई तथा इसी के आधार पर उपायुक्त ने 4 मार्च 2022 को पवन कुमार को प्रधान पद से बर्खास्त कर दिया था। इस सारे मामले पर एसडीएम भाटियात ने निर्धारित अवधि के तहत कोई जांच रिपोर्ट पेश नहीं की, जिसके आधार पर 3 जनवरी, 2023 को उपायुक्त ने आदेशों को निरस्त कर दिया। तत्पश्चात एसडीएम भाटियात ने जुलाई 2023 को जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा जिस पर उपायुक्त ने दोनों पक्षों पर फैसला सुनाते हुए पंचायत प्रधान को पद से बर्खास्त कर दिया। वहीं, पवन कुमार ने खुद को बेकसूर बताते हुए मंडलायुक्त धर्मशाला के समक्ष अपील की, जिस पर मंडलायुक्त ने कार्रवाई करते हुए सभी मुद्दों पर तथा जांच प्रक्रिया के मद्देनजर निकले आदेशों को निरस्त करते हुए पवन कुमार को प्रधान पद पर बहाल कर दिया, लेकिन शिकायतकर्ता राजेंद्र ने इस मामले को दोबारा शिमला हाईकोर्ट में चुनौती दी। इसके बाद हाईकोर्ट ने मंडलायुक्त धर्मशाला के फैसले को खारिज करते हुए पवन कुमार को पुनः प्रधान पद से निष्कासित कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

### फैसले को हाईकोर्ट में ही दूंगा चुनौती

**हाईकोर्ट** के फैसले के बारे में जब प्रधान पवन कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस सारे मामले को लेकर उन्हें फंसाया जा रहा है, जबकि उनके पास सारे पुख्ता सबूत पड़े हुए हैं और वह जल्द ही अपने खिलाफ लगे आरोपों को होईकोर्ट में चुनौती देंगे। उन्होंने कहा कि मुझे सोची समझी साजिश का शिकार बनाया जा रहा है, जबकि मामला कुछ और ही है, जिसका मैं जल्द ही मीडिया के समक्ष पर्दाफाश करूंगा।

### किसान कांग्रेस ब्लॉक चुराह की आज होगी बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा।** जिला किसान कांग्रेस चंबा द्वारा सभी ब्लॉकों की बैठकों का आयोजन हेतु शेड्यूल जारी कर दिया गया है। 7 जनवरी को किसान कांग्रेस ब्लॉक चुराह की बैठक 11 बजे नकरोड़ में व 9 जनवरी को किसान कांग्रेस ब्लॉक चंबा की बैठक 11 बजे चंबा में होगी। 10 जनवरी को जिला किसान कांग्रेस चंबा की बैठक का आयोजन किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता डॉ दिनेश कुमार करेंगे।

### किसान कांग्रेस ब्लॉक भरमौर की बैठक स्थगित

**अनंत ज्ञान, भरमौर।** किसान कांग्रेस ब्लॉक भरमौर की 10 जनवरी को होने वाली बैठक को स्थगित कर दिया गया है। ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी भरमौर प्रभारी ओम प्रकाश रंहोत्रा ने कहा है कि ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी भरमौर के अध्यक्ष निजी कारणों के चलते प्रदेश से बाहर हैं, जिसके चलते यह बैठक स्थगित की गई है। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार से विचार करने के बाद नई तारीख घोषित की जाएगी।

# फोटोयुक्त मतदाता सूचियां निरीक्षण के लिए उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला चंबा के पांचों विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रयुक्त होने वाली फोटोयुक्त मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण दिनांक 01.01.2025 को अहर्ता तिथि के आधार पर दिनांक 29.10.2024 से 28.11.2024 तक करवाया गया था। 6 जनवरी को इस मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अब जिला चंबा के कुल मतदाताओं की संख्या 410438 हो गई है, जिनमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 207944 व महिला मतदाताओं की संख्या 202494 हो गई है। यह जानकारी उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल द्वारा दी गई है।



मुकेश रेपसवाल
डीसी, चंबा

उन्होंने बताया कि अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची सभी मतदान केंद्रों पर दिनांक 6 से 12 जनवरी तक निशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगी। इसके साथ ही जिला निर्वाचन कार्यालय/ निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एडीएम/एसडीएम)/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (तहसीलदार/नायब तहसीलदार) के कार्यालयों में तथा मतदान केंद्र के बूथ लेवल अधिकारी के पास यह फोटोयुक्त मतदाता सूची उपलब्ध रहेगी। उन्होंने 18+ आयु वर्ग के युवाओं व उनके अभिभावकों से अपील की है कि वे अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में नाम पंजीकृत होने की पुष्टि कर लें और यदि उनका नाम छूट गया हो तो उसके लिए वह फॉर्म 6 भरकर पासपोर्ट साइज फोटो व जन्म तिथि प्रमाण पत्र सहित संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों में अथवा अपने केंद्र के बूथ लेवल अधिकारियों के पास जमा करवाएं।

# दुर्गा पब्लिक स्कूल गरनोटा ने मनाया वार्षिक समारोह



**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

दुर्गा पब्लिक स्कूल गरनोटा का वार्षिक पारितोषक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पवन शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। स्कूल के बच्चों द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। स्कूल संचालिका रीना शर्मा ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समारोह में स्कूल के बच्चों द्वारा पहाड़ी, पंजाबी, राजस्थानी, हिंदी आदि कार्यक्रम पेश किए गए। वहीं, मुख्याध्यापिका शिवा शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट मुख्यातिथि के सामने रखी।

मुख्यातिथि पवन शर्मा ने अपने संबोधन में स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट की प्रशंसा की और बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम के लिए 11000 रुपए की धनराशि दी। उन्होंने स्कूल के मेधावी बच्चों को सम्मानित भी किया। (अनंत ज्ञान)

# तीन वर्ष में चंबा के 15 गांव बनेंगे आदर्श गांव : डीसी

## एचडीएफसी बैंक प्रायोजित समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

एचडीएफसी बैंक द्वारा प्रायोजित समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ बचत भवन चंबा में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर परियोजना के प्रायोजक एचडीएफसी बैंक के प्रतिनिधियों के अलावा परियोजना को क्रियान्वित करने जा रही आश्रय फाउंडेशन के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि यह प्रोजेक्ट जिला चंबा के लिए एचडीएफसी बैंक द्वारा आश्रय फाउंडेशन के माध्यम से एक बहुत महत्वपूर्ण पहल है जिसका मुख्य उद्देश्य जिला चंबा की विभिन्न ग्राम पंचायतों के 15 गांवों में विकास के विभिन्न कार्यों के द्वारा इन गांवों को विकसित कर आत्मनिर्भर बनाना है।



तीन वर्षों के पश्चात अवश्य ही इन सभी गांवों के लोगों की आर्थिकी में सुधार होगा। उपायुक्त ने एचडीएफसी बैंक की सीएसआर संस्था एचडीएफसी परिवर्तन व आश्रय फाउंडेशन का आह्वान किया कि वे इस प्रोजेक्ट के तहत जिला में उच्च स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं तथा सुपर स्पेशियलिटी मेडिकल कैंप के लिए प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करें। उपायुक्त ने कहा डिजिटल/ आईटी लिटरेसी के क्षेत्र में भी ग्रामीण क्षेत्रों में बहुत कुछ किया जाना अभी बाकी है। उन्होंने संस्था प्रतिनिधियों से अपील कि वे डिजिटल/ आईटी लिटरेसी/ सोशल मीडिया के बारे में भी लोगों को जागरूक करें।

इससे पूर्व आश्रय फाउंडेशन की ओर से डॉ. नवीन शर्मा ने उपायुक्त चंबा तथा अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत कर उन्हें विधिवत सम्मानित किया। डॉ. नवीन ने आश्चर्य संस्था द्वारा जिला चंबा में किए जाने वाले कार्यों के विषय में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि इस 3 वर्षीय परियोजना के दौरान संबंधित गांवों में कृषि, बागवानी, ग्रामीण विकास तथा स्वरोजगार से संबंधित अनेक गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में एचडीएफसी बैंक के क्लस्टर हेड सुमित आनंद ने जिला चंबा सहित हिमाचल प्रदेश में एचडीएफसी बैंक द्वारा किए जा रहे कार्यों एवं गतिविधियों बारे भी विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

### ये गांव होंगे विकसित

**जिले** के गांव कियानी, रूपनी, राजपुरा, राजनगर, पुखरी, भूमन, सुराल, हरीपुर, नामू, उदयपुर खास, सरू, भारू, सुरेन, रिंडा तथा गैला में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम अगले 3 वर्ष तक कार्य करेगा। इस दौरान विकास के लिए निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करते हुए इन गांवों को एक आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जाएगा।

# भुभू जोत टनल निर्माण की उठी आवाज कुल्लू–जोगिंद्रनगर की दूरी होगी कम

**अनंत ज्ञान, सुखबाग**

जिला की चौहार घाटी में लोगों ने प्रस्तावित भुभू जोत टनल के निर्माण की आवाज को एक बार फिर से जोरदार ढंग से बुलंद किया है। यह भुभू जोत चौहार घाटी की ग्राम पंचायत शिल्हबधाणी में स्थित है।

इस भुभू जोत से टनल का निर्माण होगा तो वह जिला कुल्लू की लगघाटी के दलीघाट के तेलंग गांव से मिलेगा, जिस कारण इस टनल के निर्माण से एक तो कुल्लू तथा जोगिंद्रनगर की लगभग 70 किलोमीटर की दूरी कम होगी, वहीं यहां के स्थानीय लोगों को आवाजाही में सुलभ सुविधा प्राप्त होगी और यहां पर आने वाले सभी पर्यटकों को भी कम समय में पर्यटन नगरी कुल्लू–मनाली पहुंचने में बेहद आसानी हो जाएगी। यही नहीं लेह–लद्दाख को जाने वाली आर्मी की गाड़ियां को भी इस टनल के बनने से कम समय में ही वहां तक पहुंचने से बेहतर सुविधा मिल जाएगी। भुभू जोत टनल के बनने से चौहार घाटी के अनछुए पर्यटन स्थलों से भी यहां से गुजरने वाले भारी मात्रा में पर्यटकों की आवाजाही में भारी इजाफा होगा। इसके साथ 14 पंचायतों के युवाओं को घरद्वार में ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

घाटी की लटराण पंचायत के प्रधान जोगिंद्र सिंह, उपप्रधान राम सिंह, तरस्वान पंचायत के प्रधान जयसिंह, धमच्याण पंचायत के प्रधान कली राम, वरधान पंचायत के प्रधान अनिल कुमार, उपप्रधान काजू राम, लपास पंचायत के प्रधान रमेश चंद, बरोट पंचायत के प्रधान डाक्टर रमेश ठाकुर, खलैहल पंचायत के प्रधान भागमल ठाकुर, उपप्रधान जय सिंह लगवाल सहित घाटी के समस्त लोगों ने मांग की है कि टनल का निर्माण जल्द से जल्द किया जाए।

# पांच दशकों से एक अग्निशमन केंद्र नहीं खोल पाई सरकारें

**अनंत ज्ञान, सुखबाग**

जिला कांगड़ा के छोटाभंगाल तथा जिला मंडी की चौहार घाटी में गत लगभग पांच दशकों से कई छोटे से लेकर बड़े–बड़े भयंकर आग्निकांड हो चुके हैं, जिससे जान माल के नुकसान के साथ करोड़ों रुपए की संपत्ति स्वाह हो चुकी है।

भयंकर अग्निकांड को देखते हुए सरकार व प्रशासन ने दोनों क्षेत्र के गांवों में आग से बचाव के लिए आज तक कोई भी पुख्ता प्रबंध नहीं किए। मिली जानकारी के अनुसार वर्ष 1971 के बाद से क्षेत्र में घटित हुए अग्निकांडों से अबतक करोड़ों रुपए का नुक्सान होने के साथ कई लोगों को अपनी जान भी गंवाना पड़ी है।

छोटाभंगाल घाटी की बड़ाग्रां पंचायत की प्रधान चंद्रमणी देवी, कोठी कोहड़ पंचायत की प्रधान रक्षा देवी, धरमान पंचायत की प्रधान रेखा देवी, मुल्थान पंचायत की प्रधान दुर्गेश कुमारी, लोआई पंचायत के उपप्रधान तिलक ठाकुर तथा चौहार घाटी की खलैहल पंचायत प्रधान भागमल, लपास पंचायत के प्रधान रमेश चंद, पूर्व उपप्रधान भोखी राम सहित क्षेत्र के समस्त लोगों का कहना है कि मुल्थान या बरोट में अग्निशमन केंद्र खोलने की मांग कई बार की जा चुकी है, इस पर कोई भी कार्रवाई नहीं हो पाई है।

उन्होंने मांग की है कि मुल्थान या फिर बरोट में अग्निशमन केंद्र को स्थापित किया जाए। उनका कहना है कि छोटा भंगाल तथा बड़ा भंगाल घाटी में आठ पंचायतें हैं और इन पंचायतों के अंतर्गत लगभग पैतीस गांव तथा उपगांव पड़ते हैं, जिसकी कुल आबादी लगभग नौ हजार है तथा चौहार घाटी की तेरह पंचायतें हैं और इन पंचायतों के अंतर्गत लगभग 120 गांव तथा उपगांव पड़ते हैं।

### पांच दशकों में जले सैकड़ों घर

गत पांच दशकों में वर्ष 1971 में छोटाभंगाल के बड़ाग्रां में 90 घर, वर्ष 1990 में स्वाड़ गांव में 36 घर, वर्ष 1980 में तरमेहर गांव में 52 घर और इसी गांव में ही वर्ष 1984 में 18 घर, वर्ष 1995 में अन्दरली मलाह गांव में 80 घर, वर्ष 1999 में खड़ी मलाह गांव में 14 घर, 2005 में बखलोग गांव में 15 घर अग्निकांड से पूरी तरह स्वाह हो गए, जिनमें पांच लोग तथा दर्जनों पशु भी आग की चपेट में आकर जिंदा जल गए। 2006 में अन्दरली मलाह गांव में फिर एक बार 40 मकान, 2007 में पोलिंग गांव में तीन मंजिला मकान जलकर राख हो गया। वर्ष 2010 तथा वर्ष 2014 में कोठी कोहड़ गांव में दो मंजिला मकान, 2012 में गांव लोआई में 20 मकान, वर्ष 2013 में लोहारडी बाज़ार में एक लकड़ी के खोखे रह रहा बुजुर्ग खोखे सहित जिंदा जला, वर्ष 2013 में तीन मंजिला मकान आग की भेंट चढ़ गया है। 2004, चौहार घाटी के वोचिंग गांव में नौ मकान, 2006 में कढियाण गांव में छह मकान व पशु, 2007 में गांव ख्बाण में तीन मकान तथा एक युवती भी जिंदा ही जल गई।

### विधायक बोले–गांववासियों की मांग है जायज

द्रंग के विधायक पूरन चंद ठाकुर का कहना है कि क्षेत्रवासियों द्वारा अग्निशमन केंद्र खोलने की जायज मांग है। इस मांग को पूरा करने के लिए सरकार से अवश्य ही बात की जाएगी। वहीं बैजनाथ के विधायक एवं मुख्य संसदीय सचिव किशोरी लाल का कहना है कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में पेश किए गए बजट सत्र के दौरान छोटा भंगाल के मुल्थान में अग्निशमन केंद्र को स्थापित करने की बात अपने आप कही है। यहां के लोगों की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए वे स्वयं मुख्यमंत्री से अग्निशमन केंद्र स्थापित करने के लिए याद दिलाते रहेंगे और उन्होंने पूर्ण विश्वास जताया है कि अवश्य ही जल्द ही अग्निशमन केंद्र स्थापित कर दिया जाएगा।

# उपडाकघर पंडोह से दो बैटरियां चोरी

**अनंत ज्ञान, मंडी।** पंडोह क्षेत्र में ताला तोड़ने की घटनाओं में इजाफा हुआ है। ताजा घटनाक्रम में उपडाकघर का ताला तोड़कर सेंधमारी से चोरी को अंजाम दिया गया। जानकारी के अनुसार इस उप डाकघर का ताला चार–पांच महीने पहले भी तोड़ा गया था। तब कोई सरकारी संपत्ति गायब नहीं पाई गई थी। लेकिन अब की बार संभवतः रविवार रात को चोरों ने अपने इरादों पर कामयाबी पाई। अधिकारी व कर्मचारी अपने काम पर पहुंचे तो ताला दरवाजे पर लटका हुआ था। ऐसे में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के आने पर कर्मचारियों के साथ अंदर जाकर देखा तो इनवर्टर की दो बैटरियां गायब पाई गईं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सूडोकु 0039 ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | | 4 | 1 | 7 | | |
| 1 | | | | | | 6 | | |
| 5 | 7 | 3 | 2 | | | | 4 | |
| | | | | 9 | 4 | 8 | | |
| 4 | | 7 | | | | 9 | | 6 |
| | | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | 3 | | | | 6 | 5 | 9 | 1 |
| | | 6 | | | | | | 7 |
| | | 9 | 1 | 8 | | 2 | | 4 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0038 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 7 | 5 | 2 | 6 | 1 | 4 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 4 | 2 | 6 | 9 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 | 2 |
| 2 | 6 | 4 | 7 | 5 | 9 | 8 | 1 |
| 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 1 | 9 | 8 |
| 6 | 9 | 2 | 8 | 3 | 4 | 5 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 |

अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

## आज का पंचांग

7 जनवरी, 2025, मंगलवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** पौष, **तिथि** अष्टमी (4:29): **नक्षत्र** रेवती (05:50), **पक्ष :** शुक्ल **योग :** शिव (11:15) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:06-12:48), **राहुकाल** (03:03 -04:21)।

**विशेष दिन**

- 7 जनवरी : शाकंभरी देवी नवरात्र आज से शुरू।
- 7 जनवरी 2025 : अन्नपूर्णा अष्टमी आज।

**मेषः** आज का दिन आर्थिक दृष्टि से उत्तम होगा। धन, यश और कीर्ति में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृषभः** पारिवारिक दायित्व की पूर्ति होगी। जीवनसाथी का सहयोग एवं सान्निध्य मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी।

**मिथुनः** ससुराल पक्ष का सहयोग रहेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद हो सकता है। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। उच्च अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**कर्कः** किसी रिश्तेदार के कारण तनाव मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद रहेगी। संबंधों में निकटता आएगी, मधुमेह के रोगी स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**सिंह :** ससुराल पक्ष से सहयोग मिलेगा। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

**कन्या :** गृह कार्य में व्यस्त हो सकते हैं। चल या अचल संपत्ति में वृद्धि होगी। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक मामलों में प्रगति होगी।

**तुलाः** व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होगा। संतान के दायित्व की पूर्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा। पारिवारिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृश्चिकः** किसी कार्य के संपन्न होने से आपके प्रभाव में वृद्धि होगी, लेकिन क्रोध और भावुकता में नियंत्रण रखें। पारिवारिक समस्या आ सकती है।

**धनु :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। उपहार या सम्मान में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का सहयोग रहेगा।

**मकर :** गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। जीवनसाथी का सहयोग और सानिध्य मिलेगा। यात्रा देशाटन की स्थिति सुखद होगी। शिक्षा प्रतियोगिता के क्षेत्र में प्रगति होगी।

**कुंभ :** आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। गृह उपयोगी वस्तुओं में वृद्धि होगी। सम्मान में वृद्धि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। उच्च अधिकारी का सहयोग मिलेगा।

**मीन :** रिश्तों में मधुरता आएगी। पारिवारिक जीवन सुखमय होगा। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। रचनात्मक प्रयास फलीभूत होंगे।

# जोधा इलेवन व सलवाना टू ने जीते कबड्डी मैच

**अनंत ज्ञान, जड़ोल**



विजेता टीम को सम्मानित करते हुए मुख्यातिथि।

युवा स्पोर्ट्स क्लब जड़ोल द्वारा करवाए गए दो दिवसीय कबड्डी टूर्नामेंट में अंडर 17 टीम में सलवाना टू ने राजपुरा टीम को हरा कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विजेता टीम सलवाना टू को 5100 रुपए और ट्रॉफी देकर तथा दूसरे स्थान पर रही राजपुर टीम को 4100 रुपए और टॉफी देकर सम्मानित किया गया। दूसरे दिन के खेल में हिमाचल सहित अन्य राज्यों की सात टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रथम स्थान जोधा इलेवन विजय रही, जिसको 11000 रुपए व दूसरे स्थान में रही टीम जड़ोल रेड की टीम को 7100 रुपए व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। समापन के मुख्य अतिथि वीडीओ सुंदरनगर विवेक चंदेल रहे।

स्थानीय निवासी बोहरू राम ने 5100 रुपए की राशि दी और एचपीएमसी प्रबंधक ने खिलाड़ियों व दर्शकों को जूस पिलाकर सहयोग दिया।

# पूर्व मुख्यमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपा ने बांटा हलवा



हलवा बांटते हुए भाजपा के कार्यकर्ता व अन्य।

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर के जन्मदिन पर आज बालीचौकी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बालीचौकी मंडल के अध्यक्ष मुकेश कुमार की अध्यक्षता में एक समारोह का आयोजन किया।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जहां पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की दीर्घायु की कामना की वहीं इस दौरान लोगों को हलवा भी परोसा गया।

कार्यकर्ताओं ने टैक्सी स्टेंड के समीप एक नुक्कड़ सभा आयोजन किया जिसे मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार ने संबोधित किया।इस आयोजन में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्षों ने भी शिरकत की।(अनंत ज्ञान)

# चेक बाउंस मामले में अपील खारिज

**मंडी।** अपीलीय अदालत ने चेक बाउंस के एक मामले में निचली अदालत के फैसले को चुनौती देने वाली अपील को खारिज करने का आदेश दिया है। सत्र न्यायाधीश की अपीलीय अदालत ने अधीनस्थ न्यायालय की ओर से आरोपी को दी गई 8 महीने का कारावास और 20 लाख रुपए हर्जाना भरने की सजा को बरकरार रखा है।

मामले में एचडीएफसी बैंक की सेरी बाजार (मंडी) शाखा की विधिक देनदारी को अदा करने के लिए चच्योट तहसील के बाढ़ू निवासी अपीलकर्ता करतार सिंह ने एक चेक जारी किया था। शिकायतकर्ता एचडीएफसी बैंक ने जब चेक को भुगतान के लिए लगाया तो यह बाउंस हो गया।

# जयराम के जन्मदिन पर लोगों ने डाली नाटी



शिमला में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने अपना जन्मदिवस धूमधाम से मनाया। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने जमकर नाटी डाली।

# गोहर में निशानदेही के 400 मामले निपटाए

**अनंत ज्ञान, गोहर ( मंडी )**

राजस्व मामले निपटाने के लिए 23 अक्तूबर से 31 दिसंबर 2024 तक उपमंडल गोरह में विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान का उद्देश्य राजस्व के पुराने सभी लंबित मामलों को निपटाना एवं आम लोगों को राहत प्रदान करना रहा। उपमंडल गोहर में तीन कानूनगो सर्किल और 22 पटवार सर्किल हैं।

अभियान के तहत निशानदेही के लगभग 400 मामले, तकसीम और खानगी के लगभग 100 मामले निपटाए गए। तहसीलदार गोहर की ओर से इस अवधि में कुल 191 मामलों का निपटारा किया गया। नायब तहसीलदार गोहर की ओर से कुल 155 मामलों का निपटारा किया गया। इसके अतिरिक्त कुल 317 इंतकाल के मामले निपटाए गए।

एसडीएम लक्ष्मण कनेट ने बताया कि उपमंडल गोहर में अभी जो भी निशानदेही, तकसीम, इंतकाल के मामले हाल ही में ही प्राप्त हुए हैं उन्हें चरणबद्ध तरीके से निश्चित समय अवधि में ही निपटाया जाएगा।

एसडीएम ने सभी लोगों से आग्रह किया कि वे हुकम्मन तकसीम के बजाय खानगी तकसीम करवाएं क्योंकि खानगी तकसीम सरल एवं कम खर्चीली और कम समय में पूरी हो जाती है।

अधिकार मनुष्य को तब तक अंधा बनाए रखेंगे, जब तक मनुष्य उस अधिकार को प्राप्त करने हेतु मूल्य न चुका दे। –सरदार वल्लभ भाई पटेल

## संपादकीय

# बयानों पर सियासी संग्राम

दिल्ली विधानसभा चुनाव का ऐलान अभी नहीं हुआ है, लेकिन बदजुबानी का दौर शुरू हो गया है। भाजपा सांसद और दिल्ली के कालकाजी विधानसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी रमेश बिधूड़ी के बयानों पर दिल्ली में खासा सियासी संग्राम छिड़ हुआ है। पहले उन्होंने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी पर बदजुबानी की और उसके बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी पर विवादस्पद बयान दे दिया। हालांकि, उन्हें बाद में इन बयानों के लिए माफी भी मांगनी पड़ी। ऐसा नहीं है कि रमेश बिधूड़ी ने पहली बार ऐसे बयान दिए हों, बल्कि इससे पहले भी कई विवादस्पद बयान दाग चुके हैं। 21 सितंबर 2023 को संसद में चर्चा के दौरान बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी के सांसद कुंवर दानिश अली को आतंकवादी कहते हुए गाली दी थी। इन टिप्पणियों की सभी पार्टियों के सांसदों और राजनीतिक नेताओं ने निंदा की थी। हालांकि, स्पीकर ओम बिरला ने उनके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की। बाद में रमेश बिधूड़ी ने अपनी आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए खेद व्यक्त किया। इससे पहले 2015 में विपक्ष की पांच महिला सांसदों ने तत्कालीन अध्यक्ष सुमित्रा महाजन को एक शिकायत में दुर्व्यवहार करने और अनुचित भाषा का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। एक और वायरल वीडियो में रमेश बिधूड़ी को कहते सुना गया है, 'लालू ने वादा किया था बिहार की सड़कों को हेमामालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वो ऐसा नहीं कर पाए।

मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं, वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा। इस बयान पर विवाद होने पर रमेश बिधूड़ी ने खेद तो जताया है, लेकिन माफी की बात पर कह रहे हैं कि पहले लालू यादव को माफी मांगनी चाहिए। फिर वह भी माफी मांग लेंगे। सवाल यह है कि क्या हेमामालिनी महिला नहीं हैं?' रमेश बिधूड़ी का कहा है, मैंने कोई विवादित बयान नहीं दिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को लेकर एक सार्वजनिक सभा में बिधूड़ी ने कहा है, 'केजरीवाल ने अपने बच्चों की कसम खाकर कहा था कि भ्रष्ट कांग्रेस के साथ नहीं जाऊंगा, लेकिन मार्लेना ने पिता ही बदल लिया। पहले पहले वो मार्लेना थीं। अब वो सिंह बन गई हैं..ये उनका चरित्र है। देखना यह है कि भाजपा नेता बिधूड़ी के बयानों का दिल्ली चुनाव पर क्या असर होता है। अगर रमेश बिधूड़ी ने सिर्फ प्रियंका गांधी पर टिप्पणी की होती तो उतना असर नहीं होता, जितना आतिशी पर टिप्पणी का हो सकता है। जो बात रमेश बिधूड़ी ने कही है, उनके लिए कोई नई बात नहीं है।

यह सब उनकी राजनीति का ही हिस्सा है। कोई भी नेता ऐसी बातें कम ही बोलता है, जो उसके समर्थकों को पसंद न हो। हो सकता है रमेश बिधूड़ी की बात उनको समर्थकों को खराब न लगे और कालकाजी विधानसभा में निजी तौर पर उनको फायदा भी मिल जाए, लेकिन ये भी तो हो सकता है कि बाकी दिल्ली में बीजेपी के लिए ये महंगा पड़े। लोकसभा चुनाव में दानिश अली पर रमेश बिधूड़ी के बयान का पूरे उत्तर प्रदेश में असर माना जा सकता है, लेकिन अमरोहा में तो कोई असर नहीं हुआ। अमरोहा में तो रमेश बिधूड़ी की राजनीति के शिकार दानिश अली तो अपनी भी सीट नहीं बचा पाए। बहरहाल, आतिशी–बिधूड़ी विवाद में नेताओं के बयानों की सही या गलत का मूल्यांकन करना मुश्किल है, क्योंकि यह विवाद राजनीतिक है और दोनों पक्षों के दृष्टिकोण अलग–अलग हैं। बिधूड़ी ने आतिशी पर विवादित बयान दिया है, जिसमें उन्होंने आतिशी के उपनाम बदलने को लेकर टिप्पणी की है। इस बयान को आम आदमी पार्टी (आप) और कांग्रेस ने महिला विरोधी और अपमानजनक बताया है। दूसरी ओर, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने भी भाजपा पर आरोप लगाए हैं कि वह महिलाओं का अपमान कर रही है और उनके अधिकारों का उल्लंघन कर रही है। इस विवाद में नेताओं के बयानों की सही या गलती का मूल्यांकन करने के लिए यह आवश्यक है कि हम विभिन्न दृष्टिकोणों को समझें और तथ्यों का विश्लेषण करें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारतीय फिल्म अभिनेत्री

ममता शंकर भारतीय फिल्म अभिनेत्री हैं। वह मुख्यत: बंगाली सिने जगत में अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने सन 1976 में मृणाल सेन द्वारा निर्देशित फिल्म 'मृगयाया' के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी। ममता का जन्म भारत के प्रसिद्ध शास्त्रीय नर्तक उदय शंकर और अमला शंकर के घर हुआ था। एक अभिनेत्री होने के अलावा वह एक नृत्यांगना और कोरियोग्राफर भी हैं। ममता शंकर ने 1976 में मृणाल सेन द्वारा निर्देशित फिल्म 'मृगयाया' के साथ अपने फिल्मी सफर की शुरुआत की और उस फिल्म ने वर्ष के लिए सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी जीता। ममता शंकर ने 1986 में एक डांस कंपनी 'उद्यान' चलाई, जो पूरे विश्व में व्यापक रूप से यात्रा करती है, जिसमें 'ममता शंकर बैले ट्रूप' भी शामिल है। उन्हें स्पेशल ज्यूरी अवार्ड–1992, बीएफजेए पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार–1993, 'उत्सव' के लिए बीएफजेए पुरस्कार, सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार–2000 मिला। ■



ममता शंकर
जन्म : 7 जनवरी, 1955

## कविता

### बंधुआ मजदूर



प्रो. विधु
जोगिंद्रनगर

*सर्दियों की धूप में मजे लेते फोन देखते,*
*हंसते–गाते घंटों बेसिर पैर की बातें करते*
*चाय के प्यालों को खनकाते अपना मन*
*बहलाते, न कभी उनको यह एहसास रहता*
*है कि किसके दम पर ये सुख और चैन रहता है,*
*क्योंकि हर घर में इक बंधुआ मजदूर रहता है।*
*एसी कमरों में, नर्म बिस्तर पर लेटे, घंटों टीवी पर इंसाफ–*
*नाइंसाफी का फैसला करते, वो विशालकाय शरीर*
*कभी स्नैक्स तो कभी कॉफी का आर्डर देते*
*पसीने से तरबतर, रसोई में चारों पहर काम में लगे शख्स*
*के दुख–दर्द का इक पल भी इनको ख्याल न आता है,*
*क्योंकि हर घर इक बंधुआ मजदूर रहता है।*
*बीसीयों रिश्तेदारों, मेहमानों की मेजबानी करते,*
*दर्जनों समारोहों, त्योहारों पर पकवान बनाते, जूठन मांजते उन*
*खुरदरे दो हाथों को कोई न चूमता, न सिर–माथे लगाता है,*
*क्योंकि हर घर में इक बंधुआ मजदूर रहता है।*
*इस बंधुआ मजदूर के न जाने कितने हैं रूप, कहीं बहू तो*
*कहीं बेटी, कहीं बहन तो कहीं भतीजी, कहीं नौकर तो कही*
*चाची, जिस घर में भी झांको इसका वजूद सामने आता है,*
*क्योंकि हर घर में इक बंधुआ मजदूर*
*रहता है।*

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री ***editoranantgyaan@gmail.com*** पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।

# लालसा के अस्तित्व से व्यक्तित्व विकास



प्रत्येक व्यक्ति अपना जीवन जीने के लिए कार्य करता है तथा जीवन में अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए कुछ लक्ष्य निर्धारित करता है इन लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए व्यक्ति जो तीव्र इच्छा से पूर्ति होने की कामना, चाह या इच्छा रखता है उसे ही व्यक्ति की लालसा कहा जा सकता है। किसी चीज या व्यक्ति के लिए बहुत ज्यादा इच्छा या उत्कंठा का होना ही साधारण शब्दों में व्यक्ति की लालसा कहलाती है। लालसा एक ऐसी भावना है जो हमें किसी चीज की प्राप्ति के लिए प्रेरित करती है। यह एक प्रकार की इच्छा या आकांक्षा है जो हमें किसी विशिष्ट लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती है। लालसा के कई रूप हो सकते हैं, जैसे कि धन और संपत्ति की लालसा, शक्ति और प्रभाव की लालसा, प्रसिद्धि और मान्यता की लालसा प्रेम और संबंधों की लालसा आदि, लालसा के पीछे कई कारण हो सकते हैं, आत्म–सुरक्षा और स्थिरता की आवश्यकता, आत्म–सम्मान और आत्म–विश्वास की आवश्यकता, सामाजिक और सांस्कृतिक दबाव, व्यक्तिगत अनुभव और घटनाएं, आत्म–विकास और आत्म–साक्षरता की आवश्यकता। लालसा का व्यक्ति में होना भी कुछ हद तक सही माना जा सकता है लालसा हमें लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है।



लेखक : सुभाष चंद कासव
राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षक

लालसा हमें आत्म–साक्षरता और आत्म–विकास की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। लालसा हमें सामाजिक और सांस्कृतिक दबावों का सामना करने के लिए प्रेरित करती हैं लालसा हमें अत्याधिक महत्वाकांक्षा और लालच की ओर ले जा सकती है। लालसा हमें आत्म–केंद्रित और स्वार्थी बना सकती है। लालसा हमें तनाव और चिंता की ओर ले जा सकती है। लालसा को कुछ तरीकों से नियंत्रित भी किया जा सकता है आत्म–विश्लेषण और आत्म–मूल्यांकन के द्वारा, लक्ष्यों को स्पष्ट और वास्तविक बनाया जा सकता है।

आत्म–साक्षरता और आत्म–विकास की ओर बढ़ना, सामाजिक और सांस्कृतिक दबावों का सामना करना, तनाव और चिंता को कम करने के लिए योग और ध्यान का अभ्यास करना आदि कुछ ऐसे तरीके हैं जिससे लालसा पर नियंत्रण किया जा सकता है। लालसा एक जटिल और बहुआयामी भावना है जो हमें किसी चीज की प्राप्ति के लिए प्रेरित करती है। लालसा के पीछे कई कारण हो सकते हैं और इसके प्रभाव भी कई हो सकते हैं। लालसा को नियंत्रित करना एक बहुत बड़ी उपलब्धि है जो आत्म–विश्लेषण, लक्ष्यों को स्पष्ट बनाना, आत्म–साक्षरता और आत्म–विकास की ओर बढ़ने से प्राप्त की जा सकती है। कई लोग लालसा और लालच को एक ही समझते हैं, जबकि वास्तव में इनमें अंतर पाया जाता है लालसा और लालच दोनों ही मानव मन की भावनाएं हैं जो हमें किसी चीज की प्राप्ति के लिए प्रेरित करती हैं, लेकिन इन दोनों के बीच में एक महत्वपूर्ण अंतर है। जहां लालसा एक प्रकार की इच्छा या आकांक्षा है जो हमें किसी विशिष्ट लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। यह एक स्वाभाविक और सामान्य भावना है जो हमें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। वहीं लालच एक प्रकार की अत्यधिक और अनियंत्रित इच्छा है जो हमें किसी चीज की प्राप्ति के लिए किसी भी हद तक जाने के लिए प्रेरित करती है। यह एक नकारात्मक भावना है जो हमें अपने स्वार्थ और लाभ के लिए दूसरों का शोषण करने के लिए प्रेरित करती है।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

लालसा और लालच के बीच में एक महत्वपूर्ण अंतर है लालसा एक स्वाभाविक और सामान्य भावना है, जबकि लालच एक नकारात्मक और अनियंत्रित भावना है। लालसा हमें अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है, जबकि लालच हमें अपने स्वार्थ और लाभ के लिए दूसरों का शोषण करने के लिए प्रेरित करती है। लालसा हमें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है, जबकि लालच हमें अपने जीवन में नकारात्मक परिणामों की ओर ले जा सकती है। लालसा और लालच दोनों ही मानव मन की भावनाएं हैं जो हमें किसी चीज की प्राप्ति के लिए प्रेरित करती हैं, लेकिन लालसा एक स्वाभाविक और सामान्य भावना है, जबकि लालच एक नकारात्मक और अनियंत्रित भावना है।

हमें अपनी लालसा को नियंत्रित करना चाहिए और लालच से बचना चाहिए। कई लोग लालसा और अभिलाषा को एक ही समझने की गलती कर बैठते हैं। अभिलाषा और लालसा भी दोनों ही मानव मन की भावनाएं हैं जो हमें किसी चीज की प्राप्ति के लिए प्रेरित करती हैं। इन दोनों भावनाओं के बीच में एक महत्वपूर्ण संबंध है, जिसे समझने से हम अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित हो सकते हैं। अभिलाषा एक प्रकार की इच्छा या आकांक्षा है जो हमें किसी विशिष्ट लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। यह एक स्वाभाविक और सामान्य भावना है जो हमें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। अभिलाषा हमें अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करती है और हमें अपने जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करती है, लेकिन अभिलाषा और लालसा के बीच में एक महत्वपूर्ण अंतर भी है।

अभिलाषा एक स्वाभाविक और सामान्य भावना है जो हमें अपने जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है, जबकि लालसा एक अधिक तीव्र और अनियंत्रित भावना है जो हमें किसी विशिष्ट चीज की प्राप्ति के लिए प्रेरित करती है। साधारणतय यह कहा जा सकता है कि लालसा व्यक्ति में पाए जाने वाली एक ऐसी भावना है जो व्यक्ति को कुछ करने के लिए प्रेरित करती है, कुछ प्राप्त करने के लिए विवश करती है, अगर व्यक्ति में लालसा नहीं है तो वह आकर्मन्यता तक की ओर अग्रसर होता है, व्यक्ति के मन में सकारात्मक लालसा का होना उसकी उन्नति को चार चांद लगाते हैं, परंतु लालसा का अभिप्राय स्वार्थ से नहीं है की अपनी स्वास्थ्य पूर्ति के लिए लालसा का प्रयोग किया जाए लालसा का अर्थ कामना, चाह एवं इच्छा से लिए जाना चाहिए जिससे व्यक्ति मेहनत करके कार्य को अंजाम दे तथा अपना मन वांछित उद्देश्य प्राप्त करके अपने जीवन को सुखमय बनाएं तथा औरों को भी सुख प्रदान करने का कारण बने। लालसा का होना भी व्यक्तित्व विकास के लिए आवश्यक है क्योंकि लालसा का ना होना संतुष्टि को जन्म देता है और संतोषी व्यक्ति जीवन में कठिन परिश्रम करने से कतराता है परिणाम स्वरूप वह जिंदगी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अधिक परिश्रम नहीं करता है। अत: कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि लालसा एक महत्वपूर्ण व्यक्तिक संवेग है जो उसे मेहनत करने के लिए लगातार प्रोत्साहित करता है, प्रेरित करता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# मेनोपॉज के दंश से जूझती महिलाएं

महिलाओं के जीवन में मासिक धर्म का बंद हो जाना, रजोनिवृत्ति (मेनोपॉज) कहलाता है। वैसे तो प्रत्येक महिला के जीवन का यह एक सामान्य बदलाव है, लेकिन बहुत सारी महिलाएं इस प्रक्रिया से गुजरते हुए शारीरिक और मानसिक रूप से काफी मुश्किलों का सामना करती हैं। विशेषज्ञों का कहना हैं कि मेनोपॉज के दौरान शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन जैसे हॉर्मोन का उत्पादन कम हो जाता है ।



लेखिका : बिषना गाजटा
शिमला, हिप्र

इस दौरान शरीर में कई तरह के हॉर्मोनल बदलाव होते हैं, जिसका असर महिलाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से होने लगता है। मेनोपॉज आमतौर पर 45 से 55 साल की उम्र में होता है। ज्यादातर महिलाएं मोनोपॉज के प्रारंभिक अवस्था में तनावपूर्ण और चिंतित रहती हैं, क्योंकि वास्तविक कारण उसको समझ ही नहीं आता। हमारे समाज में महिलाओं की समस्याओं को लेकर आज भी खुलकर बातचीत नहीं होती। न जाने कितनी बार एक औरत खुद को बिखेरकर फिर जोड़ती है और उसके इस संघर्ष को समाज ने बड़ी आसानी से कर्तव्य का नाम दे दिया है। न जाने कितने अनकहे भाव उसके सीने में दफन पड़े हुए हैं।

मन में दबाई गई भावनाएं पूरी तरह मिटती नहीं हैं। कुछ समय के लिए दफन तो हो जाती हैं, लेकिन अकेलेपन में फिर से उभरकर भीतर से झकझोर देती हैं। इसका समाधान केवल इतना ही है कि अपनों के साथ बैठकर अपनी हर समस्या बताई जाए, क्योंकि भावनाओं से छुटकारा पाने के लिए संवाद और समर्थन जरूरी है। भावनाओं को दबाने से मानसिक अवसाद बढ़ने की आशंका बढ़ जाती है। महिलाएं अक्सर ऐसा दर्शाती हैं कि उसे किसी चीज से कोई फर्क नहीं पड़ता। उसने बड़ी आसानी से चयन कर लिया कि उसको क्या सोचना है और क्या नहीं।



किसी भी बात के प्रभाव से खुद को कैसे बचाना है या फिर उस स्थिति में कितनी शांति से प्रतिक्रिया देनी है। मेनोपॉज से होने वाले प्रभाव को भी वो बड़ी चतुराई से सबसे छिपाकर अकेले उस दर्द से जूझती है। इस दौरान वो बहुत सारे मानसिक तनाव से होकर गुजरती है। कभी कभार कोई भाव अत्यधिक पीड़ाओं से गुजरकर यदि उसके चहरे पर झलक भी आएं तो वे उस भाव को बड़ी चतुराई के साथ अपनी मुस्कुराहट के पीछे छिपा लेती है। मेरे हिसाब से मेनोपॉज का बहुत गहरा दंश ग्रामीण इलाकों वाली महिलाएं झेलती हैं, क्योंकि ग्रामीण इलाकों में महिलाओं के लिए मासिक धर्म को लेकर परंपराओं से संबंधित बहुत सारी पाबंदियां होती हैं। जैसे कि 5 दिन तक वो चूल्हा चौका नहीं छू सकती, उसके लिए अलग कमरा, अलग बिस्तर होता है। कई इलाकों में तो दशा और भी दयनीय है। वहां महिलाएं मासिक धर्म के पांच दिन गोशाला में गुजारती हैं। सोचो इस तरह का जीवन सदियों से जी रही हैं, वो भी बिना कोई शिकवा और शिकायत किए हुए, लेकिन बहुत दु:ख होता है ये सोचकर कि क्यों इतनी सख्त पाबंदियां बनाईं गई। विभिन्न शोधों और हाल के अध्ययनों से पता चला है कि मेनोपॉज महिलाओं में एक–चौथाई तक को शारीरिक दुर्बलता वाले लक्षण अनुभव होते हैं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

इसके उपरांत गुस्सा, चिड़चिड़ापन, तनाव, अवसाद जैसे मानसिक विकार भी शामिल होते हैं। डॉक्टरों के अनुसार, इसकी पूर्ति हेतु अनुपूरक आहार ले सकते हैं, विटामिन डी, कैल्शियम और मैग्नीशियम की खुराक मांसपेशियों और हड्डियों के स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होती है। तनाव से राहत देने वाली गतिविधियां करें, जैसे कि व्यायाम करना, मेडिटेशन करना, किताब पढ़ना, संगीत सुनना, घूमना फिरना या अपनों से बातचीत करना इत्यादि शामिल हैं।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

अपने देश में शायद ही कोई घोटाला शेष बचा होगा जिसका खामियाजा भ्रष्ट नेताओं एवं अधिकारियों को भुगतना न पड़ा होगा; परंतु लेने देने की निरंतर सामने आ रही घटनाओं से समाज तथा देश की अवनति कितनी और गिरेगी सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। हैरानी की बात यह है कि हिमाचल प्रदेश जैसे शांत राज्य में भ्रष्टाचार फैलाने में जांच एजेंसी आगे आएगी यह शायद किसी ने सोचा भी नहीं था, क्योंकि पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट न होने पर जुर्म घोटाला आदि की जांच के लिए बड़ा गर्व करते हुए इन राष्ट्रीय स्तर की जांच एजेंसी की ड्यूटी लगाई जाती है। केंद्र सरकार को चाहिए कि जांच एजेंसी आदि पर भी कड़ी नजर रखने के लिए अलग से कोई निगेहबान दस्ता तैनात करे और इस तरह भ्रष्टाचार फैलाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह शर्मिंदा न कर जगहंसाई न करवा सके।

**भीम बसेड़ू राजपूत, मंडी**

# सकारात्मकता सोच के साथ नववर्ष का अभिनंदन

नया साल हमारे जीवन में कई उम्मीदों, नए सपनों और नए संकल्पों का प्रतीक है। यह समय हमें अपने अतीत की गलतियों से सबक लेकर एक नई शुरुआत करने का मौका प्रदान करता है। जब हम सकारात्मक होकर नए साल का स्वागत करते हैं तो यह हमारे जीवन में एक नई आशा, उत्साह ,उमंग और ऊर्जा भर देता है। नया साल केवल कैलेंडर बदलने का समय नहीं, बल्कि यह जीवन के एक नए अध्याय का शुभारंभ करने का अवसर भी होता है।



लेखिका : वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर

यह हमें अपने पुराने अनुभवों का मूल्यांकन करने और अपने भविष्य को बेहतर बनाने की योजना का अवसर भी प्रदान करता है। सकारात्मक सोच हमारे सुखी जीवन का आधार है। यह हमारे दृष्टिकोण को बदलने की क्षमता रखती है और हमें कठिन परिस्थितियों में भी समाधान ढूंढने में मदद करती है। जब हम सकारात्मक सोच के साथ नए साल की शुरुआत करते हैं तो यह हमारी ऊर्जा को सही दिशा में केंद्रित कर हमें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी सहायक होती है। नए साल की शुरुआत से पहले हमें आत्म विश्लेषण करना चाहिए और अपनी गलतियों और अपनी उपलब्धियों का जायजा लेना चाहिए, जो गलतियां हमने पिछले साल की हैं उनसे सीख लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करनी चाहिए।

यह आत्म विश्लेषण हमें अपने व्यक्तित्व को बेहतर बनाने का मौका प्रदान करता है। सकारात्मक सोच का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है अतीत को पीछे छोड़ देना। पुरानी शिकायतें, निराशा और गलतफहमियां हमें आगे बढ़ने से रोकती हैं। उन गलतियों से सबक जरूर लें, लेकिन उन्हें मन में रखकर निराशा का माहौल न बनने दें। नए साल का आगाज एक ऐसा अवसर है जब हमें नकारात्मक भावनाओं को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने के लिए नए लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। हर दिन एक छोटा लक्ष्य निर्धारित करें और उसे पूरा करने का प्रयास करें। ये छोटे–छोटे लक्ष्य हमें आत्मविश्वास और सकारात्मक शक्ति प्रदान करते हैं।



सुबह उठते ही ईश्वर का धन्यवाद करें, जिन्होंने हमें एक नई सुबह, एक नई भोर देखने का मौका प्रदान किया। हर दिन के अंत में उन सभी चीजों या इंसानों का आभार व्यक्त करें जो आपके जीवन में सकारात्मक ऊर्जा लाते हैं। सकारात्मक बनाए रखने के लिए शारीरिक और मानसिक सेहत का ध्यान रखना अत्यावश्यक है। नियमित व्यायाम, योग और ध्यान आपके शरीर और मन को स्वस्थ रखते हैं।

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र


हमारे आसपास के लोग और वातावरण भी हमारे विचारों और व्यवहार पर गहरा प्रभाव डालते हैं, इसीलिए सकारात्मक सोच रखने वाले लोगों का ही साथ रखें, जिनसे आपको कुछ सीखने को मिले और ताकि आपके अंदर एक नई ऊर्जा का संचार हो। नए साल का जश्न केवल पार्टी और उत्सव तक ही सीमित नहीं होना चाहिए ,बल्कि अपने समय और संसाधनों का उपयोग करके अगर समाज की भलाई के लिए भी कार्य हो सके तब तो और भी अच्छा है। किसी जरूरतमंद की सहायता कर यदि आप किसी के चेहरे पर खुशी ला सकते हो तो इससे बड़ा कार्य और क्या हो सकता है? पर्यावरण संरक्षण के लिए भी कार्य करना सकारात्मक रहने का एक अच्छा तरीका है। नए साल का आगाज सकारात्मकता से करना एक बेहतर भविष्य की नींव रखता है।

विद्यार्थियों में सकारात्मकता का महत्व बहुत अधिक है, क्योंकि यह उनके व्यक्तिगत, शैक्षणिक और सामाजिक जीवन को प्रभावित करती है। सकारात्मक दृष्टिकोण न केवल छात्रों को उनकी चुनौतियों का सामना करने में मदद करता है। यह जरूर याद रखें कि नया साल एक तारीख ही नहीं है बल्कि हमारे सपनों ,लक्ष्यों और संकल्पों की एक उम्मीद है ,जिसे हमने साल के अंत तक पूरा करना है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

## पाठकों के पत्र...

दैनिक समाचार पत्रों में हिमाचल प्रदेश एवं बाहरी राज्यों में जो भी पाठक अनंत ज्ञान को पढ़ता है वह उसका कायल होकर रह जाता है। निरंतर कलरफुल छायाचित्रों के साथ छप रहे समाचार सहित यह भी देखने को मिल रहा है कि छोटी–बड़ी उम्र के लोगों के हिसाब से अलग–अलग दिन अलग–अलग किस्म के लेख आदि छप रहे हैं। भले ही बीच–बीच में कांगड़ा को कभी दो कभी डेढ़ पृष्ठ मिल रहा है मगर मंगलवार को अनंत सागर के तहत पृष्ठ –4 पूरा प्रकाशित किया जा रहा हैं जिसमें प्रदेश के मठ– मंदिरों, बड़े आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों बारे बेहतर ढंग के लेख आदि रहते हैं वहीं इसी तर्ज पर बाहरी राज्यों की भी सुंदर सामग्री रहती है। 1 जनवरी 2025 यानी नववर्ष का अनंत ज्ञान का 16पृष्ठों का अंक छपे आकर्षक विज्ञापनों से भी बड़ा मनमोहक बन पड़ा था इसमें फ्लैशबैक–2024 के अंतर्गत जहां राष्ट्रीय स्तर की राजनीति बारे प्रकाश डाला गया था वहीं प्रदेश की राजनीति से संबंधित उथल–पुथल, सिनेमा, अनंत ज्ञान के सफलता भरे एक वर्ष के उपलक्ष्य में 30 से ज्यादा हस्तियों को अलग–अलग क्षेत्रों में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिए गए शिखर सम्मान का सामूहिक फोटो, राजनीतिज्ञों द्वारा अनंत ज्ञान दैनिक के अवलोकन के फोटो, कला, अनंत ज्ञान परिवार द्वारा विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के मुंह बोलते चित्र आदि आखिर किसको नहीं भाएंगे और नव वर्ष 2025 की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बेहतर जीवन जीने की कला को लेकर संपादकीय 'मंगलमय नववर्ष' लिखकर गागर में सागर का काम किया है। 2 जनवरी वीरवार को सिने जगत के तहत आधे पृष्ठ पर ताजातरीन फिल्मी हलचल पढ़ने को मिली। साथ ही संभल–इतिहास के पन्नों से जीवंत होती हिंदू धर्म की विरासत (सुशांत अमन का लेख) नरेंद्र भारती का लेख 'व्यस्तता छोड़ खूनी रिश्तों को बचा लिजिए कहीं देर न हो जाए' अच्छे लगे। बहुत बढ़िया पत्रकारिता के चलते 4 जनवरी का संपादकीय 'हिमाचली संस्कृति और नंगा नाच 'इसी बीच आज के दिन की प्रमुख हस्ती में महान वैज्ञानिक और गणितज्ञ आइजैक न्यूटन बहुत रोचक लगे। 5 जनवरी (रविवार)को हिमाचली रंग की सामग्री मजेदार लगी, ओपिनियन में वीरेंद्र शर्मा वात्स्यायन का लेख 'वोकेशनल कोर्स प्राप्त विद्यार्थी कभी भी भूखा नहीं मर सकता' 6 जनवरी को भी कुछ इसी तरह बेहतरीन पढ़ने को मिला खासकर हर गांव कुछ कहता है को लेकर संजय अग्रवाल का फोटो सहित लेख 'जोगीपुर गांव की मठ से पहचान', हेल्थ एक्सपर्ट डॉ एनके गुप्ता की बहुत सारी स्वास्थ्य संबंधी सलाह में गुनगुना पानी पीने के फायदे अच्छे लगे यही नहीं संपादक महोदय आजकल कई लेख लिख रहे हैं तो इस बार का लेख जो जरूरी ही नहीं, बल्कि समय की भी मांग है 'व्याप्त भ्रष्टाचार पर मिलकर करो प्रहार' बेहद अच्छे लगे। कृपया इसी प्रकार पत्रकारिता का परचम लहराते रहें। नववर्ष–2025 की बधाई एवं शुभकामनाओं सहित;



**भीम बसेड़ू राजपूत**
**मंडी**

दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र का लेआउट और प्रिंटिंग काबिले तारीफ है। खबरों का चयन बखूबी किया जा रहा है। अन्य अखबारों की तुलना में मुख्य पन्ने की खबरों को भी विस्तार से प्रकाशित किया जा रहा है। हालांकि देर शाम को होने वाले दुर्घटनाक्रम के प्रकाशन कम हो रहा है। इस दृष्टि से प्रबंधन को सोचने की जरूरत है। आप का अखबार सोलन में कुछ देरी से पहुंच रहा है। यदि अखबार की पहुंच जल्द हो तो पाठकों तक पहुंचाना आसान होगा। अनंत ज्ञान समाचार में प्रदेशभर की खबरों का समावेश होने के साथ संपादकीय पन्ने में सामायिक विषयों को उजागर किया जा रहा। साथ ही हिमाचल के रंग और खेल पने में लेआउट काफी अच्छा है।



**सुनील ठाकुर, सोलन**
**मो. 80917 62818**

पाठक अपने पत्र और सुझाव यहां भेज सकते हैं
***Email : editoranantgyaan@gmail.com***
***Whatsapp no. :*** 88945-21702

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज–2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर–176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# लोक निर्माण विभाग में ठेकेदारों की करोड़ों रुपए की पेमेंट लटकी

**आदर्श यादव, नेरचौक**

प्रदेश सरकार की वित्तीय हालत खस्ता होने से लोक निर्माण विभाग की कई महत्वपूर्ण योजनाएं अधर में लटककर रह गई है। पैसे के अभाव से लोक निर्माण विभाग को ठेकेदारों की करोड़ों रूपए की देनदारियां हो गई है। पिछले कई माह से ठेकेदारों को एक फूटी कौड़ी भी पेमेंट नहीं हो पा रही है जिससे ठेकेदारों की हालत खराब होकर रह गई है।



ऐसे ठेकेदार जिन्होंने बेरोजगारी की मार से बचने के लिए विभाग के पास ठेकेदारी शुरू की थी वह वित्तीय संकट से ज्यादा जूझ रहे हैं। दर्जनों ऐसे युवा ठेकेदार है जिन्होंने बैंक से कर्ज लेकर ठेकेदारी का धंधा शुरू किया था मगर वित्तीय संकट से जूझ रहा लोक निर्माण विभाग पिछले कई माह से ठेकेदारों को पेमेंट नहीं कर पाया है जिससे ऐसे ठेकेदार बैंक के कर्ज तले डूबते जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग के गोहर व नेरचौक डिवीजन को भी ठेकेदारों की करोड़ों रुपए की देनदारियां है।

यहां बहुत से ऐसे युवा ठेकेदार हैं जिनसे विभाग ने लाखों रुपए का काम करवाया मगर भुगतान एक पैसे का भी नहीं किया जिससे जहां इन्हें विभाग से लाखों रुपए लेने हैं वही ऐसे दर्जनों युवा ठेकेदार लाखों रुपए के कर्ज में डूबते जा रहे हैं। इन्हें बैंक की मासिक किस्त का भुगतान करना मुश्किल हो गया है।

## अब एक लाख तक ही हो रहा है ऑफलाइन टेंडर

**वित्तीय** संकट से जूझ रहे लोक निर्माण विभाग में 5 लाख की जगह अब एक लाख तक ही ऑफलाइन टेंडर हो रहे है। लोक निर्माण विभाग के सचिव ने इस संदर्भ में अधिसूचना जारी कर विभाग के सभी अधिकारियों को मात्र 100000 रुपए तक ही ऑफलाइन टेंडर लगाने के निर्देश जारी किए हैं। एक लाख से ज्यादा धनराशि के टेंडर ऑनलाइन करने की हिदायत दी गई है। जिसकी पुष्टि लोक निर्माण विभाग के अंडर सेक्रेटरी हेमराज शर्मा ने की है। उन्होंने बताया कि सभी मंडल व उपमंडल सहित विभाग के तमाम कार्यालयों को सूचना दे दी गई है।

## बजट का अभाव

**विभाग** की योजनाओं को धरातल पर उतरना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों की हालत भी खस्ता होकर रह गई है। सड़कों के रखरखाव के लिए विभाग के पास बजट का अभाव है।

> मंडल में विकास योजनाओं को धरातल पर उतरने के लिए पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया जा रहा है। ठेकेदारों की पेंडिंग पेमेंट के भुगतान का मामला हेड ऑफिस में विचाराधीन है। विभाग चरणबद्ध तरीके से ठेकेदारों की पेमेंट का भुगतान कर रहा है।
>
> **-डीआर चौहान, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण मंडल नेरचौक।**

> पेंडिंग पेमेंट ट्रेजरी को भेज दी है। जैसे ही ट्रेजरी से क्लीयरेंस होगी संबंधित ठेकेदारों को पेमेंट का भुगतान कर दिया जाएगा।
>
> **-संजय शर्मा, अधिशाषी अभियंता, लोक निर्माण मंडल गोहर।**

## ट्रेजरी से मात्र 10000 रुपए की हो रही ट्रांजेक्शन

**वित्तीय** संकट से जुड़ रही प्रदेश सरकार ने ट्रेजरी से पैसे के लेनदेन पर अस्थाई रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। वर्तमान समय कर्मचारियों की सैलरी के अलावा ट्रेजरी से 10000 रुपए से ज्यादा का भुगतान नहीं हो पा रहा है जिससे विभाग के अधिकारियों को किसी भी प्रकार का लेनदेन करने में दिक्कत आ रही है।(अनंत ज्ञान)

## सड़क के सफल ट्रायल के बावजूद नहीं चली बस

**अनंत ज्ञान, सुखबाग।** लोक निर्माण विभाग के उपमंडल झटिंगरी के तहत आने वाले वोचिंग-रूलिंग 8 किलोमीटर निर्माणाधीन सड़क मार्ग के कशामल तक बस का सफल निरीक्षण होने के बावजूद भी अभी तक कशामल तक सरकारी बस नहीं चलने के कारण लपास पंचायत के लोग अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं।

गांवों के लोगों में चमारू राम, जयलाल, बुद्धि सिंह, भागी राम, दलीप कुमार तथा राम चंद का कहना है कि जिला मंडी के सबसे ऊंचे तथा दुर्गम गांव रूलिंग को सड़क सुविधा से जोड़ने के लिए रूलिंग तक सड़क मार्ग को बस योग्य बनाया जाए। निर्माणाधीन वोचिंग-रूलिंग सड़क मार्ग पर लपास पंचायत के अंतर्गत आने वाले रूलिंग, गलू कशामल, नोट, कूट, लपास, सचाण, सचाण गहर तथा कड़ियाण गांव आते हैं।

वोचिंग-रूलिंग सड़क मार्ग के बीच कशामल तक बस सेवा की आवाजाही होने से लोगों को यातायात सुविधा का भरपूर लाभ मिलना था। गांववासियों का सरकार तथा विभाग के प्रति वोचिंग से कशामल तक सरकारी बस का सफल ट्रायल होने के बाद बस न चलने से भारी रोह व्याप्त है।

# जयराम ठाकुर के जन्मदिन पर 60 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



रक्तदान करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

जिला भाजपा द्वारा मंडी के ऐतिहासिक सेरी मंच पर पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल महाविद्यालय में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मरीजों की सुविधा के लिए उपकरण दान दिए गए। शिविर में लगभग 60 लोगों ने रक्तदान किया।

नवनियुक्त जिलाध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने कहा कि इस मौके पर गाजर का हलवा भी वितरित का किया गया। शिविर के दौरान कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह देखा गया और सब ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अपने संबोधन में निहाल चंद शर्मा ने कहा कि भाजपा जनता की भलाई के लिए काम करने वाली पार्टी है, जबकि कांग्रेस लूट खसूट करने वाली पार्टी है। आज लोग पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल को याद कर रहे हैं, जहां हर वर्ग को उचित मान सम्मान और रोजगार मिल रहा था। आज स्थिति यह है कि कर्मचारियों को वेतन देने के लिए पैसे तक नहीं हैं। जनता पर टैक्ट पर टैक्स लगाए जा रहे हैं।

निहाल चंद शर्मा ने कहा कि यदि आज चुनाव हो जाएं तो युवा वर्ग कांग्रेस को धूल चटा देगा और पूरे प्रदेश में एक ही सीट कांग्रेस की नहीं आएगी। इस कार्यक्रम मे विशेष रूप से पूर्व मंत्री एवं सदर के विधायक अनिल शर्मा और बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी उपस्थित रहे।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पायल वैद्य, नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट, संजय, सोमेश उपाध्याय, पंकज शर्मा, सुरेंद्र ठाकुर, राकेश नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा, मांचली ठाकुर, राहुल सेन आदि उपस्थित रहे।

## 200 बेसहारा गोवंश को मिलेगा सुरक्षित आश्रय

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

बेसहारा गोवंश के लिए भराडू गौसदन में एक और भवन के निर्माण की तैयारी शुरू हो गई है। दानी सज्जनों और सामाजिक संस्थाओं ने गोसेवा समिति के साथ मिलकर इस पुनीत कार्य के लिए धनराशि एकत्रित करना शुरू कर दिया है। भराडू गौसदन समिति के अध्यक्ष विजय जम्वाल और कोषाध्यक्ष अजय ठाकुर ने बताया कि दानी सज्जन नेक कमाई का एक हिस्सा इस कार्य के लिए दान कर रहे हैं।

अब तक बीस लाख रुपए से अधिक की राशि भवन निर्माण पर खर्च हो चुकी है और नए भवन के निर्माण के बाद गौसदन में लगभग 200 गौवंश को सुरक्षित आश्रय देने की योजना है।



## न्यूज ब्रीफ

### महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं ने नवाया शीश



**भीम बसेड़ू, महादेव।** नए साल के पहले सोमवार को मंडी जिला के प्राचीन शिव मंदिर महादेव जो पांडवकालीन भी बताया जाता है के यहां शिवजी को दूर-दूर के श्रद्धालुओं ने शीश नवाया और नंदी के कान में भी अपनी मन की मुराद फुसफुसाकर मांगी। ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थली गांव महादेव जिसका संबंध पूर्व में रही सुकेत रियासत (वर्तमान में तहसील सुंदरनगर) के शासकों का सीधा-सीधा रहा है। बता दें कि खास तरह के प्रबंधों के बीच शिवरात्रि जैसे बड़े त्यौहार पर यहां श्रद्धालुओं का अपार जनसमूह शिरकत करता है और इस मेले के रूप में बहुत ही ज्यादा रौनक होती है।

### फोटोयुक्त मतदाता सूचियां निरीक्षण के लिए जारी

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमानुसार 1 जनवरी, 2025 को अर्हक तिथि मानते हुए उपमंडल सरकाघाट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की फोटो मतदाता सूचियां दिनांक 6 जनवरी, 2025 को अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं। आगामी एक सप्ताह तक फोटोयुक्त मतदाता सूचियां निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालयों व प्रत्येक मतदान केंद्र पर निःशुल्क निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेंगी। इस दौरान सभी मतदाता अपने नामों की मतदाता सूचियों में पुष्टि कर सकते हैं।

### जयराम के जन्मदिन पर भाजपा मंडल ने किया सेवा कार्य

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जयराम ठाकुर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भाजपा मंडल जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष संजय शर्मा ने कार्यकर्ताओं के साथ नागरिक अस्पताल का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल में उपचाराधीन मरीजों को फल वितरित किए और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। इस अवसर पर संजय शर्मा ने कहा कि जयराम ठाकुर का जीवन समाज सेवा और जनकल्याण के प्रति समर्पित रहा है। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी, शक्ति राणा, कर्म चंद ठाकुर, रीता ठाकुर, आशा ठाकुर, मीना देवी, सौरभ जमवाल, नवीन ठाकुर और पंकज सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### कनैड विद्यालय के मेधावी किए सम्मानित



**भीम बसेड़ू, महादेव।** पीए श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनैड में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मुख्यातिथि के रूप में भौर पंचायत के प्रधान कैप्टन हलका राम शौर्य चक्र सेना मेडल ने शिरकत की। विद्यालय की तरफ से उपप्रधानाचार्य रचना गुप्ता ने स्वागत वाचन किया। इसके उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य ओमप्रकाश चौहान ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, जिसमें विद्यालय की गतिविधियों का ब्यौरा प्रस्तुत किया। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न सरेणियों में पोजिशन हासिल करने पर सम्मानित किया गया। मंच का भाषा अध्यापक हेम राज ठाकुर ने किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने सुंदर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

### 70 वर्षीय बुजुर्ग की आंखों की रोशनी लौटाई

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड चार समलोट निवासी 70 वर्षीय प्रेम सिंह, जो आंखों की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे, अब रोशनी वापस पा चुके हैं। उनकी कमजोर आर्थिक स्थिति को देखते हुए रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर ने मानवीयता का परिचय देते हुए उनका उपचार करवाया। प्रेम सिंह को जिला कांगड़ा के पालमपुर स्थित आंखों के बड़े अस्पताल में उपचार के लिए ले जाया गया, जहां रोटरी क्लब के वरिष्ठ सदस्य अजय ठाकुर और कारोबारी राजेश सूद ने उनके इलाज का पूरा खर्च उठाया। रोटरी क्लब ने इस नेक कार्य को अंजाम देकर उनकी जिंदगी में खुशियां लौटाई। इस नेक कार्य में अजय ठाकुर और राजेश सूद के साथ-साथ रोटरी क्लब के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल, सचिव सुशील पठानिया, पूर्वाध्यक्ष रामलाल वालिया, मेजर ज्ञान चंद बरवाल और तहसीलदार डॉ. मुकुल शर्मा ने सराहनीय भूमिका निभाई। रोटरी क्लब के इस कार्य की नगर में खूब प्रशंसा हो रही है। रोटेरियन अजय ने कहा कि रोटरी क्लब समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर है।



### अंडर-13 फुटबाल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी में अंडर.13 फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए ट्रायल लिया गया। जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष लीला विलास ने बताया कि जिला जिला की 13 वर्ष से कम आयु वर्ग में फुटबॉल का ट्रायल लिया गया, जिसमें मंडी जिला की फुटबॉल टीम का चयन किया गया। यह टीम नादौन में होने वाली क्लब फुटबाल चैंपियनशिप में भाग लेगी। इस अवसर पर फुटबॉल संघ के अन्य पदाधिकारी जगदीश राजा, प्रवीण शर्मा कमल किशोर मौजूद रहे।



# लोअर रिवालसर में डंपिंग साइट के विरोध में उतरे ग्रामीण

**अनंत ज्ञान, रिवालसर**



ज्ञापन सौंपने जाते हुए।

नगर पंचायत रिवालसर की डंपिंग साइट का ग्राम पंचायत लोअर रिवालसर के चहड़ी बार्ड में बनाने को लेकर स्थानीय लोगों ने अपना कड़ा विरोध जताया है।

चहड़ी व गराऊडु बार्ड के दर्जनों ग्रामीणों ने इस संबंध में डीसी मंडी को नायब तहसीलदार उप तहसील रिवालसर के माध्यम से एक ज्ञापन सौंपा है, जिसमें कहा गया है कि नगर पंचायत रिवालसर का कूड़ा कचरा के निष्पादन को लेकर लेकर जिस जगह का चयन किया गया है उस स्थान के नजदीक किसानों के रिहायशी-मकान, सैकड़ों बीघा उपजाऊ जमीन, घासनी व कई पशु शालाएं है। अगर

**नायब तहसीलदार के माध्यम से डीसी मंडी को भेजा ज्ञापन**

इस स्थान पर डंपिंग साइट बनी तो यहां रात दिन मक्खी मच्छरों का बोलबाला रहेगा, जिनसे गांव में बहुत सी बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहेगा।

कचरे के कारण यहां पर हर समय आवारा पशु, कुत्तों, पक्षियों तथा अन्य जंगली जानवर हर समय मंडराते रहेंगे, इस स्थान से होकर स्कूली बच्चों का सुबह शाम आना जाना रहता है जिसके कारण आवारा पशु और जंगली जानवरों से उन्हें खतरा बना रहेगा। यही जानवर किसानों के खेतों को भी नुकसान पहुंचाएंगे।

बारिश के मौसम में डंपिंग साइट की गंदगी हमारे खेतों और घासनियों तक पहुंच जाएगी, जिसकी बदबू के कारण यहां रहना और खेतों में काम करना मुश्किल हो जाएगा। लोगों ने चेतावनी देते हुए कहा है अगर उनकी बात को अनसुना किया गया, तो उन्हें मजबूरन आगामी रणनीति के लिए विवश होना पड़ेगा।

## एड्स जागरूकता अभियान पर करवाया क्रिकेट मैच

**मंडी।** एड्स जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय मंडी द्वारा क्रिकेट मैच का आयोजन पड्डल स्टेडियम मंडी में किया गया जिसमें 4 टीमों फाइनेंस इलेवन, लॉयर इलेवन, डॉक्टर इलेवन और पुलिस इलेवन ने भाग लिया। जिला युवा सेवा एवं खेल कार्यालय मंडी दीप्ति वैद्य जी ने मैच का शुभारंभ किया और सभी गणमान्य लोगो व खिलाड़ियों का स्वागत किया। काउंसलर श्याम लता ने एड्स के लक्षण, आईसीटीसी केंद्रों व सहायता नंबर 1097 इत्यादि के बारे में अवगत करवाया। इस अवसर पर सेवानिवृत सीजीएम पुरेन्द्र वैद्य, सदस्य खेल परिषद अनील सेन, बार परिषद के अध्यक्ष दिनेश सकलानी उपस्थित रहे ।

# मंडी में मिलेगा साउथ इंडियन फूड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



ओपनिंग के दौरान राकेश चंदेल, प्रशांत पटियाल व मनीष उप्पल।

पीएनसी फूड्स द्वारा चेन्नई मराठा अब मंडी में भी सेवारत कर दिया गया है। बता दें कि चेन्नई मराठा एक दक्षिण भारतीय सह मराठी किचन (शुद्ध शाकाहारी) है जो पूरे उत्तर भारत में अपनी सेवाएं दे रहा है। मंडी में अब परिचालन के साथ यह कंपनी की 30वीं इकाई है। पीएनसी फूड हिमाचल प्रदेश में मास्टर फ्रेंचाइजी भी संभाल रहा है।

इसके पहले सुंदरनगर और मनाली में दो और इकाइयां चलाई जा रही हैं। चेन्नई मराठा विभिन्न प्रकार के डोसा, दक्षिण भारतीय थाली, पुनेरी मिसल पाव, मुंबई का असल वड़ा पाव और कई अन्य अद्भुत व्यंजनों के लिए प्रसिद्ध है। मंडी में चेन्नई मराठा सेरी बाजार में स्थित है। यह प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक खुला रहेगा। राकेश चंदेल, प्रशांत पटियाल व मनीष उप्पल (सभी पार्टनर पीएनसी फूड्स) ने विश्वास व्यक्त किया है कि पूरी मंडी इस यात्रा में उनके साथ आनंद उठाएगी।

**चेन्नई मराठा ने शुरू की मंडी में सेवाएं**

# ईश्वर प्राप्ति पूर्ण सदगुरु की कृपा से ही संभव : साध्वी श्वेता

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**



साध्वियां संकीर्तन करती हुईं तथा मौजूद लोग।

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से गांव नलसर में दो दिवसीय भजन संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके प्रथम रोज में परम पूज्य गुरुदेव आशुतोष महाराज की शिष्याओं साध्वी सुश्री श्वेता भारती व तरणी भारती द्वारा सुमधुर भजन-संकीर्तन कार्यक्रम किया गया।

संकीर्तन कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं और भक्तों ने भाग लेकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई साध्वी श्वेता भारती ने संगत को संबोधित करते हुए बताया कि मानव जीवन का लक्ष्य ईश्वर प्राप्ति है। इसके बिना इंसान का जीवन व्यर्थ है।

# भाजपा सरकार में हुए पेपर लीक : निखिल

**अनंत ज्ञान, मंडी**



प्रेस वार्ता करते हुए युवा कांग्रेस नेता।

इस सरकार में जो भी पेपर होंगे वह लीक नहीं होंगे, क्योंकि पूर्व की भाजपा सरकार में वर्तमान सुंदरनगर विधायक के ड्राइवर तक की रिकार्डिंग सामने आई, जिसमें उन्होंने कहा कि हमने तो आफिस में बैठ कर ही पेपर दे दिए। ऐसा भ्रष्टाचार कांग्रेस सरकार में नहीं होगा। यह बात जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष निखिल ठाकुर ने मंडी में कही।

उन्होंने कहा कि पूर्व की भाजपा सरकार के कार्यकाल में तीन तीन पेपर लीक मामले सामने आए। जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष निखिल ठाकुर ने कहा कि उनका व पूरी युकां टीम का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से हुआ है ना कि किसी मनोनयन से।

उन्होंने दावा किया कि इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दौरान लगभग 35000 युवाओं से उन्होंने सीधा संपर्क भी किया। उन्होंने कहा कि इस लंबी प्रक्रिया में ऑनलाइन या डिजिटल कार्रवाई बिलकुल भी नहीं थी, जबकि हार्ड कॉपी से ही निष्पक्ष कार्य किया गया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि राजनीतिज्ञों के बच्चों कोई यदि लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुना जाता है, तो उसे परिवारवाद की संज्ञा नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार द्वारा युवाओं को रोजगार देने के लिए कुछ पद भरने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर महंगाई बढ़ाने का आरोप लगाया और कहा कि देशवासी जानते हैं कि महंगाई किस रफ्तार से बढ़ रही है।

## ड्राइविंग टेस्ट 16 व 31 जनवरी को

**अनंत ज्ञान, मंडी।** वाहन पंजीयन व अनुज्ञापन अधिकारी एवं एसडीएम सदर मंडी ओमकांत ठाकुर ने बताया कि 16 व 31 जनवरी को छोटा पड्डल मैदान में बैडमिंटन कोर्ट के सामने की सड़क पर ड्राइविंग टेस्ट लिए जाएंगे।

अभ्यर्थी फार्म फोटो सहित पूर्ण रूप से भरकर फाइल के साथ लाना सुनिश्चित बनाएं। 16 जनवरी को होने वाले ड्राइविंग टेस्ट के लिए 9 जनवरी, 2025 को प्रातः 11.30 बजे से जबकि 31 जनवरी को होने वाले टेस्ट के लिए 24 जनवरी को प्रातः 11.30 बजे से परिवहन डाट जीओवी डाट आईएन के माध्यम से स्लाट बुक किए जा सकते हैं।

# हिमाचल समाज दिल्ली ने मनाया लोहड़ी और नववर्ष

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर**



हिमाचल समाज, दिल्ली प्रदेश ने अपने 25वें लोहड़ी एवं नववर्ष वार्षिक उत्सव का आयोजन विंदाल वाटिका, संत नगर बुराड़ी, नाथूपुरा में भव्य तरीके से किया।

इस समारोह में हिमाचल की कला, संस्कृति और परंपरा की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम में हजारों हिमाचली परिवारों और दिल्ली के गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। भाजपा हिमाचल प्रकोष्ठ दिल्ली के प्रभारी केके सकलानी ने बताया कि उत्सव में हिमाचली लोक कलाकारों और गायकों ने अपने शानदार प्रदर्शन से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नाटी, पहाड़ी लोकगीत और अन्य पारंपरिक नृत्य प्रमुख आकर्षण रहे। समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग ठाकुर, धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा, हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, और गगरेट के पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए।

हिमाचल समाज दिल्ली प्रदेश की ओर से इन सभी गणमान्य व्यक्तियों को हिमाचली टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। केके सकलानी ने कहा कि हिमाचल समाज दिल्ली प्रदेश का यह प्रयास है कि हिमाचली लोग संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहें, चाहे वे कहीं भी रह रहे हों। उन्होंने यह भी बताया कि इस उत्सव में दिल्ली में रह रहे हिमाचलियों को जड़ों से जुड़ने का मौका मिलता है। (अनंत ज्ञान)

## पुल से गिरी महिला को रेस्क्यू कर बचाया

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** शहर से लगभग दस किलोमीटर दूर भराड़ू-नौहली सड़क पर स्थित बड़ौन पुल से एक महिला धक्का लगने से गिर गई। सोमवार सुबह करीब 11 बजे यह घटना घटी। महिला उफनती नदी के तेज बहाव में बहने लगी, जिसे बचाने के लिए पुलिस और दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंच गईं।

दमकल विभाग के प्रभारी कर्म चंद ने बताया कि स्थानीय लोगों और रेस्क्यू टीम के संयुक्त प्रयासों से महिला को सुरक्षित निकाल लिया गया। प्राथमिक उपचार के लिए उसे जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल ले जाया गया है।

# बिजली की तारों के लिए डंडे का जुगाड़, कब होगा पक्का इंतजाम

**भीम बसेड़ू, महादेव**

नाचन क्षेत्र का एक बड़ा भाग बिजली संबंधी जुगाड़ू कार्य पक्के एवं आधुनिक ढंग के बड़े इंतजाम की राह देख रहा है।



विद्युत अनुभाग धनोटू के अंतर्गत गांव लोअर महादेव की बिजली की लाईन के यहां झूलती तारों को लकड़ी के पतले से डंडे का सहारा दिया गया है जबकि डंडा कभी भी टूटकर बड़े हादसे को न्योता दे सकता है क्योंकि ट्रेक्टर की हल्की सी चूक से खेतों की मेंढ पर टिकाया गया यह डंडा गिर सकता है ।

बुद्धिजीवी लोगों ने संबंधित विभाग व उपायुक्त मंडी से पुरजोर मांग करते हुए कहा है कि बिजली संबंधी किसी भयानक हादसे का इंतजार न करते हुए शीघ्र ही बिजली की तारों के बेहतर ढंग के कसाव के लिए कारगार ढंग के कदम उठाए ।(अनंत ज्ञान)

**सम्मान**

## ग्रामीण महिलाओं को क्रेडिट लिंकेज के प्रति किया जाएगा जागरूक : एडीसी

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले एफएलसीआरपी सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**




स्वयं सहायता समूहों को ऋण सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए सबसे अधिक आवेदन प्रस्तुत करने वाले करने वाले 10 एफएलसीआरपी को और ऋण स्वीकृत करने वाले 3 बैंकों को जिला ग्रामीण विकास अभिकरण सभागार मंडी में सोमवार को एडीसी रोहित राठौर ने सम्मानित किया। समूहों को ऋण मंजूरी के सबसे अधिक आवेदन चौतड़ा विकास खंड की एफएलसीआरपी (वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन व्यक्ति) दीपा और सरिता द्वारा भेजे गए। दीपा ने 29 स्वयं सहायता समूहों के 52 लाख और सरिता ने 28 समूहों के 71 लाख आवेदन बैंकों को भेजे।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ग्रामीण महिलाओं की आजीविका को बढ़ाने के लिए स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों को कम ब्याज दर पर ऋण सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए 5 से लेकर 19 दिसम्बर तक 15 दिन का लोन दिवस अभियान चलाया गया था। जिले में 850 स्वयं सहायता समूहों को 17 करोड़ रुपये ऋण देने का लक्ष्य निर्धारित गया था। इस दौरान लक्ष्य के मुकाबले 480 स्वयं सहायता समूहों को 11.93 करोड़ रुपए राशि के ऋण जारी करने के आवेदन एफएल-सीआरपी द्वारा विभिन्न बैंकों को प्रस्तुत किए गए। इस अवधि के दौरान बैंकों द्वारा 3.77 करोड़ की ऋण राशि समूहों को स्वीकृत कर दी है।

## 61 करोड़ रुपए का ऋण देने का रखा लक्ष्य

**जिला** विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक ने बताया कि इस वित्त वर्ष में स्वयं सहायता समूहों को 61 करोड़ रुपए का ऋण देने का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से अभी तक 29 करोड़ के ऋण मंजूर कर लिए गए हैं। बैंकों से तालमेल करके वित्त वर्ष के अंत तक यह लक्ष्य पूरा कर लिया जाएगा। इस अवसर पर जिला अग्रणी बैंक से नाबांग छेरिंग, विभिन्न बैंकों के डीसीओज सहित विभिन्न समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## पातकू नाले में रेलिंग तोड़कर गिरी स्कॉर्पियो

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर पातकू नाले में रविवार देर रात एक स्कॉर्पियो गाड़ी रेलिंग तोड़कर नाले में जा गिरी। घटना में स्कॉर्पियो का चालक एचएस राणा घायल हो गया, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

पुलिस के अनुसार, यह स्कॉर्पियो वन विभाग के जॉयका प्रोजेक्ट के तहत कार्यरत थी। दुर्घटना के तुरंत बाद चौंतड़ा के घट्टा पुलिस चौकी की टीम मौके पर पहुंची और घायल चालक को एंबुलेंस से अस्पताल भेजा। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। गाड़ी को नाले से निकालने की प्रक्रिया में वन विभाग की टीम और स्थानीय लोग सहयोग कर रहे हैं।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं, बिनु देवी** पत्नी ध्यान सिंह निवासी गांव टेपर डाकखाना व तहसील औट जिला मंडी हि.प्र. आयु 36 वर्ष शपथ लेकर घोषणा करती हूं कि मेरी पुत्री का नाम आधार कार्ड व स्कूल रिकार्ड में सोनिया ठाकुर दर्ज है तथा ग्राम पंचायत नाउ के रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम सोनी देवी दर्ज हुआ है। मैं अब पंचायत रिकार्ड में अपनी पुत्री का नाम आधार कार्ड व स्कूल रिकार्ड के अनुसार सोनिया ठाकुर दर्ज कराना चाहती हूं। ग्राम पंचायत नाउ के रिकार्ड में भी मेरी पुत्री का नाम सोनी देवी को दुरुस्त करके सोनिया ठाकुर दर्ज कर दिया जाए। संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### हमीरपुर भाजपा को हमें फिर से लाना है टॉप पर: धूमल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हमीरपुर भाजपा को एक बार फिर से टॉप पर लाना है और जिला की सभी पांचों सीटें भाजपा जीते इसके लिए सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत करनी होगी। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम कुमार धूमल ने अपने निवास स्थान समीरपुर में संगठनात्मक चुनाव में जिला के नव अध्यक्ष चुने गए राकेश ठाकुर को बधाई देते हुए कही। नए भाजपा जिलाध्यक्ष चुने जाने के उपरांत राकेश ठाकुर जिला के तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री से आशीर्वाद लेने समीरपुर पहुंचे थे। इस अवसर पर प्रो. धूमल ने कहा कि पूर्व में रहा जिला भाजपा का रुतबा हमें फिर से प्राप्त करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में सबसे बढ़िया संगठन बमसन और जिला हमीरपुर का माना जाता रहा है और यही पर मंडल के पहले कार्यालय भी स्थापित हुए। उन्होंने कहा कि इस नए साल में इस राकेश ठाकुर की जिलाध्यक्ष की नियुक्ति की नई शुरुआत के साथ जिला में पार्टी और संगठन की मजबूती के लिए हम सभी को नए संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।



### मतदाता सूची की संशोधित प्रति प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, ऊना।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र ऊना के लिए निर्वाचक नामावली के प्रारूप में किए गए संशोधनों की सूची अर्हक तिथि 1 जनवरी, 2025 के संदर्भ और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1960 के अनुसार तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त नामावली की एक संशोधनों की प्रति प्रकाशित कर दी गई है, जोकि एसडीएम ऑफिस ऊना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार व नायब तहसीलदार मैहतपुर बसदेहड़ा के कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध करवाई है। इसके अतिरिक्त उक्त नामावली का संबंधित भाग बूथ लेवल अधिकारी के पास भी निरीक्षण हेतु उपलब्ध रहेगा।

### मिराकल वेंचर्स में भरे जाएंगे 80 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मिराकल वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अप्रेंटिस मशीन ऑपरेटर और हेल्पर के 80 पद अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार 9 जनवरी को प्रातः 10 बजे उपरोजगार कार्यालय अंब में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई और डिप्लोमा रखी गई है। इसके अलावा आयु सीमा 18 से 30 वर्ष और वेतन 12 से 14 हजार रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड नंबर, दो पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98052-56994 पर संपर्क किया जा सकता है।

### कांगड़ा की टीम ने अगले दौर में किया प्रवेश

**संजीव पुरी, ऊना।** पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में कांगड़ा और हमीरपुर के बीच में दो दिवसीय मैच आरंभ हुआ, जिसमें कांगड़ा की टीम ने पहले खेलते हुए 135 रन बनाए। भावेश ठाकुर ने 25 रन बनाए। मानव ठाकुर ने 32 रन बनाए। यश चौधरी ने नाबाद 49 रन बनाए। विवेन ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5, अशोक शर्मा ने चार व अशरफ ने एक खिलाड़ी को आउट किया। हमीरपुर की टीम अपनी पहली पारी में 74 रन पर ऑल आउट हो गई। मानव ठाकुर ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, प्रतीक और नमन ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। कांगड़ा की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 10 विकेट पर 125 रन बनाए, भावेश ठाकुर ने 37 रन बनाए, सूर्यांश राजपूत ने 26 रन बनाए। देवांश शर्मा ने चार खिलाड़ियों को आउट किया, अक्ष शर्मा ने दो खिलाड़ियों को आउट किया। अशरफ और विवेन ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया, कांगड़ा के दो खिलाड़ी रन आउट हुए। हमीरपुर की टीम ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक दो विकेट पर 40 रन बनाए। मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया कांगड़ा की टीम को पहली पारी में बढ़त के आधार पर अधिक अंक प्राप्त किया। (अनंत ज्ञान)

### संधू के शानदार प्रदर्शन से ऊना मजबूत स्थिति में

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला स्तरीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत ऊना का मुकाबला कुल्लू के साथ जवाहर नवोदय विद्यालय में खेला गया, जिसमें कुल्लू की टीम ने पहले खेलते हुए 10 विकेट पर 148 रन बनाए, पार्थ ने 29 रन बनाए मोहम्मद अशरफ ने 22 रन, गविश शर्मा ने 40 रन बनाए। सुमित संधू ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार खिलाड़ियों को आउट किया, अक्षित राणा और आरव जसवाल ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। निमेश कालिया और पारस शर्मा ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। ऊना की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 181 रन बनाए, अनिरुद्ध शर्मा 80 रन, समीर सिंह 26 रन बनाकर आउट हुए, सारांश शर्मा ने 38 रन बनाए, अमनदीप ठाकुर ने चार खिलाड़ियों का आउट किया। वेदांत शर्मा ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, गविश शर्मा ने तीन खिलाड़ियों का आउट किया। कल्लू की टीम ने दूसरी पारी में 2 विकेट पर 77 रन बनाए। लैविक ने 37 रन बनाए, पार्थ ने नावाद 27 रन बनाए, निमेश कालिया ने एक खिलाड़ी को आउट किया और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया पहली पारी की बर्थ के आधार पर ऊना को अधिक अंक प्राप्त किया।

### प्रतापनगर में लकड़ी ने लगाया फंदा, मौत

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्रतापनगर में प्रवासी मूल की नाबालिग ने फंदा लगाकर सोमवार को अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। सिर में दर्द बताकर स्कूल से छुट्टी कर घर पर रुकी छात्रा ने सोमवार को दिन के समय खौफनाक कदम उठाया। जब छात्रा की मां अपने काम के चलते बाहर गई हुई थी तो इसने किराए के कमरे में पंखे से फंदा लगा लिया। अपने ही दुपट्टे का फंदा बनाकर नाबालिग पंखे से झूल गई। सोमवार दोपहर लगभग एक बजे तब उसकी मां लौटी तो देखा की बेटी का शव पंखे से झूल रहा है। चिल्लाने के उपरांत आस पड़ोस के लोग मौके पर एकत्रित हुए तथा पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने मेडिकल कालेज हमीरपुर में शव का पोस्टर्मार्टम करवाने के उपरांत परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक यूपी की आठवीं कक्षा की छात्रा हमीरपुर के प्रतापनगर में अपनी मां के साथ रह रही थी। उसके पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। सोमवार को इसने बताया कि इसे सिर में दर्द हो रहा है तथा स्कूल नहीं जा पाएगी। ऐसे में यह अपने किराए के कमरे पर ही रूक गई। इसी माता लोगों के घरों में जाकर काम करती है। जब महिला काम कर वापस लौटी तो बेटी का शव पंखे से लटका हुआ था। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि नाबालिग ने फंदा लगाकर जान दी है। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# गगरेट बाजार में अतिक्रमण पर दूसरे दिन भी हुई सख्त कार्रवाई

## प्रशासन की मुहिम से बाजार का बदला स्वरूप, तीन चालान काटे

**अनंत ज्ञान, गगरेट**



गगरेट बाजार में अतिक्रमण और यातायात जाम की समस्या को सुलझाने के लिए प्रशासन द्वारा चलाई गई विशेष मुहिम सोमवार दूसरे दिन भी जारी रही, जिससे बाजार का पूरा स्वरूप बदल दिया।

लंबे समय से व्याप्त इस समस्या को जिलाधीश ऊना के निर्देश पर उपमंडलाधिकारी गगरेट ने नायब तहसीलदार जागृति राठौर की अध्यक्षता में विशेष कमेटी का गठन किया था। कमेटी ने लगातार दूसरे दिन भी इस विशेष अभियान के तहत नायब तहसीलदार ने पूरे लाव लश्कर के साथ इस मुहिम को अंजाम दिया जागृति राठौर के नेतृत्व में टीम ने विभिन्न विभाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। जैसे ही टीम बाजार पहुंची तो अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई। दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर रखा सामान आनन-फानन में हटाना शुरू कर दिया।

इस मुहिम के दौरान अतिक्रमण करने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिन दुकानदारों ने सामान न हटाया तो उनके सामान को जब्त कर लिया गया। इस मौके पर टीम ने सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के कारण जाम की समस्या पर भी ध्यान देते हुए वाहनों व सड़क मार्ग पर बसों को खड़ा कर सवारियों का इंतजार करने वाले बस चालकों पर सख्ती दिखाते हुए एक बस समेत 3 चालान किए गए। जैसे ये कमेटी कार्रवाई करते हुए ऊना सड़क मार्ग पर पहुंची, तो दुकानदारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व में जिला प्रशासन द्वारा जारी अधिसूचना का हवाला देते हुए बाजार में लगाए गए सूचना पटल को दिखाते हुए बसों को पहले की भांति चिन्हित स्थानों पर खड़ा कर सवारियों को ले जाने व उतारने के लिए आग्रह किया, जिस पर नायब तहसीलदार ने पुलिस कर्मियों को निर्देश देते हुए अधिसूचना के अनुकूल सख्ती से उन आदेशों का पालन करने के निर्देश जारी किए व इन स्थानों पर बस स्टॉपेज के बोर्ड भी लगाए जाएंगे।

इसके साथ ही नागरिक अस्पताल गगरेट के बाहर अव्यवस्थित रूप से सड़क पर खड़े वाहनों को भी हटाने के निर्देश दिए व बैंकों के बाहर लगी वाहनों की लंबी कतारों पर बैंक प्रबंधन से मिल इसका स्थायी हल निकालने के लिए निर्देशित किया गया। इस कार्रवाई के बाद बाजार का स्वरूप पूरी तरह से बदल गया। इस मौके पर व्यापार मंडल गगरेट के प्रधान सुरिंद्र लखनपाल व अन्य ने कहा कि गगरेट को ऐसे अधिकारियों की जरूरत है जो पुरानी समस्याओं का समाधान करने में सक्षम हों। व्यापारियों ने भी माना कि यह अभियान उनके लिए लाभदायक होगा क्योंकि बाजार अब ग्राहकों के लिए अधिक सुगम बन गया है।

# इंडियन ऑयल टर्मिनल पेखूबेला में सुरक्षा समन्वय पर हुई बैठक



**अनंत ज्ञान, ऊना**

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, ऊना टर्मिनल में सोमवार को एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान की अध्यक्षता में एक सुरक्षा समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य ऊना टर्मिनल की सुरक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन तथा सुरक्षा उपायों को और मजबूत बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाना था।

बैठक में एसडीएम ने सुरक्षा उपायों को लागू करने में जिला प्रशासन और टर्मिनल के बीच मजबूत समन्वय पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ऊना टर्मिनल को ड्रोन गतिविधियों से सुरक्षित रखने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करके साइनेज और जागरूकता अभियान के माध्यम से स्थानीय लोगों को अवगत करवाया जाए। उन्होंने कहा कि इंडियन ऑयल टर्मिनल का स्थानीय प्रशासन और टर्मिनल प्रबंधन द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया जाएगा तथा सुरक्षा उपायों की समीक्षा के लिए अगले तीन महीने में बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने सुरक्षा समिति के गठन के लिए उपायुक्त से स्वीकृति प्राप्त करने के लिए आवश्यक दस्तावेज शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा बैठक में यह निर्णय भी लिया गया कि ऊना टर्मिनल को नो ड्रोन फ्लाई जोन घोषित किया जाएगा।

इस दौरान टर्मिनल उप-महाप्रबंधक एसके सिंह ने वर्तमान सुरक्षा व्यवस्था जैसे एक्सेस कंट्रोल, सीसीटीवी कवरेज और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रोटोकॉल पर जानकारी दी। इसके साथ ही आईबी इंचार्ज ने अनधिकृत ड्रोन गतिविधियों सहित संभावित खतरों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर एसएचओ मैहतपुर मस्त राम नायक, आइबी इंचार्ज ऊना जसविंद्र सिंह, सीनियर मैनेजर आइओसी दिनेश राणा तथा टर्मिनल प्रबंधन के सभी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# आज के युवा देश का भविष्य: विधायक बबलू

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कार्यक्रम में रंगारंग सांस्कृतिक कर्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

उपमंडल बंगाणा के प्रेसिडियम स्कूल चौकी मनियार में वार्षिक समारोह बड़े धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में विधायक सुदर्शन बबलू ने शिरकत की। कार्यक्रम में स्कूली छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई। विधायक ने छात्रों और स्कूल प्रशासन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज के युवा देश के भविष्य हैं और उनकी ऊर्जा और प्रतिभा का सही दिशा में उपयोग करना अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम में छात्रों द्वारा प्रस्तुत नृत्य, गायन, नाटक और कविता पाठ ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन ने पिछले साल में शैक्षणिक और सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया। विधायक सुदर्शन बबलू ने स्कूल के विकास कार्यों के लिए अपनी ओर से हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए 1100 रुपए देने की घोषणा भी की। प्रिंसीपल तरुण शर्मा व अनमोल मेहता ने अपने धन्यवाद भाषण में विधायक और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने होनहार छात्र-छात्राओं को इनाम भी बांटे।

# पांच दिवसीय राज्य8स्तरीय एनएसएस कैंप शुरू

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



उपमंडल बंगाणा के आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला थानाकलां में आयोजित राज्य स्तरीय एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) मेगा कैंप का उद्घाटन स्थानीय विधायक विवेक शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में प्रदेशभर से आए 970 स्वयंसेवकों ने भाग लिया, जिसका उद्देश्य युवाओं में सामाजिक सेवा की भावना को प्रोत्साहित करना और समुदाय के विकास में उनकी भागीदारी को बढ़ावा देना था।

उद्घाटन समारोह में मुख्यतिथि विवेक शर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस जैसे कार्यक्रम युवाओं को समाज के प्रति उनकी जिम्मेदारियों का एहसास कराते हैं और उन्हें नेतृत्व कौशल विकसित करने में मदद करते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और उत्साह को सही दिशा में मोड़ना आवश्यक है, ताकि वे राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। कैंप के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम और सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल थे। स्वयंसेवकों ने स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर स्वच्छता अभियान चलाया, जिसमें सार्वजनिक स्थानों की सफाई और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने पर जोर दिया गया।

एनएसएस के राज्य समन्वयक ने बताया कि इस मेगा कैंप का उद्देश्य युवाओं में सामाजिक सेवा की भावना को बढ़ावा देना और उन्हें समाज के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराना है।

जिला को-ऑर्डिनेटर मुकेश कुमार व पवन कुमार ने बताया कि इस मेघा कैंप में 980 स्वयंसेवी भाग ले रहे है। इस शिविर के माध्यम से 26 जनवरी परेड के लिए 50 लड़के व 50 लड़कियां एनएस एस के स्वयंसेवी चयनित किए जाएंगे, स्कूल के प्रधानाचार्य संजीव पराशर ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों के लिए रहने खाने की व्यवस्था की गई है। (अनंत ज्ञान)

# बिलासपुर ने चंबा को 11 रन से हराया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्थानीय इंदिरा स्टेडियम में अंडर-14 प्रतियोगिता के तहत बिलासपुर और चंबा के बीच में दो दिवसीय मैच आरंभ हुआ, जिसमें बिलासपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 77 रन बनाए, अभिनव ने 39 रन और प्रतीक ने 14 रन बनाए, बाकी बल्लेबाजों का प्रदर्शन निराशजनक ही रहा। रघुवर अग्निहोत्री ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच खिलाड़ियों को आउट किया, अर्थव ठाकुर ने तीन व आदित्य और परीक्षित ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। चंबा की टीम ने अपनी पहली पारी में 68 रन बनाए। हिमांशु ने 21 रन बनाए, अर्श वर्मा ने 11 रन बनाए। मयंक शर्मा और प्रिंस ने चार-चार खिलाड़ियों का आउट किया, प्रतीक और शिवांश ठाकुर ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। बिलासपुर की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 143 रन बनाए, अखिल ने 60 रन बनाए, प्रिंस ने 23 रन बनाए। आरव ने 21 रन बनाए, रघुवर अग्निहोत्री ने चार खिलाड़ियों का आउट किया, परीक्षित और अर्थव ने दो-दो खिलाड़ियों को आउट किया। आदित्य ठाकुर ने एक खिलाड़ी को आउट किया। चंबा की टीम ने दूसरी पारी में 141 रन बनाए। परीक्षित ने 23 रन बनाए, रघुवर अग्निहोत्री ने 54 रन बनाए, आदित्य ठाकुर ने 20 रन बनाए। मयंक शर्मा ने 6 खिलाड़ियों का आउट किया। शिवांश ठाकुर ने 2, और प्रिंस ने 2 खिलाड़ी को आउट किया, बिलासपुर में चंबा को 11 रन से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

# पूर्व मंत्री अपने पार्टी सहयोगी से पूछें 14 माह के विकास की उपलब्धियां: विवेक शर्मा



**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि अपने छह माह के कार्यकाल में क्षेत्र के विकास के लिए हमने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। हमने कई योजनाएं और परियोजनाएं शुरू की हैं, जिनका उद्देश्य क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं में सुधार करना और स्थानीय निवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है। 30 वर्षों तक सत्ता सुख भोगने वाले भाजपा नेता बताएं कि उनके राज में कुटलैहड़ में इंडस्ट्री, पीने के पानी और स्वास्थ्य सुविधा के लिए बंगाणा में अल्ट्रासाउंड मशीन क्यों नहीं लगी।

> 30 वर्षों तक सत्ता में रहकर भाजपा क्यों नहीं दे पाई बंगाणा में जनता को अल्ट्रासाउंड की सुविधा

विवेक शर्मा ने पूर्व मंत्री एवं भाजपा पर पलटवार करते हुए मीडिया से कहा कि भाजपा विधायक केवल घोषणाओं तक सीमित रहे हैं, लेकिन हमने अपने छह माह के कार्यकाल में अपनी ऐच्छिक निधि से कुटलैहड़ की विभिन्न पंचायतों में विकास कार्यों के लिए 97,52,630 की धनराशि स्वीकृत की है। इन कार्यों में लिंक रोड, पुलिया निर्माण, स्कूल भवन, खेल मैदान और बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण शामिल है। औद्योगिक क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए 300 कनाल भूमि जो जोगी पंगा के साथ है, वह विभाग के नाम हो चुकी है। वह शीघ्र औद्योगिक क्षेत्र में विकसित होने जा रहा है।

विवेक शर्मा ने कहा कि इसके अलावा अंदरोली में पर्यटक को बढ़ावा देने के लिए 12 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। वहीं, अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करने के लिए धन मुहैया करवाया जा रह है। इस मौके पर राम आसरा शर्मा, केवल कृष्ण शर्मा, अजीत कुमार आदि मौजूद रहे। उन्होंने बंगाणा में नए बस अड्डे के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि के शीघ्र चयन पर जोर दिया है, जिससे स्थानीय लोगों की परिवहन सुविधाएं बेहतर होंगी। साथ ही, बंगाणा में सब-जज कोर्ट के निर्माण हेतु भूमि चयन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं, ताकि न्यायिक सेवाएं आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सकें।

# सिंगा में सेना में भर्ती हुए जवान को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

हरोली उपमंडल के तहत पड़ते गांव सिंगा में सीआईएसएफ में भर्ती होने पर युवक को 1100 रुपए प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।

जानकारी के मुताबिक ग्राम पंचायत सिंगा ने शैनष जोशी को सीआईएसएफ में भर्ती होने पर प्रोत्साहन राशि देकर बधाई दी और भविष्य में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। पंचयात प्रधान गुरदेव सिंह उर्फ ज्ञानी बावा ने बताया की गांव सिंगा का जो भी युवा फौज, पुलिस या अन्य सरकारी क्षेत्र में अपनी सेवाए प्रदान करेगा उसको वह अपनी तरफ से 1100 रुपए और शॉल देकर सम्मानित करेंगे। इस मौके पर ग्राम पंचायत सचिव स्नेह लता, उपप्रधान भारत भूषण, राकेश कुमार, सुनील दत्त, प्रदीप कुमार, चौकीदार मेहर सिंह व विक्की सहित अन्य मौजूद रहे।




**दी ककड़ियार कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित**
डा. ककड़ियार, तहसील बमसन, जिला - हमीरपुर हि.प्र. 177001

**दी ककड़ियार कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित के सब डीपो काले अम्ब में विक्रेता पद की नियुक्ति बारे।**

यह कि सभा के सब डीपो काले अम्ब में विक्रेता पद के लिये दिनांक 05.01.2025 के पारित प्रस्ताव के अनुसार आवेदन सादे कागज पर वांछित प्रमाण पत्रों की प्रतियों व उम्मीदवार के पासपोर्ट साईज फोटो सहित सभा के पते पर डाक द्वारा या व्यक्तिगत रूप से दिनांक 27.01.2025 तक सायं 5 बजे से पूर्व किसी भी कार्य दिवस पर पहुंचाये जा सकते है। इसके बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पत्र पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जायेगा।

इच्छुक उम्मीदवार जो विक्रेता पद के लिये निम्नवर्णित शैक्षणिक योग्यताएं व अन्य शर्तों से सहमत हों आवेदन कर सकते है :-

1. उम्मीदवार भारतीय नागरिक होना चाहिये।
2. उम्मीदवार की आयु दिनांक 01.01.2025 को 18 से 45 वर्ष के बीच में होनी चाहिये।
3. उम्मीदवार किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/बोर्ड से 40% या इससे अधिक अंको सहित मैट्रिक या समकक्ष पास।
4. उम्मीदवार केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, बोर्ड, निगम, सहकारी संस्था, स्थानिय निकाय या किसी कार्पोरेट निकाय से बदाचार के आधार पर निष्कासित न किया गया हो या किसी न्यायालय द्वारा नैतिक अधमता के लिये दण्डित न किया गया हो।
5. उम्मीदवार हि0 प्र0 सहकारी सभाएं नियम 1971 के नियम संख्या 2(xxvi) के अनुसार सहकारी सभा की प्रबंधक समिति के किसी सदस्य का नजदीकी रिश्तेदार नहीं होना चाहिये।
6. उम्मीदवार किसी सहकारी संस्था, स्थानीय निकाय जैसे पंचायत इत्यादि का चुना हुआ पदाधिकारी नहीं होना चाहिये।
7. उम्मीदवार को नियुक्ति के समय किसी राजकीय चिकित्साधिकारी द्वारा जारी शारीरिक अथवा मानसिक स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. उम्मीदवार को नियुक्ति से पूर्व साक्षात्कार में मूल प्रमाण पत्रों की जांच करवानी होगी, तथा प्रमाण पत्रों की प्रमाणिकता से नियोक्ता को संतुष्ट करवाना होगा।
9. उम्मीदवार को नियुक्ति से पूर्व अपनी सम्पत्ति का पूर्ण ब्योरा देना होगा।
10. उम्मीदवार को दो वर्ष के लिये परिवीक्षण अवधि पर रखा जायेगा। यदि परिवीक्षण अवधि के दौरान उम्मीदवार का कार्य संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उसे बिना किसी पूर्व सूचना के पद से हटाया भी जा सकता है।
11. विक्रेता को मात्र 4500- रु0 वेतन के रूप में दिये जायेंगे।
12. मात्र एक पद होने के कारण यह पद आरक्षित नहीं है।
13. उम्मीदवार को नियुक्ति से पूर्व एक लाख रुपये का अचल सम्पत्ति का जमानतनामा तथा 15000- रु0 की नगद प्रतिभूति सभा में जमा करवानी होगी।
14. उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिये चयन समिति के समक्ष उपस्थित होना होगा, जिसके लिये उसे कोई भत्ता या आने जाने का किराया नहीं दिया जायेगा।

सचिव को आदेश दिये जाते है कि उपरोक्त सूचना पत्र तैयार करके कार्यक्षेत्र में लगाना सुनिश्चित करें व व्यक्तिगत तौर पर भी इसका प्रचार करे तथा अखबार के माध्यम से भी प्रचार किया जाये, ताकि अधिक से अधिक उम्मीदवार आवेदन कर सके व किसी योग्य उम्मीदवार का चयन किया जा सके।

सचिव


**खुशखबरी** | एनआरएलएम के तहत डीआरडीए में ऋण दिवस आयोजित: उपायुक्त जतिन लाल

# उपायुक्त ने स्वयं सहायता समूहों को प्रदान किए 85 लाख के स्वीकृति पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**




स्वयं सहायता समूहों को ऋण राशि भेंट करते उपायुक्त।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के तहत सोमवार को डीआरडीए हॉल ऊना में ऋण दिवस आयोजित किया गया, जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त जतिन लाल ने की। इस ऋण दिवस में एनआरएलएम के तहत पंजीकृत जिला के 50 स्वयं सहायता समूहों ने भाग लिया।

इस दौरान उपायुक्त ने उपस्थित स्वयं सहायता समूहों को लगभग 85 लाख रुपए के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए। एनआरएनएम के तहत बेहतरीन कार्य करने वाले बैंकों, खंड विकास अधिकारियों और सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। उपायुक्त ने बताया कि सरकार स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार के लिए सस्ती दरों पर ऋण उपलब्ध करवा रही है, ताकि स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं की आर्थिकी सुदृढ़ हो सके। सरकार ने वर्ष 2024-25 के लिए ऊना जिला को 19 करोड़ रुपए के ऋण स्वीकृत करने का लक्ष्य दिया है, जिनमें अभी तक 10 करोड़ रुपए तक के ऋणों की स्वीकृति स्वयं सहायता समूहों को प्रदान की जा चुकी है।

स्वयं सहायता समूहों को ऋणों की स्वीकृति सुनिश्चित बनाने में ऊना जिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा है। उपायुक्त ने सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों को फील्ड में जाकर अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों को ऋण उपल्बध करवाने के निर्देश दिए ताकि सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समय रहते प्राप्त किया जा सके। बता दें, सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप 10 से 25 दिसंबर तक स्वयं सहायता समूहों के लिए बैंक लोन उपलब्ध करवाने के लिए ऋण अभियान चलाया गया था। इस अभियान के तहत जिला के 337 आवेदन स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से प्राप्त हुए जिन्हें लगभग 5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की जाएगी। इस मौके पर बीडीओ ऊना केएल वर्मा, बीडीओ हरोली वीरेंद्र कुमार, बीडीओ गगरेट सुरेंद्र जेतली, बीडीओ बंगाणा सुशील कुमार, एलडीएम ऊना लहरी मल, पीएनबी प्रबंधक हरोली अभिनव श्रीवास्तव, डीपीएम ज्योति शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जंगल में जगह-जगह आग लगाते धरा युवक

**अनंत ज्ञान, आनी।** एक ओर जंगलों को बचाने, आग न लगाने को लेकर लगातार लोगों को जागरूक किया जा रहा है। वहीं, वनमंडल आनी की चवाई वन रेंज के तहत यूपीएफ पन्नखड़ के जंगल में आग लगाते एक युवक बखनाओं पंचायत के प्रधान अमित कुमार बॉबी की मुस्तैदी से रंगे हाथों पकड़ा गया, जिसके खिलाफ वन खंड अधिकारी चवाई राकेश कुमार की शिकायत पर पुलिस थाना आनी में मामला दर्ज किया गया है। वन खंड अधिकारी राकेश ने बताया कि रविवार रात करीब साढ़े आठ बजे बखनाओं पंचायत के प्रधान अमित कुमार ने उन्हें सूचित किया कि बखनाओं पंचायत के ही गोहांटी निवासी युवक सुनील कुमार को यूपीएफ पन्नखड़ के जंगल में बखनाओं के समीप करीब 5 अलग-अलग जगहों पर आग लगाने के दौरान पकड़ा गया है, जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस को भी दे दी, जबकि आग बुझाने के लिए आनी से फायर ब्रिगेड की गाड़ी को भी मौके पर बुलाया गया। राकेश ने बताया कि युवक ने आग लगाकर करीब 8 हेक्टयर वन भूमि पर उगे चीड़ के कई छोटे पौधों को नष्ट कर दिया। वहीं, बखनाओं पंचायत के प्रधान ने बताया कि रविवार की रात जाबन क्षेत्र के लोगों ने उन्हें इस घटना की सूचना टेलीफोन के माध्यम से देते हुए बताया कि कोई व्यक्ति जंगल में आग लगाते जा रहा है, उसके बाद उन्होंने तुरंत अपनी गाड़ी में मौके की ओर कुच किया और युवक को पकड़ लिया। वहीं, डीएसपी आनी चंद्रशेखर कायथ ने बताया कि पुलिस ने वन खंड अधिकारी चवाई राकेश कुमार की शिकायत पर आग लगाने वाले युवक के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा-326 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### लाहौल-स्पीति में अब 25 हजार 589 मतदाता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने कहा कि जिले के 21-लाहौल स्पिति विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में प्रारुप प्रकाशन तक कुल 25, 362 मतदाता पंजीकृत थे। प्रारुप प्रकाशन की अवधि के दौरान 355 नए मतदाता पंजीकृत किए गए और 128 विवाह तथा मृत्यु व स्थान त्याग के कारण अपात्र मतदाताओं के नामों को मतदाता सूची से काटा गया। वर्तमान में जिले में अब कुल 25 हजार 589 मतदाता हो गए हैं। उन्होंने जनसाधारण को सूचित किया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देशित मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रमानुसार 1 जनवरी को अर्हक तिथि मानते हुए इस जिले की 21-लाहौल-स्पीति विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की फोटो मतदाता सूचियां दिनांक 6 जनवरी को अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं। लिहाजा आगामी एक सप्ताह तक फोटोयुक्त मतदाता सूचियां जिले के संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम केलांग सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एसडीएम काजा के कार्यालयों व प्रत्येक मतदान केंद्र पर निशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेगी। इस दौरान सभी मतदाता अपने नामों की मतदाता सूचियों में पुष्टि कर सकते हैं। मतदाता सूचियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के दौरान ऐसे नागरिक जो 1 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके थे तथा उस क्षेत्र के साधारण निवासी हैं, उनके नाम मतदाता सूची में दर्ज किए गए। अशुद्ध नामों को शुद्ध किया गया तथा विवाह व मृत्यु तथा स्थान त्याग के कारण अपात्र मतदाताओं के नामों को मतदाता सूची से काटा गया।

### दो खिलाड़ी जूडो प्रतियोगिता के लिए चयनित





**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** शिमला में आयोजित नेशनल सब जूनियर कैडेट जूडो के ट्रायल में कुल्लू के 7 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस ट्रायल में कुल्लू के दो खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इन खिलाड़ियों ने जूडो नेशनल के लिए चयनित होने का गौरव हासिल किया है। कुल्लू जूडो एसोसिएशन के प्रधान रणवीर ठाकुर ने बताया कि सब जूनियर में एलएमएस कलैहली की एश्विन ठाकुर (44 किलो वर्ग) और सब जूनियर में सरकारी पिपलागे स्कूल के रितिक (40 किलो वर्ग) में नेशनल जूडो के लिए चयनित होने का गौरव हासिल किया है। जूडो संगठन के प्रधान व कोच रणवीर ठाकुर ने बताया यह नेशनल प्रतियोगिता 18 से 21 जनवरी तक पुणे, महाराष्ट्र में आयोजित की जाएगी। जूडो एसोसिएशन के प्रधान रणवीर ठाकुर, चेयरमैन करतार सिंह गुलेरिया, उप चेयरमैन रमेश रजनू, विशिष्ट उपाध्याय सत्यपाल ठाकुर, महासचिव विपिन चंदेल, उपप्रधान सोनू कोषाध्यक्ष म्हेर सिंग, रीतिन पठानिया, परव पठानिया, यशुला गुलेरिया, सुरेश नेगी एलएमएस के एमडी शिक्षाविद ललिता कंवर और एलएमएस के एमडी संचालन आदि ने बधाई दी।

### तीन एनएसएस स्वयंसेवी मैगा कैंप के लिए चयनित



**अनंत ज्ञान, आनी।** पीएम श्री राजकीय राजमाता शांति देवी आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला निरमंड की एनएसएस यूनिट के तीन स्वयंसेवियों का चयन राज्य स्तरीय मेगा कैंप के लिए हुआ। निरमंड यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी रवि शर्मा और बबीता कश्यप ने बताया कि पिछले माह आनी में एक सिलेक्शन कैंप का आयोजन किया गया था, जिसमें आनी और निरमंड उपमंडल के सभी एनएसएस यूनिट के प्रत्येक विद्यालय से चार-चार स्वयसेवियों ने हिस्सा लिया, जिसमें निरमंड के एनएसएस यूनिट के एक छात्र अंशुल शर्मा और दो छात्राओं मुस्कान और काम्या का चयन राज्य स्तरीय मेगा कैंप के लिए हुआ है। बच्चों के चयन पर विद्यालय के प्रधानाचार्य जगजीवन पॉल शर्मा और स्कूल प्रबंधन कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सैनी ने प्रसन्नता जताई और बच्चों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं, अब ये स्वयसेवी ऊना के थानाकला में होने वाले मेगा कैंप में अपनी भागीदारी दर्ज करेंगे। कैंप में भाग लेने के लिए यह स्वयंसेवी ऊना के थानाकला में पहुंच गए हैं और आज से वहां पर अपना प्रदर्शन करेंगे।

### खुले में कूड़ा फेंकने वालों की अब खैर नहीं

**शीला कौल, बंजार।** बंजार की पंचायत चैहनी के अंतर्गत पड़ने वाले गांवों में कूड़ा खुले में फेंकने वाले की अब खैर नहीं। खुले में कूड़ा फैलाने पर पंचायत चैहनी के नुमाइंदे अब सख्त हो गए हैं। जानकारी देते हुए पंचायत चैहनी के प्रधान पूर्ण चंद ने बताया कि गांव हॉर्न गाड में पर्यटन कारोबारी द्वारा खुले में कूड़ा फेंका गया था, जिस की शिकायत मिली थी। शिकायत मिलते ही पंचायत की टीम द्वारा मौका किया गया, तो खुले में कूड़ा मिला। कूड़ा फेंकने पर 5 हजार रुपए का चालान किया गया व साथ में चेतावनी दी गई कि यदि भविष्य में कोई भी व्यक्ति खूबसूरत वादियों में कूड़ा-गंदगी फैलाता हुआ पकड़ा जाता है, तो सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रधान द्वारा कोठी चैहनी के अंतर्गत व्यवसाय करने वाले सभी पर्यटन कारोबारियों से आग्रह किया कि अपने आसपास सफाई रखें। वहीं, पर्यटकों को भी साफ-सफाई की लिए आग्रह करें।

### नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया




**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** जिला बाल संरक्षण ईकाई लाहौल-स्पीति द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय कुमार डोगरा की अध्यक्षता में जागरूकता शिविर का आयोजन पंचायत युरनाथ में किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय डोगरा ने शिविर मे उपस्थित लोगों से मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना के लाभार्थियों की जानकारी ली और पाया कि पंचायत में सभी पात्र लाभार्थी योजना का लाभ ले रहे हैं। इसके अलावा विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजना के लाभार्थियों की जानकारी ली तथा योजनाओं के बारे में अवगत करवाया।। शिविर मे जिला बाल संरक्षण अधिकारी डॉ. हीरा नंद ने नशे से दूर रहने की सलाह दी तथा नशे से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया। आयुष विभाग से डॉ. मोनू ने योग और प्रणायाम के महत्व बारे लोगों को बताया और विभाग की तरफ से स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया।

### संगठन के साथ खड़े रहें : प्रीतम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजधानी में सभी ऑल इंडिया गुरिल्ला संगठनों की 26 जनवरी को बैठक होगी। इसमें गुरिल्लाओं के सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले पर विशेष चर्चा होगी और सर्वसम्मति से आगामी रणनीति निर्धारित की जाएगी। यह बात ऑल इंडिया गुरिल्ला संगठन के चेयरमैन प्रीतम सिंह ठाकुर ने कही। जिला मुख्यालय कुल्लू में सोमवार को एसएसबी प्रशिक्षित स्वयंसेवी (गुरिल्ला) संगठन कुल्लू की मासिक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता संगठन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुनी लाल ने की। बैठक में गुरिल्लाओं के मुख्य मुद्दे सुप्रीम कोर्ट में चल रहे मामले पर चर्चा की गई। वहीं, ऑल इंडिया गुरिल्ला संगठन के चेयरमैन ने गुरिल्लाओं से मामले से संबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने सभी गुरिल्लाओं से आग्रह किया कि वे स्वयं-भू नेताओं के झांसे में न आएं और संगठन के साथ खड़े रहें।

# मौसम ने बदली करवट; बर्फ–बारिश का दौर जारी, तापमान में आई गिरावट

**कमलेश वर्मा, केलांग/ मनाली**



मौसम ने एक बार फिर करवट बदली है। ऐसे में लाहौल–स्पीति जिले ने जहां बर्फ की चादर ओढ़ ली है। वहीं, कुल्लू के ऊंचे क्षेत्रों में भी बर्फबारी हो रही है। वहीं, निचले क्षेत्रों में हल्की बारिश होने से तापमान में गिरावट आई है। उधर, सोमवार को बर्फ के फाहे पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गए।

मौसम के हालात को देखते हुए मनाली पुलिस ने पर्यटकों को सोलंग नाला तक ही जाने की अनुमति दी। बढ़ती भीड़ को देखते हुए पुलिस ने फोर बाई फोर वाहनों को अटल टनल तक भेजा। लाहौल–स्पीति पुलिस ने हिमपात की रफ्तार तेज होती देख पर्यटक वाहनों की घाटी में आने पर रोक लगा दी, जिस कारण अटल टनल के भीतर पर्यटक वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सामान्य वाहनों को सोलंग नाला में रोक दिया, जिससे सोलंग नाला से लेकर मनाली तक जगह–जगह ट्रैफिक जाम की समस्या गहराई। वाहन चालक नरेंद्र, प्रीतम, चंद्रसेन व राहुल ने बताया कि हिमपात का क्रम तेज होता देख लाहौल–स्पीति पुलिस ने वाहनों को अटल टनल के नोर्थ पोर्टल से वापस भेज दिया, जिस कारण टनल में फोर बाई फोर वाहनों की लंबी लाइन लग गई। सोलंग नाला के पर्यटन कारोबारी जगदीश, गोकल, पूर्ण व डोले राज ने बताया कि मौसम सुहावना होता देख भारी संख्या में पर्यटकों ने सोलंग नाला का रुख किया। पर्यटक वाहनों की बढ़ती संख्या के आगे सड़क छोटी पड़ गई, जिस कारण जगह–जगह जाम की समस्या गहराई। डीएसपी मनाली



केडी शर्मा ने बताया कि आज मौसम पर्यटकों पर मेहरवान रहा। पर्यटकों ने बर्फ के फाहों का आनंद लिया। वाहनों की बढ़ती संख्या के चलते ट्रैफिक सुचारु रखने में दिक्कत हुई, लेकिन जगह–जगह तैनात जवानों ने ट्रैफिक सुचारु रखने के यथासंभव प्रयास किए। (अनंत ज्ञान)

## मनाली से दारचा, समदो से लोसर व तांदी से कड़ू नाला मार्ग हल्के वाहनों के लिए बहाल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

मनाली से दारचा, समदो से लोसर व तांदी से कडू नाला मार्ग हल्के वाहनों के यातायात के लिए खुले हैं। यह जानकारी डीसी लाहौल–स्पीति राहुल कुमार ने जिले में सुबह हुए हल्के हिमपात के बाद जिले के अन्य अधिकारियों सहित सड़कों व कानून व्यवस्था, यातायात संचालन का जायजा लेने के उपरांत दी।

उन्होंने पर्यटकों व आमजनता से आग्रह किया कि बर्फबारी के कारण सड़कों पर फिस्लन की सभांवना बनी रहती है इसलिए दुर्घनाओं से बचने के लिए वाहन धीरे चलाएं तथा फोर वाई फोर वाहनों के प्रयोग को प्राथमिकता दें या वाहनों में चेन लगाकर ही यात्रा करें तथा उन्होंने कहा कि रात के समय वाहन न चलाएं क्योंकि ब्लैक आइस जमने के कारण रात को वाहन चलाना बेहद जोखिम भरा हो जाता है। अटल टनल, कोकसर व सिस्सू में यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है, पर्यटक व आमजन किसी भी मदद के लिए पुलिस से संपर्क कर सकते हैं।

### 90 संपर्क मार्ग हल्के वाहनों के लिए बहाल

**जिले** में गत सप्ताह हुई बर्फबारी के बाद आज तक लोक निमार्ण विभाग द्वारा लाहौल उपमंडल के कुल 134 संपर्क मार्गों मे से 90 संपर्क मार्गो को हल्के वाहनों की आवाजाही के लिए खोल दिया है और अन्य मार्गो को खोलने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बेहद सर्द मौसम होने के बावजूद पूरे जिले में बिजली विभाग द्वारा बिजली सप्लाई को सुचारु बनाया गया है। लाहौल उपमंडल के सभी 202 ट्रांसफार्मर कार्यशील हैं। उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग द्वारा कड़ाके की ठंड के बावजूद 192 पेयजल योजनाओं के माध्यम से आमजन मानस के लिए रोजाना पेयजल की आपूर्ती को सुनिश्चित बनाया जा रहा है।। उन्होंने पर्यटकों से आग्रह किया कि प्रतिदिन जिला आपदा प्रंबधन प्राधिकरण द्वारा जारी की जाने वाली एडवाइजरी को फॉलो करें और किसी भी प्रकार की सहायता कि लिए जिला आपदा प्रंबधन प्राधिकरण से 01900202509, 202510, 202517 पर संपर्क करें।

## जिलेभर में धूमधाम से मनाया गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू में गुरु गोबिंद सिंह जी का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। इसी कड़ी में श्री गुरुद्वारा साहब कुल्लू (अखाड़ा बाजार) में सिख धर्म के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के शुभ अवसर पर निशान साहब की सेवा की गई तथा प्रभात फेरी का आयोजन किया गया।

गुरुद्वारा साहब में लुधियाना से आए रागी जत्थे द्वारा प्रभु का गुणगान किया गया। इस मौके पर सिख धर्म के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह जी के जीवन पर आधारित कथा का व्याख्यान किया गया। रागी एकम सिंह द्वारा गुरुद्वारा साहब में उपस्थित साद संगत को बताया कि उन्होंने सिख धर्म की स्थापना किस लिए की। उन्होंने बताया कि मुगलों के जुल्म हिंदुओं पर दिन–प्रतिदिन बढ़ते जा रहे थे। हिंदुओं की बहु–बेटीयां सुरक्षित नहीं थी। रात के समय बहु–बेटियों को उठाकर ले जाया करते थे। नन्हे बच्चों को मां की गोद से छीनकर सूलियों पर लटका दिया जाता था। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा हिंदुओं की रक्षा के लिए एक फौज तैयार की गई थी, जिन्हें सिख के रूप में सजाया गया था। इसके अतिरिक्त गुरु गोबिंद सिंह की जीवनी पर शबद–कीर्तन के माध्यम से प्रकाश डाला और संगत से उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की। इस अवसर पर गुरुद्वारा साहब में आई संगत में गुरु का अटूट लंगर बरताया गया और संगत ने गुरु का लंगर ग्रहण कर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं, जिले के भुंतर, मणिकर्ण सहित अन्य स्थानों में भी प्रकाश पर्व की धूम रही।

## विधायक ने किया बरनाल का दौरा



**अनंत ज्ञान, बंजार।** बंजार विधानसभा क्षेत्र में आए दिन आगजनी के नए मामले सामने आ रहे हैं। शनिवार शाम सराज क्षेत्र के अंतर्गत पंचायत टील के बारनाल गांव में 5 पशुशालाएं आग की भेंट चढ़ी हैं, जिससे 15 परिवारों को नुकसान झेलना पड़ा है। ग्रामीणों की सजगता व एकजुट प्रयास से एक बहुत बड़ी त्रासदी को हाने से रोका जा सका है। सोमवार प्रात: बारनाल गांव में आग से हुए नुकसान का स्थानीय विधायक सुरेंद्र शौरी ने जायजा लिया व प्रभावितों को अपने निजी कोष से 15 हजार की राशि दान की। विधायक ने कहा कि विपत्ति की इस घड़ी में हम सभी को प्रभावितों की यथासंभव सहायता करनी चाहिए। विधायक ने आग को समय पर काबू करने में ग्रामीणों की सजगता को सराहा।

## कम समय में अभूतपूर्व विकास रखना प्राथमिकता : मनोज

### कहा-स्वच्छता पर देंगे बल, मालरोड व भूतनाथ मंदिर का करेंगे सौंदर्यीकरण

**अनंत ज्ञान, मनाली**





नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष बने मनोज कुमार लारजे ने कहा कि कम समय में विकास के अधिक से अधिक कार्य करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि शुरुआती तौर पर नप का मामला पार्षदों के बीच का था, लेकिन बाद में इसका राजनीतिकरण हो गया, जो दुर्भाग्यपूर्ण रहा।

उन्होंने कहा कि मनाली की जनता उन्हें नगर परिषद के अध्यक्ष के रूप में देखना चाहती थी। आज मेरा ही नहीं, बल्कि मनाली वासियों का सपना भी पूरा हुआ है। मनोज ने कहा कि जब विधायक भुवनेश्वर गौड भी इस चुनाव में उतर आए थे तो दोनों ओर चार–चार मत हो गए थे। उन्होंने कहा कि पर्ची के रूप में उन्हें मिला पांचवा वोट माता हिडिंबा का प्रसाद था, जिसके लिए वह माता हिडिंबा सहित समस्त देवी–देवताओं का आभार प्रकट करते हैं। उन्होंने कहा कि देर से ही लेकिन सच्चाई की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। शहर को साफ–सुथरा रखने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे। हर वार्ड को सुंदर बनाया जाएगा। माल रोड में चल रहे सौंदर्यीकरण के कार्य को जल्द पूरा किया जाएगा। भूतनाथ मंदिर का सौंदर्यीकरण किया जाएगा। शहर के हर कार्य में मनाली वासियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से मनाली का चहुमुखी विकास किया जाएगा। नप उपाध्यक्ष बनी सुनीता शर्मा ने कहा कि अब उनकी जिम्मेदारी बढ़ गई है। पहले वह अपने तीन नंबर वार्ड तक ही सीमित रहती थी, लेकिन अब उन्हें समस्त वार्ड में एक समान विकास करवाना है। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता में दुरुस्त किया जाएगा। इससे पहले एसडीएम मनाली ने मनोज व सुनीता को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## पेंशनर्स को समय पर दी जाए पेंशन, मेडिकल बिलों का भी जल्द हो भुगतान : लीला गोपाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



हिमाचल पथ परिवहन पेंशनर कल्याण संगठन की मासिक बैठक लीला गोपाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं मंडी मंडल के प्रधान सुरेश चंद्र वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक में विभिन्न मांगों पर विस्तृत चर्चा हुई। सभी उपस्थित सदस्यों ने सरकार एवं प्रबंधन का अभी तक पेंशन प्रदान नहीं करने पर विरोध किया और चिंता जाहिर की। इस मौके पर सरकार और प्रबंधन से मांग की गई कि परिवहन से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रदान की जाने वाली पेंशन का स्थायी समाधान निकाला जाए और सभी कर्मचारियों को महीने की पहली तारीख को ही पेंशन उपलब्ध हो। साथ ही यह भी मांग की गई की जो कर्मचारी 01–01–2016 से मई 2022 तक सेवानिवृत हुए हैं, उन्हें उनके लंबित वित्तीय लाभ जल्द जारी किए जाएं और सरकार द्वारा घोषित एरियर की दोनों किस्तें भी प्रदान की जाएं। यह मांग की गई कि जो कर्मचारी अप्रैल, 2024 से अभी तक सेवानिवृत्त हुए हैं, उन्हें तुरंत पेंशन जारी की जाए। सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने इस बात पर चिंता जाहिर की कि एक ओर तो पेंशन समय पर उपलब्ध नहीं हो रही है और दूसरी ओर मेडिकल बिलों का भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। निदेशक मंडल की बैठक में परिवहन मंत्री मेडिकल बिलों के भुगतान के लिए 8 करोड़ रुपए की स्वीकृति देते हैं और उसके उपरांत 12 अक्तूबर 2024 को निगम के 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती समारोह में 9 करोड़ रुपए की स्वीकृति देते हैं, लेकिन हैरानी की बात है कि इसके बावजूद भी मेडिकल बिलों का भुगतान आज तक नहीं किया गया।

## जलरक्षकों को दो माह से नहीं मिला वेतन

**अनंत ज्ञान, आनी।** आनी और निरमंड खंडों की 69 पंचायतों में सेवाएं दे रहे करीब 95 जलरक्षकों को पिछले दो माह से मासिक मानदेय नहीं मिल पाया है। वहीं, अपने परिवार के जीवन यापन के लिए 5300 रुपए के मासिक मानदेय पर आश्रित अधिकांश जलरक्षकों को भरण–पोषण की चिंता भी सताने लगी है। जलरक्षकों का कहना है कि हर माह के अंत में 28 या 29 तारीख को मिलने वाला मानदेय उन्हें नवंबर और दिसंबर माह से नहीं मिला है। उन्होंने प्रदेश सरकार से उनके रुके पड़े मानदेय की अदायगी जल्द करवाने की गुहार लगाई है। वहीं, इस बारे में जलशक्ति विभाग के आनी मंडल के अधिशाषी अभियंता इंजी. किशोर का कहना है कि फंड उपलब्ध न होने के कारण जलरक्षकों के मानदेय देने में देरी हुई है, अब फंड को लेकर चिट्ठी आ गयी है, जल्द ही लंबित मानदेय की अदायगी कर दी जाएगी।

## नेता प्रतिपक्ष और संगठन मंत्री से मिले अमित सूद



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारतीय जनता पार्टी जिला कुल्लू के नवनियुक्त अध्यक्ष अमित सूद ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के जन्मदिन के मौके पर उनके शिमला स्थित निवास स्थान पर मुलाकात की और उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। अध्यक्ष बनने के बाद इनकी यह पहली मुलाकात थी।

नेता प्रतिपक्ष ने अमित सूद को जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। इस मौके पर आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, मार्केटिंग कमेटी के अध्यक्ष अमर ठाकुर सहित ठाकुर चंद पूर्व मंडल अध्यक्ष, मनीषा सूद महिला मोर्चा प्रदेश सचिव, दुर्गा ठाकुर पूर्व मंडल उपाध्यक्ष, जगदीश ठाकुर पूर्व मंडल महामंत्री राजेश राठी कार्यालय सचिव, जगदीश ठाकुर किसान मोर्चा सचिव, आनी विधानसभा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष वेद ठाकुर, विवेक वर्मा, नरोत्तम ठाकुर भी उपस्थित रहे। इसके बाद उन्होंने पार्टी कार्यालय दीप कमल में संगठन मंत्री सिद्धार्थन से भी भेंट की ओर संगठन को मजबूत करने को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की। अमित सूद ने जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, संगठन मंत्री सिद्धार्थन और भाजपा के शीर्ष नेतृत्व सहित सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया।

## रमेश ठाकुर ने मचाया धमाल



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू के ढालपुर के मालरोड में आयोजित कुल्लू महोत्सव की छठी सांस्कृतिक संध्या लोक गायक रमेश ठाकुर के नाम रही।

सांस्कृतिक संध्या का आगाज शाम पांच बजे कुल्लवी नाटी से हुआ। मालरोड में दर्शकों के मनोरंजन के लिए बनाए मंच पर स्कूली छात्रों सहित विभिन्न कलाकारों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति पेशकर कर दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। वहीं, ठंड के मौसम में लोक कलाकारों ने अपनी–अपनी प्रस्तुति पेश कर पंडाल में बैठे दर्शकों में गरमाहट पैदा कर दी।

### पार्षदों को किया सम्मानित

**नगर** परिषद कुल्लू द्वारा कुल्लू महोत्सव के दौरान-1995 से लेकर अब तक के सभी नगर परिषद पार्षदों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा-कांग्रेस दोनों ही पार्टियों से संबंधित पार्षदों को सम्मानित किया, जोकि सभी के लिए खुशी के साथ-साथ भावुक क्षण था। इस अवसर पर सभी पूर्व पार्षदों ने जहां नगर परिषद की ओर से उन्हें सम्मान देने का आभार जताया। वहीं, वर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष गोपाल कृष्ण महंत ने समस्त नगर परिषद कार्यकारिणी की ओर से सभी का आभार जताया।

**बैठक** आनी, भुंतर, नग्गर, निरमंड, बंजार व कुल्लू के खंड विकास अधिकारियों की हुई बैठक

## खंड विकास अधिकारी तालमेल बिठाकर करें कार्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू के बचत भवन में बहुद्देशीय बैठक कक्ष में सोमवार को आनी, भुंतर, नग्गर, निरमंड, बंजार तथा कुल्लू के खंड विकास अधिकारियों, विभिन्न विभागों के तकनीकी सहायकों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता डीसी तोरुल एस रवीश ने की।

इस दौरान सभी विकास खंडों के विकास कार्यों तथा लंबित पड़े कार्यों की समीक्षा की गई। डीसी ने कहा कि पंचायत घरों के निर्माण, आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण, शौचालय निर्माण, प्रधानमंत्री आवास योजना, ज्ञान केंद्रों के निर्माण, पंचायत निरीक्षण, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन तथा संचालन, तरल कचरा प्रबंधन, ठोस कचरा प्रबंधन, हिम ईरा कैंटीन के निर्माण, संवाद ग्राम सेवा योजना, मुख्यमंत्री लोक भवन निर्माण एवं मनरेगा से कार्यों को पूरा किया जाए। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों को लोगों के साथ तालमेल बिठाकर कार्य करने के निर्देश दिए। नए भवनों के निर्माण के लिए भूमि का चयन, ज्ञान केंद्रों में अखबारों और पत्रिकाओं को उपलब्ध करवाने के लिए, मनरेगा के अंतर्गत निर्माण सामग्री तथा श्रम को नियमानुसार 60:40 के अनुपात में करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद अधोसंरचना निर्माण करने के लिए कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व तथा खेलो इंडिया स्कीमों के अंतर्गत करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं के लिए सुविधा मिल सके। उन्होंने कहा कि आरसेटी के अंतर्गत संचालित किए जाने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रम अब आरसेटी के अपने भवन में संचालित किए जाएंगे। उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि पंचायत की विभिन्न पुरानी स्वीकृत परिसंपत्तियों के निर्माण को जल्द पूरा करें तथा सामुदायिक भवनों के निर्माण को उस क्षेत्र की आवश्यकता के मुताबिक ही अमली जामा पहनाएं। उन्होंने वर्ष 2023– 24 के 15 वित्त आयोग में जिला परिषद, पंचायत समिति तथा ग्राम पंचायत शेयर से किए जाने वाले मंजूर हुए कार्यों को तेजी से अमलीजामा पहनाने के निर्देश दिए।

### लोन के लिए बेहतर कार्य करने वाले बैंकों को किया सम्मानित

**कुल्लू।** कुल्लू के देव सदन में हिमाचल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन व अग्रणी जिला बैंक के संयुक्त तत्वाधान में लोन दिवस के उपलक्ष्य पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीसी ने कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इसमें जिले के सभी विकास खंडों में वित्तीय साक्षरता के तहत वित्तीय साक्षरता सामुदायिक संसाधन व्यक्ति, स्वयं सहायता समूहों तथा इस अभियान के अंतर्गत लोन के लिए बेहतर कार्य करने वाले बैंकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी ने कहा कि स्वयं सहायता समूह में कार्य कर रही महिलाओं को अपने विभिन्न उत्पादों की बिक्री करने की सुविधा के लिए विभिन्न स्थानों पर शी हाट बनाई जा रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शॉपिंग कांप्लेक्स निर्माण अधर में लटका

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ शहर के बीचों-बीच मुख्य प्रवेश द्वार के साथ भव्य शॉपिंग कांप्लेक्स निर्माण की परिषद की कई सालों से अधर में लटकी यह योजना अभी तक सिरे नहीं चढ़ पाई है। 14 साल पहले शुरू हुई यह योजना आज भी सिरे नहीं चढ़ पाई है। मई-2017 में इस शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण कार्य आरंभ किया गया, जो सिर्फ पिल्लरों को खड़ा करने तक ही सीमित होकर रह गया है। जानकारी के अुनसार नालागढ़ शहर के नगर प्रवेश द्वार के समीप पुराने थाना की जगह बनने वाले शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण कार्य आज भी अधर में लटका पड़ा है। परिषद इस कांप्लेक्स में दुकानों का निर्माण करने जा रही है, जिससे शहर के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार के अवसर मुहैया हो सके। वहीं, परिषद को भी आय के रूप में इजाफा होगा। परिषद की वर्षों पुरानी यह योजना अभी तक अधर में लटकी हुई है। बता दें कि परिषद ने करीब 8 साल पहले पुराने थाने के भवन को तोड़कर यहां जगह तो समतल कर दी, लेकिन इसके निर्माण की एक भी ईंट नहीं लग सकी और जब टेंडर हुए, तो मात्र पिल्लर खड़े होने तक ही काम सिमट गया। परिषद की योजना के तहत इस शॉपिंग कांप्लेक्स में प्रथम चरण में ग्राउंड फ्लोर पर दुकानों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें करीब 28 दुकानें बनाई जाएंगी। नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी आरएस वर्मा ने कहा कि शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण जल्द शुरू करवाया जाएगा। परिषद अपने इस प्रोजेक्ट को जल्द पूरा करवाना चाहती है।

### सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धुंदन में सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्लब के सदस्य व छात्रों ने भाग लिया। क्लब प्रभारी अनिता कौंडल ने सभी छात्रों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की। छात्रा प्रियंका ने सभी छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन करने की शपथ दिलाई।

### मोक्ष प्रदान करती है देवी भागवत कथा : आचार्य

**अनंत ज्ञान, सोलन।** श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा सभी भौतिक सुखों को प्रदान करने वाली और अंत समय में मोक्ष प्रदान करने वाली है। यह बात आचार्य राहुल शर्मा ने दयारशघाट में शुरू हुई 10 दिनों तक चलने वाली श्रीमद् देवी भागवत कथा के प्रथम दिन कही। कथा की शुरुआत रविवार को कलश यात्रा और ज्वाला जी से लाई गई मां की पवित्र ज्योति के स्वागत से हुई। कलश यात्रा चामत गांव से कथा स्थल दयारशघाट तक निकाली गई। बता दें कि विश्व कल्याण के लिए पंचायत चामत भड़ेच के दयारशघाट स्थित देव दयारश व देव विजेश्वर के प्रांगण में श्रीमद् देवी भागवत महापुराण व शतचंडी पाठ का आयोजन 5 से 14 जनवरी तक किया जा रहा है। इस ज्ञान यज्ञ के लिए कथा पंडाल में मां ज्वाला जी की दिव्य ज्योति भी विराजमान की गई है। प्रथम दिन कथा महात्मय में जगतजननी की महिमा का गुणगान आचार्य राहुल शर्मा ने किया। उन्होंने मौजूद श्रद्धालुओं को निष्काम यज्ञ के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि कई बार धर्म करते-करते अज्ञानतावश अधर्म हो जाता है। देवी भागवत कथा इसी अज्ञानता को दूर करता है। उन्होंने कहा कि कथा श्रवण से न केवल सांसारिक भौतिक सुखों की प्राप्ति होती है, बल्कि यह मोक्ष भी प्रदान करती है। उन्होंने इस दौरान श्रोताओं को जन्मेजय की कथा सुनाई।

### संजय अवस्थी आज व कल अर्की प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी 7 तथा 8 जनवरी को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे। संजय अवस्थी 7 को प्रातः 11 बजे अर्की तहसील के नवगांव में रामानुजम वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला के वार्षिक समारोह की अध्यक्षता करेंगे। विधायक 8 को प्रातः 11 बजे अर्की के मांगल स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के वार्षिक समारोह की अध्यक्षता करेंगे।

### कल इन क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति रहेगी बाधित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** हिमाचल प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 जनवरी को आवश्यक रखरखाव के दृष्टिगत सोलन शहर के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी बोर्ड के सहायक अभियंता विमल अत्री ने दी। उन्होंने कहा कि 8 जनवरी को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक शिशु पार्क के आसपास के क्षेत्र, टैंक रोड, शिल्ली रोड, छात्र विद्यालय तथा आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि उक्त निर्धारित समय तथा तिथि में खराब मौसम अथवा अन्य अपरिहार्य कारणों से बदलाव किया जा सकता है।

### मतदाता सूची सात दिनों तक निरीक्षण के लिए उपलब्ध

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सिरमौर के सभी पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों जिसमें, 55-पच्छाद, 56-नाहन, 57-श्री रेणुका जी, 58-पांवटा साहिब व 59-शिलाई में फोटो युक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 का कार्य एक जनवरी की अर्हता तिथि के आधार पर पूर्ण कर लिया गया है तथा फोटो युक्त मतदाता सूचियां 6 जनवरी को अंतिम रूप से प्रकाशित कर दी गई हैं। प्रकाशित फोटो युक्त मतदाता सूचियों के अनुसार जिले में 4 लाख 8 हजार 379 मतदाता पंजीकृत हैं, जिनमें 2 लाख 12 हजार 607 पुरुष तथा 1 लाख 95 हजार 700 बहत्तर महिला मतदाता हैं। यह फोटो युक्त मतदाता सूचियां मतदान केंद्रों के लिए नियुक्त सभी बूथ लेवल अधिकारियों तथा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (एसडीएम)/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों/ तहसीलदार/नायब तहसीलदार के कार्यालय में जन साधारण के निरीक्षण के लिए आज से अगले सात दिनों तक उपलब्ध रहेंगी।

### यशवंत सिंह बने भाजपा जिला किन्नौर के अध्यक्ष



**अनिल नेगी, किन्नौर।** भाजपा के संगठन पर्व कार्यक्रम के अंतर्गत जिला किन्नौर अध्यक्ष के रूप में यशवंत सिंह का चयन फील्ड हॉल भावानगर में हुआ। इसी के साथ भाजपा के नेता एवं प्रत्याशी सूरत नेगी प्रदेश परिषद के डेलीगेट चुने गए। यह चुनाव सर्वसहमति से संपन्न हुआ, जिला अध्यक्ष की घोषणा भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने चुनाव अधिकारी के रूप में की। उनके साथ इस कार्यक्रम में प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्यार सिंह कंवर, किन्नौर से प्रत्याशी सूरत नेगी विशेष रूप में उपस्थित रहे। कर्ण नंदा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन पर्व के अंतर्गत जिला किन्नौर के प्रत्येक कार्यकर्ता ने सर्वश्रेष्ठ कार्य करते हुए 11051 प्राथमिक सदस्य और 595 सक्रिय सदस्य बनाए हैं। इस उत्तम कार्य के लिए किन्नौर के सभी कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी को यह जान कर हर्ष होगा कि प्रदेश में हमारी पार्टी के 16 लाख से अधिक प्राथमिक सदस्य बन चुके हैं। आज से पूर्व किन्नौर में भाजपा के 3 संगठनात्मक मंडल हुआ करते थे और वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 5 हो गई है, इससे कार्यकर्ताओं की ताकत 100 गुना बढ़ जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### विद्यार्थियों को टीबी के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय उच्च पाठशाला मंगरुड में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष सत्र का आयोजन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नवगांव की ओर से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक हेमेंद्र सालरिया ने विद्यालय के विद्यार्थियों को टीबी के रोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इस रोग के लक्षण, फैलने के कारण और रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सत्र के अंत में सभी विद्यार्थियों ने भारत को टीबी मुक्त बनाने के लिए शपथ ली।

### सौ से ज्यादा युवाओं ने थामा संगठन का दामन

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** जिला नालागढ़ बजरंग दल ने बद्दी शहर में त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम का आयोजन शिव मंदिर बद्दी सभागार में किया। कार्यक्रम में बजरंग दल के प्रांत सहसंयोजक चंदन ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वहीं, विभाग मंत्री राजेश शर्मा ने अध्यक्षता की। सर्वप्रथम विधिवत पूजा-अर्चना के बाद बद्दी क्षेत्र के सौ से ज्यादा युवाओं को त्रिशूल दीक्षा दी गई। संगठन द्वारा निर्धारित शपथ दिलाने के बाद सब युवाओं को भोले शंकर का त्रिशूल प्रदान किया गया व धर्म की रक्षा करने का प्रण दिलवाया गया। चंदन ने कहा कि बजरंग दल सेवा, संस्कार व सुरक्षा पर काम करता है।

### बकाया एरियर न मिलने से पेंशनर्स में रोष



**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** नालागढ़ पेंशनर एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संगठन की बैठक प्रधान नरेश घई की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित पेंशनरों में इस बात का बहुत रोष था कि हिमाचल सरकार ने पेंशनर के 2016 के नए वेतनमान के अनुसार बकाया पड़े एरियर अभी अदा नहीं किए हैं। इससे इस वृद्धावस्था में पेंशनर को आर्थिक व मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हिमाचल सरकार एक तरफ वित्तीय संकट न होने की बात कर रही है, दूसरी तरफ पेंशनर्स के बकाया एरियर को अदा नहीं कर रही है।

# सोलन को अमृत योजना में लाने को नहीं हो रहे सार्थक प्रयास


**आर मोहन चौहान, सोलन**

सोलन को आधुनिक शहरों की तर्ज पर विकसित करने के लिए सार्थक प्रयास नहीं हो पाए। शासन-प्रशासन और निकाय में तालमेल और राजनीतिक इच्छा शक्ति के कारण सोलन शहर आज तक अटल मिशन फॉर रिजुविनेशन एंड अर्बन ट्रांसमिशन (अम्रुत) जैसी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पाया। यदि मानदंड पूरे कर इसकी डीपीआर बनाई जाए, तो योजना की मंजूरी पर शहर के विकास को 100 करोड़ से अधिक की राशि मंजूर हो सकती है।

हैरानी की बात है कि सोलन को नगर निगम बने चार साल बीत जाने के बावजूद शहर के विकास का मास्टर प्लान नहीं बन पाया। अटल मिशन फॉर रिजुवेनेशन एंड अर्बन ट्रांसमिशन (अम्रुत) इसके तहत पार्किंग, सीवरेज, नई पेयजल पाइप लाइन, नालों को कवर करना, नए एंबुलेंस रोड, ओवर ब्रिज पाथ और सॉलिड वेस्ट ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण के लिए केंद्र सरकार से आर्थिक सहायता मिलेगी। अब नए वित्तीय वर्ष में नगर निगम शहर के विकास के लिए अमृत योजना के तहत डीपीआर बनाने की तैयारी में है। इसे आगामी हाउस में पार्षदों की सहमति मिल सकती है। योजना के तहत शहर में पेयजल व्यवस्था के लिए नई पाइप लाइनें बिछाने, प्रत्येक घर को सीवरेज लाइन से जोड़ने, जगह-जगह मल्टी स्टोरी पार्किंग, नालों को कवर कर पार्किंग व पाथ बनाने, सड़कों को चौड़ा व अच्छा बनाने, सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट, आवास सुविधा और पार्कों का जीर्णोद्धार किया जाएगा। अमृत योजना के तहत शहर में पुरानी हो चुकी पाइप लाइन को बदला जाना है। इस कार्य को पूरा करने में 25 से 30 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। वहीं, सोलिड वेस्ट ट्रीटमेंट और सीवर को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट से जोड़ना अति महत्वपूर्ण है। (अनंत ज्ञान)

#### लंबित पड़ी है पार्किंग की योजना

**शहर** में विकराल होती पार्किंग की समस्या हल करने के लिए माल रोड समेत सपरून व पुराना बस स्टैंड में बहुमंजिला पार्किंग की योजना है। धनराशि के अभाव में कई वर्ष बीत जाने के बावजूद इसे सिरे नहीं चढ़ाया जा सका है। मालरोड पर पार्किंग की सुविधा मिलने से पर्यटकों का आकर्षण तो बढ़ेगा ही साथ ही स्थानीय निकाय के लिए भी आय के साधन सृजित होंगे। पर्यटकों के सोलन में रुकने से स्थानीय दुकानदारों समेत होटल का कारोबार भी बढ़ेगा। पार्किंग की समस्या हल करने के लिए महानगरों की तर्ज पर अंडर ग्राउंड पार्किंग निर्माण की भी योजना है। शहर के रेलवे रोड, सपरून, चंबाघाट, कोटलानाला, पुराना बस स्टैंड में अंडर ग्राउंड पार्किंग की संभावनाएं हैं। शहर में 30 हजार छोटे-बड़े वाहनों के लिए मात्र 1500 वाहन पार्क करने की सुविधा है।



#### बजट के अभाव में खुले में बह रहे ड्रेन नाले

**शहर** के लोगों का जीवन सुगम बनाने के लिए नालों को कवर किया जाना भी आवश्यक है। इससे जहां आसपास की आवासीय कॉलोनियों को गंदगी से निजात मिलेगी। वहीं, नाले कवर होने से पार्किंग व पाथ की संभावनाएं भी बनेंगी। शहर में रेलवे लाइन व हाईवे की तरफ बहते नाले हमेशा गंदगी से अटे रहते हैं। नियमित साफ-सफाई नहीं होने से बारिश की स्थिति में नाले ब्लॉक हो जाते हैं। इसके चलते नालों का गंदा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है। शहर में इस समय करीब एक दर्जन से अधिक नाले बह रहे हैं। इसमें अधिकांश खुले पड़े हैं। इसके आसपास के गुजारी पेयजल की पाइप लाईनों में भी गंदा पानी घुलने का खतरा रहता है। धोबीघाट, डीसी ऑफ से सरदार मौहल्ला की तरफ जाता नाला, माल रोड से कथेड़ की तरफ बहता नाला, मोहन कॉलोनी का नाला, गंज बाजार का नाला, चंबाघाट का नाला, माल रोड से कलीन, सन्नी साइड से कलीन का नाला, लक्कड़ बाजार का नाला, शूलिनी कॉलोनी का नाला, चौक बाजार का नाला, रेलवे स्टेशन से बस स्टैंड तक जाता नाला इस समय काफी प्रदूषित हो चुका है।



सोलन शहर को अमृत योजना में शामिल करने के लिए नए सिरे से केंद्र की गाइडलाइन के मुताबिक डीपीआर तैयार की जाएगी, जिसे सरकार की मंजूरी को भेजा जाएगा। निगम अधिकतर गाइडलाइन पर खरा उतरता है। **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम सोलन।**

#### गाइड लाइनों पर खरा उतरना होगा

**अमृत** योजना के तहत उन शहरों को शामिल करने का प्रावधान है, जहां पर्यटन की अच्छी संभावनाएं हैं। सोलन इस दृष्टि से अपना दावा मजबूत कर सकता है। इसी तरह सोलन शहर को आबादी की शर्त भी पार करनी होगी। इसके लिए सोलन शहर को अपने साथ स्थानीय कस्बों को भी जोड़ना होगा। इतना ही नहीं अमृत योजना से जुड़ने के लिए नगर निगम को अपने अधिकतर कार्य ई-गर्वनेंस से करने होंगे। इस दिशा में नगर निगम कार्य भी कर रही है। इस के तहत जल्द ही भवनों के नक्शे पास करने के लिए ऑनलाइन सुविधा दी जाएगी। जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन उपलब्ध हैं, जबकि पानी का बिल व सेनिटेशन टैक्स ऑनलाइन जमा करने के लिए बैंकों से एमओयू किया जाना है। नगर निगम में जीपीएस प्रणाली में भी स्थापित हो चुकी है। इससे नगर परिषद शहर में अवैध निर्माण पर नजर रख सकेगी।

## विधायक से महिला मंडल कुड़िया कड़ंग भवन निर्माण को धनराशि की मांग



महिला मंडल कुड़िया कड़ग की महिलाएं विधायक रीना कश्यप को मांग पत्र सौंपते हुए।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

ग्राम पंचायत सनियो दीदग के महिला मंडल कुड़िया कड़ंग के एक प्रतिनिधिमंडल ने अपनी मांगों को लेकर सोमवार को स्थानीय विधायक रीना कश्यप के आवास पर भेंट कर महिला मंडल भवन के निर्माण के लिए धनराशि जारी करने की मांग की।

महिला मंडल की प्रधान कला देवी, उपप्रधान सुनिता देवी और सचिव सेवती देवी ने विधायक रीना कश्यप को बताया कि महिला मंडल का भवन काफी पुराना हो गया है और वर्तमान में जर्जर अवस्था में है, जिस कारण महिलाओं को मासिक बैठक आदि करने में काफी दिक्कत पेश आ रही है।

विधायक ने महिला मंडल को नए भवन के निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने को कहा तथा एस्टीमेट के आधार पर धनराशि प्रदान करने का आश्वासन दिया। महिला मंडल के अन्य सदस्यों में कोषाध्यक्ष कमलेश कुमारी, सदस्य हेमा देवी, आशा देवी, बिंदू, आशा ठाकुर, लता देवी, दूरमा, नारदा शामिल थी।

## रामशहर को दी लाखों की सौगात

**अनंत ज्ञान, बद्दी।** अर्की विधानसभा के क्षेत्र से विधायक संजय अवस्थी ने रामशहर तहसील का एकदिवसीय दौरा किया।

इस एकदिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने बायला पंचायत में लिंक मार्ग का उद्घाटन किया और मार्ग को जनता को समर्पित किया। साथ ही उन्होंने इस दौरे के दौरान क्षेत्रवासियों को लाखों की सौगात दी। वहीं, विधायक ने बायला पंचायत में लोगों की जनसमस्याएं सुनीं और ज्यादातर समस्याओं का मौके पर ही निपटारा कर दिया। उन्होंने क्षेत्रवासियों के विकास के लिए फुंड मुहैया करवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मार्ग को 7 किलोमीटर आगे तक बनाने के लिए ग्रामीणों की मांग है और उसे जल्द पूरा किया जाएगा।

## सरकार सोलन की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध : डॉ. शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**



विकासात्मक परियोजनाओं के लिए उपलब्ध भूमि का निरीक्षण करते स्वास्थ्य मंत्री।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि प्रदेश सरकार सोलन की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है।

डॉ. शांडिल सोलन के ममलीग, सायरी तथा अन्य साथ लगते क्षेत्रों में विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के लिए उपलब्ध भूमि एवं कार्यों का निरीक्षण करने के उपरांत उपस्थित पंचायतीराज प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं अन्य के साथ विचार-विमर्श कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सोलन विधानसभा क्षेत्र अपनी भौगोलिक स्थिति के दृष्टिगत प्रदेश के लिए विशिष्ट है और पर्यटन, कृषि, उद्योग एवं अन्य क्षेत्रों में जिले की सतत् विकास की प्रत्येक आवश्यकता को राज्य सरकार सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है।

सोलन विधानसभा क्षेत्र के ममलीग, सायरी तथा अन्य साथ लगते क्षेत्रों में विभिन्न परियोजनाओं के लिए उपलब्ध भूमि एवं कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को उचित निर्देश जारी किए गए। उन्होंने कहा कि समयबद्ध कार्य जन-जन को लाभान्वित करने में सहायक सिद्ध होता है। कर्नल शांडिल ने ग्राम पंचायत ममलीग के गांव नेरी में बहुउद्देशीय खेल परिसर के निर्माण के लिए संबंधित अधिकारियों को संभावनाएं तलाशने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांव नेरी में लगभग 100 बीघा भूमि उपलब्ध है, जिस पर बहुउद्देशीय खेल परिसर का निर्माण किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि खेल परिसर का निर्माण होने से युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच प्राप्त होगा और उन्हें नशे से दूर रखने में सहायता मिलेगी।

## धर्मपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, कसौली।** सीनियर सेकंडरी स्कूल ग्राउंड में फर्स्ट स्ट्राइकरस कप क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू हो गई है। प्रतियोगिता का शुभारंभ बिजनेसमैन और सीईओ कीमाया इंपीरियल विक्रांत गोयल ने किया। उनके साथ अंकित गोयल, प्रमोद अग्रवाल, विनोद अग्रवाल व जतिन अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। इस दौरान मुख्यातिथि विक्रांत गोयल ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रोत्साहित किया। पहला मैच बाबा-11 सुबाथु व ब्रदर्स-11 के बीच खेला गया, जिसमें बाबा-11 ने जीत हासिल की। दूसरा मैच जूनियर-11 ने शोकू-11 को हराया। तीसरा मैच में 14 गोरखा ट्रेनिंग सेंटर ने शिलाई-11 को हराया।

## कर्नल शांडिल ने स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व पर दिया जोर

**अनंत ज्ञान, सोलन**



कोटला फैंस क्लब द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट में कुल 64 टीमों ने हिस्सा लिया, जो स्थानीय खेल कैलेंडर का एक महत्वपूर्ण आयोजन बन गया।

इस टूर्नामेंट ने खेल भावना और प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह का अद्भुत प्रदर्शन किया। कर्नल संजय शांडिल, कमांडिंग ऑफिसर, 1 एचपी गर्ल्स बटालियन एनसीसी, सोलन इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह की शुरुआत कर्नल संजय शांडिल के गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। इसके बाद टूर्नामेंट के मुख्य आकर्षण और उपलब्धियों की समीक्षा की गई। कर्नल संजय शांडिल ने कोटला फैंस क्लब के प्रयासों की सराहना की और खेलों के माध्यम से चरित्र निर्माण, एकता को बढ़ावा देने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के महत्व पर जोर दिया।

## इग्नू में नए सत्र में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 जनवरी

**अनंत ज्ञान, सोलन।** इग्नू सोलन में शैक्षणिक सत्र-2025 के प्रवेश की अंतिम 31 जनवरी तय की गई है। सोलन स्टडी सेंटर के को-ऑर्डिनेटर नरेंद्र वर्मा ने बताया कि इग्नू से मास्टर, बैचलर डिप्लोमा और सर्टिफिकेट कोर्स करने के इच्छुक अभ्यर्थी 31 जनवरी तक आवेदन कर सकते हैं। इग्नू से ओडीएल और ऑनलाइन मोड पर कक्षाएं ली जाएंगी। अभ्यर्थी इग्नू वेबसाइट के माध्यम से भी एडमिशन ले सकते हैं। इसके अलावा निकटम केंद्र में भी प्रवेश लिया जा सकता है।

## एनएसएस मैगा कैंप के लिए दक्षिता व कार्तिक का चयन

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**



नेशनल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल धुंदन के दो विद्यार्थियों दक्षिता ठाकुर और कार्तिक ठाकुर का चयन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुठाड में आयोजित एकदिवसीय मैगा कैंप से हुआ है।

इस चयन प्रक्रिया में सोलन की 74 एनएसएस यूनिट से 296 स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। चयन प्रक्रिया में परेड, गायन, नृत्य और अन्य कठिन चरण शामिल थे, जिसमें इन छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अब ये छात्र राज्यस्तरीय एनएसएस मैगा कैंप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जो कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थानाकलां (ऊना) में 6 से 10 तक चलेगा। प्रधानाचार्य भीमा वर्मा, एनएसएस यूनिट से पूनम और सत्या देवी ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं।

## आवास प्लस मोबाइल एप्लिकेशन से पात्र लाभार्थियों का होगा नया सर्वेक्षण : डीसी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डीसी सिरमौर सुमित खिमटा ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत सर्वे के लिए सरकार द्वारा आवास प्लस मोबाइल एप्लिकेशन लांच की गई है, जिसके माध्यम से हिमाचल में 1 जनवरी से 31 मार्च तक पात्र लाभार्थियों का सर्वे किया जाएगा। इसके लिए लाभार्थी स्वयं भी सर्वेक्षण कर आवेदन कर सकते हैं।



सर्वे ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों स्तरों पर किया जा सकता है, जिसमें पूरे परिवार का डाटा दर्ज किया जाएगा तथा इसके साथ ही घर का जियो टैग भी किया जाएगा। इस सर्वेक्षण के लिए पंचायत स्तर पर पूर्व में नामित/पंजीकृत सर्वेक्षक पात्र लाभार्थियों के घर जाकर इस मोबाईल एप्लिकेशन से चेहरा प्रमाणीकरण आधार ई-केवाईसी के माध्यम से सर्वे करेंगे तथा इस सर्वे के आधार पर ही पात्र लाभार्थियों को आगामी वर्षों में आवास स्वीकृत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि जिन लोगों के पास तिपहिया/चौपहिया वाहन, किसान क्रेडिट कार्ड पच्चास हजार या इससे ज्यादा का हो, जिनके घर का कोई सदस्य सरकारी नौकरी में हो, परिवार की मासिक आय 15 हजार से अधिक हो या अढाई एकड़ व इससे ज्यादा सिंचित भूमी अथवा पांच एकड़ से जयादा असिंचित भूमी, कृषि का तिपहिया या चौपहिया यंत्र, आयकर दाता, उद्यम आयकर दाता एवं सरकार के पास पंजीकृत गैर-कृषि उद्यम वाले परिवार इस सर्वेक्षण के लिए पात्र नहीं होंगे।

## फोटोयुक्त मतदाता सूची प्रकाशित

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारत के निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोलन जिले के 53-सोलन विधानसभा क्षेत्र की फोटोयुक्त मतदाता सूची नियमानुसार प्रकाशित कर दी गई हैं। यह सूची निर्वाचक पंजीकरण नियम-1960 के अनुसार तैयार की गई है। यह जानकारी निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं एसडीएम सोलन ने दी। उन्होंने कहा कि यह फोटोयुक्त मतदाता सूची एसडीएम कार्यालय सोलन, सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी एवं तहसीलदार सोलन, कंडाघाट तथा ममलीग के कार्यालय सहित सोलन विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर एक सप्ताह तक निरीक्षण के लिए उपलब्ध रहेंगी।

## एचपी कृषि सेवाएं संघ प्रथम श्रेणी सोलन के अध्यक्ष बने डॉ. रविंद्र



हिमाचल प्रदेश कृषि सेवाएं संघ सोलन इकाई की नई कार्यकारिणी।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

हिमाचल प्रदेश कृषि सेवाएं संघ प्रथम श्रेणी सोलन इकाई के चुनाव में डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा को अध्यक्ष चुना गया।

इसके अलावा डॉ. सतनाम सिंह को उपाध्यक्ष, डॉ. अनिल को महासचिव, डॉ. देव राज को सलाहकार, डॉ. रमेश कपूर को संगठन सचिव, डॉ. लीजा राठौड़ को वित्त सचिव और डॉ. प्रियंका कंडवाल को प्रेस सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके आलावा डॉ. जोगिंद्र चौहान, ईशान मेहता, डॉ. किरण और डॉ. तिलक को प्रतिनिधि के तौर पर संघ में शामिल किया गया। नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. रविंद्र कुमार शर्मा ने कहा कि संघ से जुड़ी समस्याओं और मांगों को सरकार तक पहुंचाने का भरपूर प्रयास किया जाएगा।

## वित्तीय लाभ जारी करने की मांग

**अनंत ज्ञान, सराहां।** पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संघ सराहां इकाई की मासिक बैठक इकाई अध्यक्ष नरेश दत्त शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में विशेष तौर पर वर्ष-2016 से वर्ष-2022 के दौरान सेवानिवृत्त कर्मचारियों के बकाया भत्तों एवं वित्तीय लाभ अभी तक न दिए जाने बारे रोष प्रकट किया गया तथा सरकार द्वारा वित्तीय लाभ जल्द जारी करने की मांग की। बैठक में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों को नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं। बैठक में जगत राम, राम सिंह, प्रमोद गौतम, जगमोहन वर्मा, राम स्वरूप, सोम दत्त सुरेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, अमरसिंह, प्रेम सिंह, आत्माराम, नरेश जस्सल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

**आयोजन** श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सलाहकार एवं निगरानी समिति की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

# स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता को बढ़ावा देने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के नाहन में जिला स्तरीय सलाहकार एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री और बैठक के अध्यक्ष हर्षवर्धन चौहान ने की।



जिला स्तरीय सलाहकार एवं निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हर्षवर्धन चौहान।

बैठक में अध्यक्ष ने स्वच्छ भारत मिशन, अटल कायाकल्प और शहरी परिवर्तन मिशन (अमृत), राष्ट्रीय विरासत शहर विकास और संवर्धन योजना (हृदय), प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। हर्षवर्धन चौहान ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। उन्होंने समिति के सदस्यों से सिरमौर में विकास की गति को बढ़ाने के निर्देश भी दिए। बैठक में अवगत करवाया गया कि जिले में क्रियान्वित अटल कायाकल्प एवं शहरी परिवर्तन मिशन के तहत पायलट आधार पर अमरपुर मोहल्ले में घरों में दिसंबर-2025 तक चौबीस घंटे जल आपूर्ति उपलब्ध करवाने का कार्य प्रगति पर है।

दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत पांवटा में 281 प्रत्येक स्ट्रीट वेंडर्स को 10 हजार रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। मिशन के तहत नाहन में 85 बेघर व्यक्तियों को आश्रय उपलब्ध करवाया गया। राजगढ़ में लोगों को स्वावलंबन बनाने के उद्देश्य से 73 व्यक्तियों को सस्ते दर पर 84 लाख रुपए का ऋण उपलब्ध करवाया गया। बैठक में उद्योग मंत्री ने कहा कि वर्तमान में शहरीकरण तीव्रता से हो रहा है, इसलिए शहरी निकायों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है, ताकि शहरों में मूलभूत सुविधाएं जैसे पानी, बिजली, पार्किंग, आदि की सुविधा को सुदृढ़ किया जा सके।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम मान ने भट्ठा साहिब गुरुद्वारे में माथा टेका



**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सोमवार को 10वें सिख गुरु, गुरु गोबिंद सिंह की जयंती के अवसर पर रूपनगर जिले के ऐतिहासिक भट्ठा साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका। मान अपनी पत्नी के साथ गुरुद्वारे गए थे। गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1666 में पटना साहिब में हुआ था। उन्होंने 1699 में बैसाखी के दिन खालसा पंथ की स्थापना की थी। इससे पहले, मान ने लोगों को गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व की बधाई दी।

### चंडीगढ़ में बहुमंजिला इमारत ढही

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के सेक्टर-17 में सोमवार को सुबह एक बहुमंजिला इमारत ढह गई। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। अधिकारियों ने बताया कि इस इमारत को असुरक्षित घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि सुबह करीब सवा सात बजे इमारत ढह जाने के बाद पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर दी और दमकल की एक गाड़ी को मौके पर भेजा गया। उनके अनुसार, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। पंजाब के मोहाली जिले के सोहाना गांव में 21 दिसंबर को एक बहुमंजिला इमारत के ढह जाने से दो लोगों की मौत हो गई थी। (अनंत ज्ञान)



### जींद में सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत

**जींद (हरियाणा)।** माता वैष्णो देवी के दर्शन कर लौट रही नोएडा की दो महिलाओं की यहां हुए एक सड़क हादसे में मौत हो गई जबकि दो अन्य लोग जख्मी हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। लुदाना चौकी के जांच अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने सोमवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर के कटरा स्थित वैष्णो देवी से वापस लौटते समय राष्ट्रीय राजमार्ग 152-डी पर रविवार देर रात एक कार अनियंत्रित होकर भिड़ाना के पास सड़क की रेलिंग तोड़कर नीचे खेतों में जा गिरी। उन्होंने बताया कि हादसे के बाद कार सवार चारों लोग गाड़ी में बुरी तरह से फंस गए जिन्हें मुश्किल से निकाला गया। इन सभी को सिविल अस्पताल पहुंचाया गया जहां उत्तर प्रदेश में नोएडा निवासी 35 वर्षीय सुप्रिया और 22 वर्षीय सुषमा को मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल 38 वर्षीय अर्जुन और 22 वर्षीय सैफ को उपचार के लिए पीजीआई, रोहतक रेफर किया गया है।

### हरियाणा के लघु सचिवालय भवन में आग लगी

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ में सेक्टर-17 स्थित हरियाणा के लघु सचिवालय भवन में रविवार को आग लग गई। अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि दोपहर में इमारत की तीसरी मंजिल पर आग लग गई, जिस पर तुरंत काबू पा लिया गया। अधिकारियों ने कहा, 'रविवार को छुट्टी होने के कारण तीसरी मंजिल पर स्थित दो कमरों में जब आग लगी, तब वहां कोई नहीं था। परिसर में ड्यूटी पर तैनात गार्ड ने धुआं निकलता देखा और दमकल विभाग को सूचित किया।'

### गुजरात के कच्छ में बोरवेल में गिरी किशोरी

**भुज (गुजरात)।** गुजरात में कच्छ जिले के एक गांव में सोमवार सुबह 18 वर्षीय एक किशोरी गहरे बोरवेल में गिर गई, जिसे बचाने के लिए बचाव अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना जिले के भुज तालुका के कंदेराई गांव में सुबह करीब साढ़े छह बजे हुई। भुज के डिप्टी कलेक्टर एबी जादव ने बताया कि किशोरी राजस्थान के प्रवासी मजदूरों के परिवार से थी। वह 540 फुट गहरे बोरवेल में 490 फुट की गहराई पर फंसी हुई है। परिवार ने बताया कि उनकी 18 वर्षीय लड़की बोरवेल में गिर गई है तो अधिकारियों को संदेह हुआ कि इतनी उम्र की लड़की बोरवेल में कैसे गिर गई। जादव ने बताया कि उन्होंने दोपहर में कैमरे की मदद से उसके बोरवेल में होने की पुष्टि की।

### नेपाल में प्लेन में लगी आग, सभी यात्री सुरक्षित

**काठमांडू।** नेपाल में बुद्ध एयर के एक विमान के इंजन में आग लगने के बाद काठमांडू में त्रिभुवन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की गई। विमान में क्रू मेंबर समेत 76 लोग सवार थे। इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। नेपाल सरकार की ओर से बताया कि बुद्ध एयर का एक प्लेन बाएं इंजन में आग लगने की वजह से राजधानी काठमांडू से 43 किलोमीटर पूर्व में पहुंच गया था। जिसके बाद यह सिंगल इंजन पर प्लाय करके काठमांडू लौट आया।

### उत्तर कोरिया ने समुद्र में दागी मिसाइल



**सियोल।** दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उत्तर कोरिया ने 2025 में भी अपनी हथियार परीक्षण गतिविधियों को जारी रखते हुए सोमवार को कोरियाई प्रायद्वीप और जापान के बीच समुद्र में एक बैलिस्टिक मिसाइल दागी, जिसका निशाना 1,100 किलोमीटर दूर तक था। दक्षिण कोरिया के एक शीर्ष सैन्य अधिकारी ने बताया कि मिसाइल को उत्तर कोरिया की राजधानी प्योंगयांग के पास के इलाके से दागा गया और प्रक्षेपण की तैयारियों का अमेरिका तथा दक्षिण कोरियाई सेनाओं ने पहले ही पता लगा लिया था। दक्षिण कोरिया ने प्रक्षेपण की निंदा करते हुए इसे उकसावे वाली गतिविधि करार दिया जो कोरियाई प्रायद्वीप पर शांति और स्थिरता के लिए गंभीर खतरा है।

# सुप्रीम कोर्ट की समिति ने की जगजीत डल्लेवाल से मुलाकात

**एजेंसी, चंडीगढ़**

उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित उच्च अधिकार प्राप्त समिति ने सोमवार को किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल से मुलाकात की, जो पंजाब और हरियाणा की खनौरी सीमा पर अमारण अनशन कर रहे हैं। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश नवाब सिंह की अध्यक्षता वाली समिति ने डल्लेवाल से चिकित्सा सहायता लेने का अनुरोध किया।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के संयोजक डल्लेवाल फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 26 नवंबर 2024 से आमरण अनशन पर हैं।

इससे पहले दिन में, उच्चतम न्यायालय में सुनवाई के दौरान पंजाब सरकार ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल के माध्यम से पीठ को समिति की तय बैठक के बारे में जानकारी दी गई। शीर्ष अदालत ने सितंबर 2024 में प्रदर्शनकारी किसानों की मांगों का सौहार्दपूर्ण समाधान करने के उद्देश्य से समिति का गठन किया था।



समिति में भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी बीएस संधू, कृषि विशेषज्ञ देविंदर शर्मा, प्रोफेसर रंजीत सिंह घुमन और पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अर्थशास्त्री डॉ सुखपाल सिंह भी शामिल हैं।

न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) नवाब सिंह ने डल्लेवाल से मुलाकात के बाद मीडिया से कहा, ''हम वाहेगुरु से प्रार्थना करते हैं कि वह स्वस्थ रहें।''

संवाददाताओं ने जब यह पूछा कि क्या डल्लेवाल ने चिकित्सा सहायता लेने पर हामी भर दी है तो न्यायमूर्ति नवाब सिंह ने कहा, ''हम सभी ने उनसे कई बार चिकित्सा (सहायता) के लिए अनुरोध किया। हम चाहते हैं कि उनका स्वास्थ्य अच्छा रहे।'' उन्होंने कहा, ''मैं आज यहां यह कहने नहीं आया हूं कि आंदोलन समाप्त हो जाना चाहिए, बल्कि यह कहने आया हूं कि आपका स्वास्थ्य अच्छा रहना चाहिए। मैंने उनसे यह भी कहा कि जब भी वह कहेंगे, हम यहां मौजूद रहेंगे।''

न्यायमूर्ति नवाब सिंह ने बताया कि डल्लेवाल ने समिति से कहा कि उनके लिए कृषि पहले है और उनका स्वास्थ्य बाद में। उन्होंने कहा कि शीर्ष अदालत के न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने पूरे आत्मविश्वास के साथ समिति का गठन किया था। किसान नेता डल्लेवाल ने लंबे समय से अनशन पर रहने के बावजूद अब तक कोई भी चिकित्सा सहायता लेने से इनकार कर दिया है, जिससे उनकी तबीयत लगातार बिगड़ती जा रही है। समिति अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे खनौरी धरना स्थल पर पहुंची और डल्लेवाल से मुलाकात की।

संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान पिछले साल 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए हैं।

## पीएम को राष्ट्रीय खेलों के लिए धामी ने किया आमंत्रित



**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और उन्हें 28 जनवरी से 14 फरवरी तक राज्य में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के लिए आमंत्रित किया। उत्तराखंड पहली बार राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी कर रहा है।

धामी ने राष्ट्रीय राजधानी में मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री को चमोली जिले के मलारी के कारीगरों द्वारा तैयार एक शॉल और नारायण आश्रम की एक प्रतिकृति भी भेंट की। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री धामी ने प्रधानमंत्री मोदी को राज्य में किए जा रहे विकास कार्यों की जानकारी दी तथा निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

सीएम धामी ने मोदी से मुलाकात के दौरान बताया कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन परियोजना के पहले चरण पर तेजी से काम चल रहा है। टनकपुर-बागेश्वर रेल परियोजना का सर्वेक्षण कार्य भी पूरा हो चुका है।

सीएम धामी ने मोदी से यह भी आग्रह किया कि टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन परियोजना को मंजूरी दी जाए और इसकी पूरी लागत केंद्र द्वारा वहन की जाए।

## पातड़ां में सरकारी नौकरी मेला



**अनंत ज्ञान, पटियाला**

पातड़ां में युवाओं के लिए सरकारी नौकरी का सपना अब और करीब नजर आ रहा है। क्रैक एकेडमी द्वारा आयोजित 'सरकारी नौकरी मेला' ने युवाओं को सरकारी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जरूरी मार्गदर्शन और आत्मविश्वास दिया।

यह कार्यक्रम यूरेका इंस्टीट्यूट में आयोजित किया गया, जहां यूपीएससी, एसएससी, बैंकिंग और रेलवे जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अनुभवी शिक्षकों ने वर्कशॉप्स लीं।

इन सत्रों में उत्तर लेखन, टाइम मैनेजमेंट और कठिन परीक्षा पैटर्न से निपटने की रणनीतियां सिखाई गईं। क्रैक एकेडमी के संस्थापक और सीईओ नीरज कंसल ने कहा, इस मेले का मकसद छात्रों को सही दिशा और तैयारी के बेहतर तरीके देना था।

## मोहित सूद बने ग्रेन मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** ग्रेन मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में पहली बार प्रधान पद के लिए चुनाव लड़ रहे मोहित सूद ने मोर्चा मार लिया।



उन्होंने 156 वोट हासिल किए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी रवि प्रकाश कांसल सिर्फ 96 वोट ही बटोर पाए। कांसल कई बार इस चुनाव के लिए हाथ आजमा चुके हैं, परंतु जीत नहीं पा सके। मोहित सूद पहले इस संस्था के महासचिव थे।

## कर्मचारियों की हड़ताल से पंजाब में बस सेवाएं ठप

**एजेंसी, चंडीगढ़**

पंजाब रोडवेज और पेप्सू सड़क परिवहन निगम के संविदा कर्मचारियों ने नौकरी नियमित करने सहित अन्य मांगों को लेकर सोमवार को तीन दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी। हड़ताल के कारण राज्य भर में विभिन्न बस अड्डों पर यात्री फंसे रहे।

प्रदर्शनकारियों के अनुसार, पंजाब रोडवेज और पेप्सू सड़क परिवहन निगम (पीआरटीसी) की लगभग 2,800 बसें सड़कों से नदारद रहीं। पंजाब रोडवेज, पनबस, पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष रेशम सिंह गिल ने कहा कि हड़ताल में करीब 8,000 संविदा कर्मचारी भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य भर के सभी 27 बस डिपो पर प्रदर्शन किए जा रहे हैं। गिल ने कहा कि संविदा कर्मचारी अन्य बातों के अलावा अपनी नौकरी को नियमित करने और वेतन वृद्धि की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले पीआरटीसी कॉन्ट्रैक्ट वर्कर्स यूनियन ने अपनी मांगों को लेकर पंजाब के परिवहन मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर के साथ बैठक की थी, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि वे मंगलवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान के आवास की ओर मार्च करेंगे।



## देश-विदेश

## सेंसेक्स 1258 अंक गिरकर 77,964 पर बंद, निफ्टी में 388 अंक की गिरावट

**एजेंसी, मुंबई**

**हफ्ते** के पहले कारोबारी दिन 6 जनवरी को सेंसेक्स 1258 अंक की गिरावट के साथ 77,964 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 388 अंक की गिरावट रही। यह 23,616 के स्तर पर बंद हुआ।




वहीं, बीएसई स्मॉलकैप 1778 अंक गिरकर 54,337 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 27 में गिरावट और 3 में तेजी रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 43 में गिरावट और 7 में तेजी रही, जबकि एक शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। एनएसई सेक्टोरल इंडेक्स में सभी सेक्टर गिरावट के साथ बंद हुए। पीएसयू बैंक सबसे ज्यादा 4.00 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके साथ ही रियल्टी में 3.16 फीसदी, मेटल में 3.14 फीसदी, मीडिया में 2.71 फीसदीऔर ऑटो सेक्टर 2.18 फीसदी की गिरावट रही।

## नवीन बाबू की मौत की सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका खारिज

**कोच्चि (केरल)।** केरल हाईकोर्ट ने कन्नूर के पूर्व अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) नवीन बाबू की मौत की सीबीआई से जांच के अनुरोध वाली याचिका सोमवार को खारिज कर दी। न्यायमूर्ति कौसर एडप्पागथ ने बाबू की पत्नी की ओर से दायर याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उनके पति की कथित आत्महत्या की जांच सीबीआई को सौंपने का अनुरोध किया गया था। अदालत ने डीआईजी (कन्नूर) को मामले में जारी एसआईटी जांच की निगरानी करने का भी आदेश दिया। कन्नूर जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष के भ्रष्टाचार के आरोपों के बाद उन्होंने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली थी।

### कांग्रेस ने किया 'प्यारी दीदी योजना' का ऐलान

## महिलाओं को हर माह 2500 रुपए देने का किया वादा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** ने सोमवार को दिल्ली में 'प्यारी दीदी योजना' की घोषणा करते हुए सत्ता में आने पर महिलाओं को 2,500 रुपए मासिक वित्तीय सहायता देने का वादा किया। यह योजना कर्नाटक में कांग्रेस नीत सरकार द्वारा अपनाए गए मॉडल की तर्ज पर शुरू की जाएगी।



कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने इस योजना की घोषणा करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने वादा किया कि दिल्ली में कांग्रेस के सत्ता में आने पर नई सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज मैं यहां 'प्यारी दीदी योजना' की शुरुआत करने आया हूं। हमें विश्वास है कि दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनेगी और नए मंत्रिमंडल के पहले दिन हम राजधानी की प्रत्येक महिला को 2,500 रुपए देने की योजना लागू करेंगे।

## इसराइल के वेस्ट बैंक में बस पर गोलीबारी, तीन की मौत

**एजेंसी, यरूशलम**

**इसराइल** के कब्जे वाले वेस्ट बैंक में इसराइलियों को ले जा रही एक बस पर गोलीबारी में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई।

इसराइल की मैगन डेविड एडोम बचाव सेवा ने कहा कि सोमवार को हुए हमले में कम से कम छह अन्य लोग घायल हो गए। सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के बाद से वेस्ट बैंक में हिंसा बढ़ गई है, जिससे वहां जारी युद्ध और भी तेज हो गया है। यह हमला फिलिस्तीनी गांव अल-फुंदुक में हुआ है। हमलावर और मारे गए लोगों की पहचान तत्काल पता नहीं हो पाई है। इसराइल ने 1967 के युद्ध में वेस्ट बैंक पर कब्जा कर लिया था।

## जयशंकर ने अमेरिकी एनएसए के साथ की चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन से बातचीत की और बाइडेन प्रशासन के तहत पिछले चार साल में भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति की व्यापक समीक्षा की।



सुलिवन अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने से दो सप्ताह पहले भारत की यात्रा पर हैं। जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा कि भारत-अमेरिका साझेदारी को आगे बढ़ाने में सुलिवन के व्यक्तिगत योगदान के लिए उनकी सराहना की। द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के लिए शुरू किए गए सबसे महत्वपूर्ण कदमों से एक महत्वपूर्ण एवं उभरती प्रौद्योगिकियों पर भारत-अमेरिका पहल (आईसीईटी) थी। आईसीईटी को मई 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बाइडेन की ओर से महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच अधिक सहयोग के उद्देश्य से शुरू किया गया था। जयशंकर ने कहा कि द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक सहयोग को गहरा करने पर हमारी चल रही चर्चा जारी रही।

## बिना पार्टी के इशारे पर टिप्पणी नहीं कर सकते बिधूड़ी: सिसोदिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**दिल्ली** विधानसभा में भाजपा के उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी के प्रियंका गांधी को लेकर दिए गए बयान पर घमासान लगातार जारी है और अब इस पर विपक्षी पार्टियों लगातार भाजपा पार्टी और रमेश बिधूड़ी को घेर रही हैं। बिधूड़ी के बयान पर आप आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया ने कहा कि भाजपा का यही चरित्र है। उन्होंने कहा कि रमेश बिधूड़ी पार्टी नेताओं के इशारे के बिना बोल ही नहीं सकते। यह भारतीय जनता पार्टी का चरित्र है कि महिलाओं के ऊपर अभद्र टिप्पणी करो। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग महिला मुख्यमंत्री के ऊपर टिप्पणी करते हैं, उनके व्यक्तित्व पर टिप्पणी करते हैं और फिर उनका ऐसे सार्वजनिक मंच से मजाक उड़ाते हैं।



सिसोदिया ने आरोप लगाया है कि जिस मंच से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिल्ली की जनता से अपील कर रहे थे कि उनकी सरकार बनवा दो, उसी मंच से रमेश बिधूड़ी महिलाओं को गालियां दे रहे थे। दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर घोषणा होने वाली है। आम आदमी पार्टी की पूरी टीम और एक-एक कार्यकर्ता इंतजार कर रहा है कि चुनाव आएं और जनता के बीच जाकर अपने काम बताएं।

## 2025 में बेहतर स्थिति में भारतीय आईटी सेक्टर, डॉलर की मजबूती से मिलेगा बल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**छह** भारतीय आईटी सेक्टर के लिए मैक्रो इकोनॉमिक माहौल पिछले दो साल की तुलना में कहीं बेहतर स्थिति में है, जिससे 2025 में इस सेक्टर के पुनरुद्धार होने की उम्मीद की जा रही है। बीएनपी पारिबा इंडिया की 'इंडिया आईटी सर्विसेज 2025' रिपोर्ट में कहा गया कि 'फेड की ब्याज दरों में कटौती' अब एक उम्मीद नहीं रह गई है, बल्कि यह अच्छी तरह से चल रही है।



मुद्रास्फीति नियंत्रण में है और अमेरिकी चुनाव पीछे छूट गए हैं। साथ ही नए प्रशासन को व्यापार के अनुकूल माना जा रहा है। आईटी और ऑटो के विश्लेषक कुमार राकेश ने कहा कि बीएनपीपीई इक्विटी स्ट्रैटेजी टीम की ओर से 2025 के लिए हाइलाइट किए गए कुछ विषय, जो हमें लगता है कि भारतीय आईटी सर्विस सेक्टर की मदद करेंगे, उनमें डॉलर की मजबूती, इन्वेंट्री रीस्टॉकिंग और रिटेल कंज्यूमर फ्रेंडली थीम शामिल हैं। फेड ऐसे समय में दरों में कटौती कर रहा है, जब बाजार पहले से ही उच्च स्तर पर हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि ऐतिहासिक रूप से यह बाजार के लिए तेजी का संकेत रहा है। रिपब्लिकन की जीत के साथ, आगे राजकोषीय सहजता की संभावना है। डॉलर की मजबूती से 2025 में बेहतर स्थिति में भारतीय आईटी बेहतर स्थिति में होगा।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड कोर्ट में दाखिल की 4,590 पन्नों की चार्जशीट

**मुंबई।** मुंबई क्राइम ब्रांच ने एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) कोर्ट में 4,590 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। चार्जशीट में बाबा सिद्दीकी के मर्डर केस मामले में 26 आरोपियों को नामजद किया गया है। इसके अलावा, तीन आरोपियों जीशान अख्तर, शुभम लोनकर, अनमोल बिश्नोई को फरार बताया है। चार्जशीट में कई लोगों के बयान भी पुलिस ने दर्ज किए हैं। क्राइम ब्रांच की जांच के अनुसार, बाबा सिद्दीकी हत्या के तीन प्रमुख कारण हैं। पहला सलमान खान से करीबी, अनुज थप्पन की आत्महत्या का बदला या बिश्नोई गैंग का मुंबई में वर्चस्व स्थापित करना और अपना खौफ बढ़ाना। हत्या की इन तीन वजहों को स्थापित करने के लिए आरोपी शुभम लोनकर की फेसबुक पोस्ट को भी आधार बनाया है।

## इसरो ने नौ तक टाला स्पेडेक्स मिशन की डॉकिंग परीक्षण

**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने बताया कि उसने अपने स्पेडेक्स मिशन के तहत होने वाले डॉकिंग परीक्षण को फिलहाल टाल दिया है। दरअसल पहले यह परीक्षण सात जनवरी को होना था, लेकिन अब यह नौ जनवरी को किया जाएगा।



हालांकि, इसरो ने परीक्षण टालने की वजह का खुलासा नहीं किया है। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्पेडेक्स मिशन को भारतीय डॉकिंग तकनीक नाम दिया था। यह पूरी तरह से भारतीय मिशन है और भारत पहली बार डॉकिंग परीक्षण को अंजाम देने जा रहा है। डॉकिंग मिशन के तहत विशेष रूप से डिजाइन दो अंतरिक्षयानों को पृथ्वी की निचली कक्षा में जोड़ा जाएगा। अभी तक केवल रूस, अमेरिका और चीन ने ही इस जटिल तकनीक में महारत हासिल की है और किसी भी देश ने इस मिशन की पेचीदियां को साझा नहीं किया है। अब भारत अपने दम पर इस उपलब्धि को हासिल करने की तैयारी कर रहा है। करीब 28,800 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से यात्रा कर रहे दोनों अंतरिक्षयानों को जोड़ा जाएगा।

## स्पोर्ट्स विंडो

### एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता बहादुर सागू बनेंगे एएफआई प्रमुख

**चंडीगढ़।** एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता शॉटपुट खिलाड़ी बहादुर सिंह सागू को मंगलवार को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की आमसभा की सालाना बैठक में अध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना जाना तय है, जो लंबे समय से इस पद पर बने आदिले सुमरिवाला की जगह लेंगे। 51 वर्ष के सागू ने 2002 बुसान एशियाई खेलों में शॉटपुट में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2000 और 2004 ओलंपिक खेलों में भी भाग लिया। वह एथलीट आयोग प्रतिनिधि के तौर पर निवर्तमान कार्यकारी परिषद के सदस्य भी हैं।

### सुपरस्टार कल्चर से आगे नहीं बढ़ पा रही टीम : हरभजन सिंह

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व स्पिनर हरभजन सिंह ने बीसीसीआई से टीम में 'सुपरस्टार कल्चर' खत्म करने और खिलाड़ियों का चयन



साख पर नहीं बल्कि पूरी तरह से प्रदर्शन के आधार पर करने का अनुरोध किया है। एक दशक में पहली बार भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में हार के बाद हरभजन ने यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा, '' टीम में सुपरस्टार कल्चर बन गया है। हमें सुपरस्टार नहीं चाहिए, अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी चाहिए। टीम में अच्छे परफॉर्मर होंगे तो ही टीम आगे बढ़ेगी। जो भी सुपरस्टार बनना चाहता है, वह घर में रहकर वहीं क्रिकेट खेले।''

### अभिषेक बच्चन यूरोपीय टी-20 प्रीमियर लीग में टीम के सह मालिक बने

**डबलिन।** यूरोप में क्रिकेट को बढावा देने के लिए शुरू की जा रही निजी स्वामित्व वाली यूरोपीय टी-20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में



मशहूर अभिनेता और खेलप्रेमी अभिषेक बच्चन एक टीम के सह मालिक बन गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से मान्यता प्राप्त यह लीग स्कॉटलैंड, आयरलैंड और नीदरलैंड की भागीदारी के साथ शुरू हो रही है और इसका पहला सत्र 15 जुलाई से तीन अगस्त 2025 के बीच खेला जाएगा। इसमें इन तीन देशों के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी दुनिया भर के नामचीन खिलाड़ियों के साथ यूरोपीय शैली में खेलेंगे। लीग की निदेशक प्रियंका कौल ने बताया कि पहले सत्र में छह टीमें डबलिन, बेलफास्ट, एम्सटर्डम, रोटरडम, एडिनबर्ग और ग्लासगो खेलेंगी। उन्होंने बताया कि यह टूर्नामेंट दुनिया भर के दर्शकों तक पहुंचेगा, जिसमें यूरोप, भारत, आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड जैसे प्रमुख बाजार शामिल हैं।

### छह वर्षीय रेयांश खामकर ने रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज कराया

**ठाणे।** ठाणे के छह वर्षीय रेयांश खामकर ने समुद्र में 15 किलोमीटर की दूरी पूरी करने वाले सबसे कम उम्र के तैराक बनकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। रेयांश ने विजयदुर्ग में मालपे जेट्टी से वाघोटन जेट्टी तक की 15 किलोमीटर की दूरी तीन घंटे में पूरी की। उनकी इस उपलब्धि को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में जगह मिली है। रेयांश स्टारफिश स्पोर्ट्स फाउंडेशन में कोच कैलाश अखाड़े से कोचिंग लेते हैं।महाराष्ट्र के सांस्कृतिक मामलों और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ए. आशीष शेलार, ठाणे जिला एमेच्योर तैराकी संघ के अध्यक्ष निरंजन डावखरे और महाराष्ट्र राज्य एमेच्योर तैराकी संघ के उपाध्यक्ष राजेश मोरे ने इस युवा तैराक को बधाई दी।

# भारतीय टेस्ट टीम का भविष्य: बल्लेबाजी से ज्यादा चिंताजनक स्थिति गेंदबाजी की

**एजेंसी, सिडनी**

बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में आसानी से घुटने टेकने के बाद भारतीय बल्लेबाजों का प्रदर्शन सवालों के घेरे में है, लेकिन वैकल्पिक खिलाड़ियों की सूची देखे तो यह पता चलता है कि टीम के भविष्य के लिए बल्लेबाजी से ज्यादा चिंताजनक स्थिति गेंदबाजी को लेकर है। बल्ले से खराब प्रदर्शन के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज विराट कोहली का टेस्ट भविष्य अधर में लटक गया है। राष्ट्रीय चयन समिति के पास इन दोनों की जगह लेने के लिए कुछ अच्छे विकल्प मौजूद है।

बात जब गेंदबाजी की आती है और खासकर तेज गेंदबाजी की तो बदलाव के दौर से गुजर रही टीम की स्थिति ज्यादा उत्साहजनक नहीं दिख रही है। टीम को जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद शमी और इशांत शर्मा जैसी गेंदबाजों को तैयार करने में काफी समय लग सकता है। मौजूदा गेंदबाज अपना सर्वश्रेष्ठ करने की कोशिश कर रहे है, लेकिन उनका प्रदर्शन कही से भी इन तीनों नामों के करीब नहीं है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुमराह को दूसरे छोर से साथ नहीं मिला, जिससे उनका कार्यभार काफी बढ़ गया। वह पीठ में



फाइल फोटो

चोट होने के कारण टीम के लिए निर्णायक 5वें टेस्ट की दूसरी पारी में गेंदबाजी नहीं कर सके।

मोहम्मद सिराज 36 टेस्ट खेलने के बाद भी मैच का रुख बदलने वाले गेंदबाज नहीं बन पाए हैं। प्रसिद्ध कृष्णा के पास अच्छी गति है, लेकिन वह लगातार सही लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी करने में विफल रहते हैं। आकाश दीप और मुकेश कुमार के पास कौशल है, लेकिन खेल के शीर्ष स्तर पर खुद को साबित करने का उन्हें अभी पर्याप्त मौके नहीं मिले हैं। रणजी सर्किट में भी देखे तो चयनकर्ताओं के पास इस मामले में अच्छे विकल्प की कमी है। सबसे बड़ी समस्या बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की है। अर्शदीप सिंह सीमित ओवरों को खुद को साबित कर चुके हैं, लेकिन लाल गेंद से उतने प्रभावी नहीं रहे हैं। यश दयाल और खलील अहमद भी विश्वास हासिल करने वाला प्रदर्शन करने में नाकाम रहे हैं।

जब बल्लेबाजी की बात आती है तो इसमें कुछ अच्छे विकल्प मौजूद है। अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति हालांकि रणजी ट्रॉफी सत्र के अंत तक कुछ भी तय नहीं करेगी। चयन समिति अगर रोहित और कोहली से टीम से बाहर करने का फैसला करती है या दोनों संन्यास की घोषणा करते हैं तो टीम में इन दो स्थानों के लिए दावेदारी करने वाले कम से कम छह बल्लेबाज तैयार है।

इसमें सबसे प्रमुख दावेदार तमिलनाडु के बी साई सुदर्शन हो सकते हैं। टीम में बाएं हाथ के एक और विकल्प देवदत्त पडिक्कल है। अभिमन्यु ईश्वरन तीन साल से टीम में हैं, लेकिन भारतीय क्रिकेट जगत में यह धारणा है कि वह दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया देशों में बड़ी चुनौतियों के लिए तैयार नहीं हैं। सरफराज खान की तेज गेंदबाजों के खिलाफ कमजोरी जगजाहिर है। टेस्ट टीम में जगह के लिए जो तीन नाम सबसे बड़े दावेदार है उनमें चन्नई सुपरकिंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़, तीन टेस्ट का अनुभव रखने वाले रजत पाटीदार और मुंबई के श्रेयस अय्यर शामिल है।

**हरमनप्रीत, रेणुका को मिला विश्राम**

# मंधाना को आयरलैंड के खिलाफ टीम की कमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम दिए जाने के बाद अनुभवी सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना को आयरलैंड के खिलाफ इस महीने खेली जाने वाली तीन मैचों की घरेलू वनडे सीरीज के लिए सोमवार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का कप्तान बनाया गया है। बीसीसीआई ने सोमवार को तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर को भी विश्राम देने की घोषणा की। आयरलैंड के खिलाफ तीन मैचों की भारतीय महिला टीम पिछले महीने वेस्टइंडीज को 2-1 से हराकर पांच साल में अपनी पहली बार घरेलू सरजमीं पर टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में जीत दर्ज की। टीम ने इसके बाद वनडे सीरीज में वेस्टइंडीज को 3-0 से शिकस्त दी।

इस जीत से आयरलैंड के खिलाफ टीम का हौसला काफी बढ़ा हुआ होगा। सीमित ओवर की इन सीरीज में 28 साल की मंधाना शानदार लय में थी। उन्होंने टी-20 में लगातार तीन अर्धशतक जड़ने के बाद एकदिवसीय में भी दो अर्धशतकीय पारियां खेली।



### भारतीय महिला टीम

स्मृति मंधाना (कप्तान), दीप्ति शर्मा (उपकप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), तेजल हसबनिस, राघवी बिस्ट, मिन्नू मणि, प्रिया मिश्रा, तनुजा कंवर, टिटास साधु, साइमा ठकोर, सयाली सतघरे।

### सीरीज का कार्यक्रम

पहला एकदिवसीय : 10 जनवरी
दूसरा एकदिवसीय : 12 जनवरी
तीसरा एकदिवसीय : 15 जनवरी

## पुतड़ियाल में खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**



नेहरू युवा केंद्र के सौजन्य तथा युवक मंडल पुतडियाल द्वारा खंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यातिथि स्थानीय पंचायत उपप्रधान संजीव कुमार रहे। युवक मंडल के प्रधान मनोज कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता की विजेता रहने वाली टीम जिला स्तर पर भाग लेंगे।

खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्यातिथि थाना प्रभारी नादौन निर्मल सिंह रहे। खेलों में विजेता रही टीमों को युवक मंडल की तरफ से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इसमें स्पोर्ट्स क्लब रंगस कबड्डी में विनर व रस्साकसी में द्वितीय स्थान पर रहा। यूथ क्लब पुतड़ियाल बैडमिंटन व कबड्डी में द्वितीय स्थान पर रहा। इस मौके पर बरधियाड पंचायत उपप्रधान गोविंद, विजय, सुनील मनीष, विल्सन, संटी, अन्नु आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## किरण जाधव ने लक्ष्य कप में एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता

**मुंबई।** नौसेना के किरण जाधव ने कई जाने-माने निशानेबाजों को पछाड़ते हुए यहां 15वें लक्ष्य कप आमंत्रण टूर्नामेंट में 10 मीटर एयर राइफल का स्वर्ण पदक जीता।

वर्ष 2018 से हर बार फाइनल में जगह बनाने वाले 29 साल के जाधव ने 251.7 अंक के साथ पहली बार खिताब जीता।

जाधव ने महाराष्ट्र के गजानन खानदागले (250.9) और महाराष्ट्र के ही मोहित गौड़ा (229.3) को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता।

पेरिस ओलंपिक के फाइनल में जगह बनाने वाले रेलवे के अर्जुन बबूता खिताब के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे लेकिन वह 208.2 अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे।

## 68 वीं कुराश नेशनल स्कूल गेम्स में हिमाचल ने जीते 10 पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

68वीं कुराश नेशनल स्कूल गेम्स में हिमाचल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 2 स्वर्ण सहित कुल 10 पदक जीते। आर्यन ने 60 किग्रा भार वर्ग में व तान्या ने 63 किग्रा भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जबकि 81 किग्रा भार वर्ग में सिद्धार्थ ठाकुर को रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

दीपांशी धुली (48 किग्रा), गौरव (60 किग्रा, आरव (55 किग्रा), अक्षित (66 किग्रा), सार्थक (73 किग्रा), आदित्य ठाकुर (+81 किग्रा) और याशिका शर्मा (70 किग्रा) ने कांस्य पदक जीते।




हिमाचल स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉक्टर अमरजीत शर्मा व उपाध्यक्ष डॉक्टर हरीश कुमार सहित एडीपीईओ (हैडक्वार्टर) संतोष चौहान ने सभी पदक विजेताओं को बधाई व शुभकामनाएं दी।

